हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी


औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

शुक्ल पक्ष, श्रावण, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • रविवार • 15 सितंबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 276 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

सत्यमेव जयते



## वीर शहीदों की पावन भूमि झारखण्ड में

## श्री नरेन्द्र मोदी


मानानीय प्रधानमंत्री

जी का हार्दिक अभिनंदन
और जोहार

15 सितम्बर, 2024



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड



श्री संतोष कुमार गंगवार
माननीय राज्यपाल, झारखण्ड

PR No. 335846 / IPRD / 2024-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली की करंट से दो युवकों की मौत

**नीमचक बथानी।** खिजरसराय प्रखंड के पथरा गांव में एक साथ दो युवकों की मौत बिजली के तार की चपेट में आने से हो गई। मृतकों की पहचान 25 वर्षीय नीतीश कुमार एवं 17 वर्षीय प्रिंस कुमार के रुप में हुई है। जानकारी के अनुसार दोनों युवक मछली मारने के लिए पइन के पानी का निकास मोटर से कर रहे थे। पानी की निकासी के बाद दोनों मछली मारने के उद्देश्य से पानी में घुसे। पानी में पहले से ही बिजली प्रवाहित तार गिरा हुआ था। पानी में घुसते ही दोनों युवक उसकी चपेट में आ गए। सड़क किनारे से जा रहे राहगीर ने जब देखा तो हल्ला किया। इसके बाद ग्रामीण एवं स्वजन जुटे और दोनों युवकों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, खिजरसराय ले गए। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

### बस की टक्कर से बाइक सवार दो जख्मी

**करायपरसुराय।** थाना क्षेत्र के हुडाड़ी गांव के समीप गुरुवार की शाम बस पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दो युवक जख्मी हो गया। जख्मी श्रवण कुमार और पवन को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। बस हिलसा की ओर जा रही थी। उसी दौरान हादसा हुआ। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि घटना की सूचना के बाद पुलिस एंबुलेंस से जख्मी को अस्पताल ले गई।

### 99 निजी स्कूलों रजिस्ट्रेशन रद्द करने की कार्रवाई शुरू

**बिहारशरीफ।** शिक्षा विभाग द्वारा बार-बार निर्देश के बावजूद कई निजी स्कूल संचालक नियम-कानून का पालन नहीं कर रहे हैं। जिले के मान्यता प्राप्त 99 निजी स्कूलों द्वारा विभागीय निर्देश के बावजूद आधार बेस्ड इनरोलमेंट की इंट्री अभी तक शुरू नहीं की गई हैं। जबकि इसके लिए कार्यालय के द्वारा कई बार आदेश जारी किया गया हैं। अब इन स्कूलों का रजिस्ट्रेशन रद्द करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई हैं। डीईओ राज कुमार ने शून्य इनरोलमेंट वाले इन स्कूलों का यू-डायस कोड व रजिस्ट्रेशन रद्द करने को लेकर प्राथमिक शिक्षा निदेशक को पत्र लिखा है। इन निजी स्कूलों के द्वारा एक भी छात्र की इंट्री नहीं की गयी है। ऐसे में यह सवाल भी खड़ा हो रहा है कि मानक के अनुसार ये स्कूल चल भी रहे हैं या नही।

### 70 लाख के चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार



**गया।** बोधगया पुलिस ने खुफिया इनपुट पर 70 लाख रुपए के चरस बरामद किए है। साथ ही में एक धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई शुक्रवार को बोधगया थाने की पुलिस और एसएसबी के जवानों ने संयुक्त रूप से की। पुलिस और एसएसबी 29वीं वाहिनी के अधिकारियों को सूचना मिली कि इंडस्ट्रियल एरिया में चरस के साथ एक तस्कर गुजर रहा है। एसएसबी के अधिकारियों ने एसएसपी से सूचना साझा की। सूचना मिलते ही जिला हरकत में आई। बोधगया थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह की अगुआई में पुलिस की टीम बोधगया इंडस्ट्रियल एरिया में छापेमारी की। पुलिस को देखते ही स्कूटी सवार धंधेबाज भागने लगा। सुरक्षाबलों ने पीछा कर उसे धर दबोच लिया। जब उसकी तलाश ली गई तो स्कूटी के डिक्की से 11 पैकेट चरस निकला। बाजार में अनुमित मूल्य करीब 70 लाख रुपए बताया जा रहा है। उक्त घटना की जानकारी एसएसपी आशीष भारती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके दी। एसएसपी ने बताया कि पकड़ा गया धंधेबाज मगध मेडिकल थाना इलाके के सियाड़ी गांव का रहने वाला देव शक्ति कुमार है। पकड़ाया गया व्यक्ति के पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि स्कूटी की डिक्की में एक झोला में 11 पैकेट बनाकर चरस रखा हुआ था। जिसकी 5588.5 ग्राम है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि अपने दोस्त के साथ मिलकर चरस की खरीद-बिक्री करता है। इसमें शामिल अन्य धंधेबाजों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है।

### पानी भरे गड्ढे में डूबने से बुजुर्ग की मौत




**नालंदा।** नालंदा के बेन थाना क्षेत्र अंतर्गत लालगंज गांव के समीप पानी भरे गड्ढे में डूबने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई है। मृतक की पहचान बेन थाना क्षेत्र के सरही गांव निवासी स्वर्गीय रामनाथ पंडित के (62) वर्षीय पुत्र सुरेश पंडित के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि शुक्रवार को बुजुर्ग बाजार गए थे। लौटने के क्रम में यह हादसा हुआ। परिवार वालों को लगा कि वह अपने बड़े बेटे के यहां रात में रुक गए होंगे लेकिन जब वह सुबह भी नहीं लौटे तो उनकी खोजबीन की जाने लगी। गांव के एक युवक ने शनिवार को बाजार जाते समय लालगंज के समीप सड़क किनारे पानी में बुजुर्ग का शव देखा और इसकी सूचना घरवालों को दी। तब जाकर घटना का खुलासा हुआ।

**बड़ी गाड़ी जाने के क्रम में हादसा की आशंकाः** परिजनों ने आशंका जताया है कि कोई बड़ी गाड़ी जा रही होगी तभी वह सड़क के किनारे उतर गए और उनका पैर फिसला जिसके कारण पानी भरे गड्ढे में वह गिर गए होंगे। अंधेरा होने के कारण किसी की नजर नहीं पड़ी और डूबकर उनकी मौत हो गई। मामले को लेकर बेन थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने बताया कि शव मिलने की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पानी भरे गड्ढे से शव को निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। यूडी केस दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

### टीपीटीएस टेक्निक से किया कलाई का ऑपरेशन

**बिहारशरीफ।** हड्डी से संबंधित गम्भीर बीमारी का इलाज के लिए जिले में नई तकनीक का प्रयोग किया जाने लगा है। विकास मेमोरियल हड्डी अस्पताल में ऐसे ही एक मरीज का टीपीटीएस टेक्निक से टूटी हुई कलाई का सफल ऑपरेशन किया गया। डॉ. सुबोध कुमार ने बताया कि कुछ ऐसे भी मरीज होते हैं जिनके शरीर में काफी कम खून बनता है या उम्र अधिक रहने के कारण चीर-फाड़ नहीं किया जा सकता है। ऐसे मरीजों के हड्डी जोड़ने के लिए इस टेक्निक का प्रयोग किया जाता है। पहले पटना या दूसरे शहर जाना पड़ता था लेकिन यह सुविधा अब बिहारशरीफ में उपलब्ध है। बड़े शहरों की तुलना में यहां काफी कम खर्च पर इलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे चिकित्सा के क्षेत्र में भी आधुनिक टेक्नोलॉजी का प्रयोग हमारे शहर में होने लगा है। इसलिए हड्डी से किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान के लिए पहले स्थानीय विशेषज्ञ चिकित्सकों परामर्श जरूर लेनी चाहिए।



# बाइक को टक्कर मार कर बाउंड्री से टकराई स्कूल वैन

## गया में युवक,महिला समेत 5 बच्चे जख्मी, वाहन जब्त, हिरासत में चालक

निज संवाददाता। गया

गया के फतेहपुर थाना क्षेत्र के धरहरा कलां गांव के समीप तेज रफ्तार स्कूल वैन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इससे बाइक पर सवार युवक समेत एक बच्ची और एक महिला गंभीर रूप से घायल है। स्कूल वाहन में सवार 5 बच्चे भी गंभीर रूप से घायल हो गए है। मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक और वैन को जब्त कर लिया है। साथ ही चालक को हिरासत में लिया है। बाइक सवार युवक धरहरा गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। घायलों को सीएचसी फतेहपुर में भर्ती कराया गया है। जहां से करीब 3 बच्चे को गया रेफर कर दिया गया है। स्कूल वैन मिलेनियम मॉर्डन स्कूल की बताई जा रही है। घटना से हडकंप मचा है। हर कोई अपने-अपने बच्चे की चिंता में परेशान है। पुलिस ने बाइक और वैन को कब्जे में ले लिया है। साथ ही मामले की जांच में जुट गई है।



**बाइक के उड़े परखच्चेः** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूल वाहन बहुत तेज गति से पहाड़पुर की ओर से आ रहा था। वहीं, विपरीत दिशा से आ रही बाइक सवार को जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। टक्कर मारने के बाद स्कूल वैन सड़क किनारे एक मकान के बाउंड्री से टकरा गई। इस वजह से वैन पर सवार कई बच्चे गंभीर रूप में घायल हो गए।

**वैन व बाइक को पुलिस ने किया जब्तः** स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सीएचसी फतेहपुर में भर्ती कराया गया है। डीएसपी सुनील कुमार पांडे ने बताया कि घटना की सूचना पर फतेहपुर पुलिस की टीम मौके के लिए रवाना हो गई। वैन व बाइक को जब्त कर लिया है। चालक को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# 11 दिन थाना से बाहर रहती है गणेश की प्रतिमा

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा के सिलाव में गणेश उत्सव को लेकर एक अनोखी परंपरा है। यहां 20 सालों से गणेश चतुर्थी पर थाना परिसर से गणपति की प्रतिमा निकालकर शहर में लाई जाती है। इसको बुढ़वा गणेश की पूजा कहते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, बुढ़वा गणेश की मूर्ति बेशकीमती संगमरमर से बनी है। इस मूर्ति को लेकर कई रोचक किस्से प्रचलित हैं। स्थानीय बुजुर्ग बाल गोविंद राम ने बताया कि "यह मूर्ति इतनी मूल्यवान है कि कई बार मूर्ति तस्करों ने इसे चुराने की कोशिश की। लेकिन हर बार वे असफल रहे। पहले बुढ़वा गणेश की मूर्ति को श्याम सरोवर ठाकुरबाड़ी के राधाकृष्ण मंदिर में रखा जाता था। लेकिन बार-बार चोरी के प्रयासों के कारण गांव के लोगों ने करीब 20 साल पहले एक महत्वपूर्ण फैसला लिया। उन्होंने मूर्ति को सिलाव थाना परिसर में बने एक मंदिर में स्थापित करने का फैसला किया। साल के 354 दिन गणपति भगवान थाना परिसर में बने मंदिर में पुलिस की निगरानी में रहते हैं। अब हर साल गणेश चतुर्थी के दिन बुढ़वा गणेश की मूर्ति को थाने से लाकर सिलाव बाजार स्थित सब्जी चौक के पास स्थापित किया जाता है। यहां 11 दिनों तक भक्तजन पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हैं। गणेश विसर्जन के दिन मूर्ति को फिर से थाने में वापस ले जाया जाता है। इस साल भी यह परंपरा जारी है। स्थानीय निवासी संजीव प्रसाद भदानी ने कहा कि यह हमारी संस्कृति का एक अहम हिस्सा है। बुढ़वा गणेश की पूजा हमें एकता और सुरक्षा का संदेश देती है। यह अनोखी परंपरा न केवल धार्मिक महत्व रखती है। बल्कि सामुदायिक एकता का भी प्रतीक है। सिलाव के लोग इस परंपरा को बड़े गर्व से निभाते हैं और आने वाली पीढ़ियों तक इसे पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रतिमा करीब 100 साल से अधिक पुरानी है।

**साल के 354 दिन पुलिस की निगरानी में रहतें हैं भगवान**

## जहां 200 छात्र खड़े नहीं हो सकते, वहां बनाया 500 बच्चों का परीक्षा केंद्र

निज संवाददाता। गया




आगामी बुधवार से प्रारंभिक स्कूलों में शुरू होने वाले अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन 2024 के सफल आयोजन और इसकी पवित्रता बनी रहे इसके लिए विभाग ने डीईओ और डीपीओ को छह पेज के एसओपी जारी किए हैं। लेकिन विभागीय आदेश के क्रियान्वयन की खानापूरी अधिकारी किस तरह करते हैं वह गया जिले में इस परीक्षा के लिए बनाए गए सेंटर से पता चलता है। जहां 200 लोग ठीक से खड़े भी नहीं हो सकते हैं उस स्कूल में 515 बच्चों का सेंटर बना दिया गया है। संबंधित विद्यालय में ना तो शौचालय है और ना ही बिजली। चापाकल का पानी भी रूक-रूक कर निकलता है। गया में पितृपक्ष मेला के चलते 17 विद्यालयों में यात्रियों के लिए आवासन स्थल बनाया गया है। जिसके चलते इन विद्यालयों के बच्चों की परीक्षा के लिए दूसरे विद्यालय में सेंटर बनाया गया है। जहां सेंटर बनाया गया है वहां कई विद्यालय अपने बच्चों की परीक्षा भी विभागीय गाइड लाइन के अनुसार नहीं ले सकते हैं, तो दूसरे विद्यालय के बच्चों की परीक्षा कैसे होगी? गाइड लाइन के मुताबिक दो परीक्षार्थियों के बीच की दूरी कम से कम दो फीट रहनी चाहिए। बता दें कि राज्य के सभी सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक विद्यालयों में अध्ययनरत वर्ग एक से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं का अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन किया जाना है। राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा परीक्षा की रूटीन और गाइड-लाइन जारी किया गया है। साथ ही प्रश्न-उत्तर पुस्तिका भी राज्य ने ही उपलब्ध कराए हैं। गया में पांच लाख से अधिक बच्चों का मूल्यांकन होगा। डायट कैंपस में संचालित अभ्यास मिडिल स्कूल में यात्रियों का आवासन है। जिसके चलते यहां के 400 बच्चों का मूल्यांकन स्वतंत्र मध्य विद्यालय में किया जाना है। स्वतंत्र मध्य विद्यालय, पंचायती अखाड़ा में 115 बच्चे हैं।

# गया में 3 युवकों की दम घुटने से मौत

## कुएं की सफाई के लिए उतर थे तीनों, आपदा विभाग को घटना की दी गई जानकारी

निज संवाददाता। गया

गया में शुक्रवार को 3 युवकों की कुएं में दम घुटने से मौत हो गई। सफाई करने वक्त तीनों की जहरीली गैस की वजह से जान चली गई। घटना गया के वजीरगंज प्रखण्ड के चकसेव गांव की है। मरने वालों की पहचान ललन कुमार, टिंकू पांडे, स्वास कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि एक युवक पहले कुएं में सफाई करने के लिए उतरा था। उसकी हालत खराब होता देख, बचे अन्य दो लड़के कुएं में उतरे। तीनों की दम घुटने से मौत हो गई।



**खेत पटवन के लिए कुएं का सफाई करने उतरे थे युवकः** घटना के बारे में बताया जा रहा है कि शुक्रवार 13 सितंबर को खेत का पटवन करने के लिए 3 युवक कुएं के पास पहुंचे थे। वहां, एक युवक कुएं में पहले सफाई करने के लिए उतरा। इस दौरान उसकी हालत खराब होने लगी। उसका दम घुटने लगा। हालत गंभीर देख कुएं के बाहर मौजूद दो अन्य युवक उसे बचाने के लिए कुएं में उतर गए। इसके बाद जहरीली गैस के कारण इन दोनों का भी दम घुटने लगा। ऐसे में तीनों की कुएं में दम घुटने से मौत हो गई।

**पुलिस की मौजूदगी में शव को निकाला गया बाहरः** हादसे के बाद गांव के लोगों को घटना की जानकारी मिली। उन्होंने डायल 112 की पुलिस टीम को घटना की जानकारी दी। इसके बाद शवों को बाहर निकाला गया। तीनों को वजीरगंज CHC लाया गया। जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

**आपदा विभाग को घटना की जानकारी दी गईः** DSP सुनील कुमार पांडे ने बताया कि इस मामले में वजीरगंज पुलिस कार्रवाई कर रही है। पोस्टमॉर्टम के लिए शवों को भेजा गया है। संबंधित मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक तीनों लड़कों की मौत कुएं की सफाई के लिए उतरने की वजह से हो गई है। घटना की सूचना प्रखण्ड कार्यालय और आपदा विभाग को भी दी गई है।

# गया में 2 हिस्से में बंटी ट्रेन, मालगाड़ी की टूटी कपलिंग रेलवे क्रॉसिंग के दोनों तरफ वाहनों की लगी कतार

निज संवाददाता। गया




गया-कोडरमा रेलखंड के पहाड़पुर रेलवे स्टेशन पर शनिवार को कपलिंग टूटने से मालगाड़ी दो हिस्सों में बंट गई। ट्रेन का एक भाग कुछ दूर तक चला गया। जबकि, दूसरा छोड़ पीछे ही रह गया। इस कारण रेलवे क्रॉसिंग के दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। मालगाड़ी के 2 हिस्से में बंटने के बाद लोको पायलट को मामले की जानकारी हुई। इन्होंने इस बात की सूचना वरीय अधिकारियों को दी। उन्होंने इसकी सूचना स्टेशन मास्टर और कंट्रोल रूम को दी। इस दौरान लगभग 20 मिनट तक मालगाड़ी स्टेशन पर खड़ी रही। मालगाड़ी कोडरमा से गया की तरफ जा रही थी। करीब 20 मिनट के बाद मालगाड़ी को आगे के लिए रवाना किया गया।

**रेलवे क्रॉसिंग के दोनों तरफ वाहनों की लगी कतारः** मालगाड़ी के दो हिस्सों में बंटने का अन्य ट्रेनों के परिचालन पर कोई असर नहीं पड़ा है। लेकिन, रेलवे क्रॉसिंग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लगी। गेट खुलने तक वाहन के यात्री को दिक्कत झेलनी पड़ी। खास बात यह है कि पहाड़पुर रेलवे स्टेशन क्रासिंग के निकट अक्सर इस तरह की समस्या होते रहती है। कभी ट्रेन का डिरेल होना, कभी कपलिंग का टूटना, तो कभी मेंटेनेंस की वजह से इस सड़क से गुजरने वाले स्थानीय व बाहरी लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**अन्य ट्रेनों के परिचालन में नहीं हुई परेशानीः** स्टेशन मास्टर उमेश प्रसाद ने बताया कि ट्रेन के कपलिंग टूटने से किसी प्रकार की कोई समस्या अन्य ट्रेनों के परिचालन में नहीं आई है। करीब आधे घंटे के अंदर ही समस्या को दूर कर लिया गया। रेलवे फाटक को भी सुचारु कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि ट्रेन का कुछ हिस्सा फाटक के समीप था। इस वजह से कुछ देर के लिए परेशानी लोगों को उठानी पड़ी होगी।

# गया से हावड़ा के लिए कल से चलेगी वंदे भारत

निज संवाददाता। गया



यात्रियों की सुविधा को लेकर गया और हावड़ा के बीच अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन का शुभारंभ करेंगे। इसमें प्रधानमंत्री द्वारा गया और हावड़ा के बीच चलने वाली गाड़ी सं. 02304 गया-हावड़ा वंदे भारत उद्घाटन स्पेशल को हरी झंडी दिखाकर किया जायेगा। इस कार्यक्रम के लिए गया जंक्शन पर जोर-शोर से तैयारी चल रही है। जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या छह को सजाया जा रहा है और रेल ट्रैक का रंग-रोगन व साफ-सफाई का काम तेजी से किया जा रहा है।

## नालंदा में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का होगा आयोजन

निज संवाददाता। नालंदा

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा-नालंदा द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। प्रत्येक रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। जो स्थानीय नागरिकों के लिए एक वरदान साबित होगा। यह शिविर प्रत्येक रविवार सुबह 7 बजे से 9:30 बजे तक इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी भवन परिसर, बिहारशरीफ में आयोजित किया जाएगा। यह स्थान सदर अस्पताल के दक्षिण में स्थित है, जो आम जनता के लिए सुगम पहुंच प्रदान करता है। इस पहल के पीछे की प्रमुख शख्सियतों में शशांक शुभंकर, अध्यक्ष सह जिला पदाधिकारी, नालंदा; डॉक्टर संजय कुमार, उपाध्यक्ष सह सिविल सर्जन, नालंदा; और काजले वैभव नितिन, सचिव सह अनुमंडल पदाधिकारी, बिहारशरीफ शामिल हैं। स्थानीय निवासियों से बातचीत के दौरान, कई लोगों ने इस पहल की सराहना की। एक स्थानीय निवासी दामोदर मिस्त्री ने कहा कि "यह शिविर हमारे जैसे आम लोगों के लिए वरदान साबित होगा। यहां हम बिना किसी खर्च के अपनी स्वास्थ्य जांच करवा सकते हैं।" यह पहल न केवल लोगों को स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान करेगी, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी फैलाएगी।



## नालंदा विश्वविद्यालय में लगेगा फिलाटेली प्रदर्शनी, 18 और 19 सितंबर को होगा कार्यक्रम

**नालंदा।** प्राचीन ज्ञान की धरोहर नालंदा विश्वविद्यालय एक बार फिर से नवीनता के साथ चर्चा में है। 18 और 19 सितंबर को यहां एक अनोखा आयोजन होने जा रहा है, जो न केवल इतिहास को संजोएगा बल्कि वर्तमान की उपलब्धियों को भी प्रदर्शित करेगा। नालंदा डाक प्रमंडल की ओर से विश्वविद्यालय परिसर में दो दिवसीय जिलास्तरीय फिलाटेली प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक घटना है। नालंदा डाक प्रमंडल के अधीक्षक कुंदन कुमार ने आयोजन के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया, "यह पहली बार है जब नालंदा विश्वविद्यालय में इस तरह का कार्यक्रम हो रहा है। यह न केवल डाक विभाग के लिए, बल्कि विश्वविद्यालय के लिए भी गर्व का क्षण है।" उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी को यादगार बनाने के लिए डाक विभाग पूरी तत्परता से काम कर रहा है। प्रदर्शनी के दौरान एक विशेष आकर्षण होगा। नालंदा विश्वविद्यालय के विशेष कवर का विमोचन। यह कवर न केवल संग्रहकर्ताओं के लिए एक अनमोल वस्तु होगा, बल्कि विश्वविद्यालय के गौरवशाली इतिहास और वर्तमान महत्व का भी प्रतीक होगा। फिलाटेली राष्ट्रीय धरोहरों और घटनाओं को स्मरण करने का माध्यमः फिलाटेली राष्ट्रीय धरोहरों और घटनाओं को स्मरण करने, मनाने और उसे प्रोत्साहित करने का एक माध्यम है। इसमें डाक टिकट व अन्य माध्यमों से हम अपने देश- दुनिया को देख व समझ सकते हैं। यह किसी डाक प्रशसान की ब्रांड छवि है और देश की संप्रभुता की अभिव्यक्ति है। कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों के शामिल होने की संभावनाः इस महत्वपूर्ण आयोजन में कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों के शामिल होने की संभावना है। सांसद कौशलेन्द्र कुमार, राजगीर विधायक कौशल किशोर, बिहार सर्किल के सीपीएमजी अनिल कुमार, भागलपुर पीएमजी मनोज कुमार, जिलाधिकारी शशांक शुभंकर, और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों के उपस्थित रहने की उम्मीद है।

**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई—निविदा प्रकाशन सूचना**

**ई—निविदा सं० — ईसीआर—कवच—ओटी—1**

महाप्रबन्धक/संकेत एवं दूर संचार/हाजीपुर द्वारा निम्न कार्य हेतु भारत के राष्ट्रपति के ओर से ई—निविदा आमंत्रित करते हैं। **(क) कार्य का नाम एवं स्थान :—** पूर्व मध्य रेल के 502.2 आरकेएम में कम घनत्व वाले रेलवे ट्रैक पर कवच (स्वदेशी ट्रेन टक्कर बचाव प्रणाली) की व्यवस्था। **(ख) अनुमानित लागत :** रूपये 2452949969.95 (रूपये दो सौ पैतालीस करोड़ उनतीस लाख उन्चास हजार नौ सौ उनहत्तार एवं पन्चानब्बे पैसा मात्र)। **(ग) अग्रधन जो जमा करना है :** रूपये 10000000.00 (रूपये एक करोड़ मात्र) एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य :— रूपये 0/— (रूपये शून्य मात्र), **(घ) निविदा फार्म अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय :** 28.10.2024 पूर्वाह्न 12:00 बजे तक निविदा खोलने की तिथि एवं समय 28.10.2024 अपराह्न 12:30 बजे के बाद। **(ड.)** ई—निविदा का पूर्ण विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है, यदि निविदा दस्तावेज/खोलने/बंद होने की तिथि में कोई परिवर्तन होगा तो इसे www.ireps.gov.in पर अपलोड किया जाएगा। रेलवे प्रशासन के द्वारा निविदा को किसी भी समय रद्द/स्थगन या परिवर्तन बिना कारण बताए हुए करने का अधिकार सुरक्षित है।

**उप मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर (योजना)**
**पूर्व मध्य रेल/हाजीपुर**
**पीआर/01127/एचक्यू/एस&टी/टी/24—25/36**

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित





मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, श्रावण, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • रविवार • 15 सितंबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 276 • पृष्ठ 12


## किसानों को फसल का उचित दाम दिलाने के लिए निर्यात बढ़ा रही है सरकार : अमित शाह

एजेंसी | नयी दिल्ली

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार किसानों को उनकी फसल का उचित दाम दिलाने के लिए निर्यात बढ़ा रही है। श्री शाह ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि किसान हित सर्वोपरि रखते हुए मोदी सरकार ने तीन महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं पहला प्याज पर न्यूनतम निर्यात मूल्य हटाना और निर्यात शुल्क को 40 प्रतिशत से 20 प्रतिशत करना। इससे प्याज का निर्यात बढ़ेगा, जिससे प्याज उत्पादक किसानों की आय में वृद्धि होगी। दूसरा सरकार ने बासमती चावल पर भी निर्यात मूल्य समाप्त



करने का निर्णय लिया है, जिससे बासमती चावल के उत्पादक किसान इनका निर्यात करके अधिक मुनाफा प्राप्त कर पाएंगे। तीसरा सरकार ने कच्चे पाम, सोया और सूरजमुखी तेलों के आयात में ड्यूटी को 12.5 प्रतिशत से 32.5 प्रतिशत बढ़ाने व इनके रिफाइंड तेलों पर ड्यूटी को 13.75 प्रतिशत से 35.75 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। इससे भारत के सोयाबीन के किसानों को उनकी फसल का बेहतर दाम मिलेगा और उनकी आय बढ़ेगी।

### हिन्दी की स्वीकार्यता को बढाने की कार्य योजना आगे बढ रही है : शाह

**नयी दिल्ली (ए.)।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि देश में तकनीकी शिक्षा सहित समूची शिक्षा प्रणाली और न्यायपालिका में हिन्दी की स्वीकार्यता बढाने की कार्य योजना को आगे बढाया जा रहा है और इसे संघर्ष के साथ नहीं बल्कि साहस के साथ आगे बढाने की जरूरत है।

श्री शाह ने रविवार को यहां राजभाषा हीरक जयंती समारोह और चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने राजभाषा हीरक जयंती के अवसर पर विशेष रूप से तैयार किए गए 'राजभाषा भारती' पत्रिका के हीरक जयंती विशेषांक का लोकार्पण किया। इस मौके पर हीरक जयंती को यादगार बनाने के लिए एक स्मारक डाक टिकट और स्मारक सिक्के का लोकार्पण भी किया गया। गृह मंत्री ने राजभाषा गौरव तथा राजभाषा कीर्ति पुरस्कार भी प्रदान किए।

## गया-हावड़ा और वाराणसी-देवघर वंदे भारत ट्रेनों का प्रधानमंत्री आज करेंगे शुभारंभ

निज संवाददाता | हाजीपुर

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, गया और हावड़ा के बीच अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हाई-स्पीड वंदे भारत ट्रेन का परिचालन 15 सितंबर 2024 को शुरू किया जाएगा। उद्घाटन के रूप में गाड़ी संख्या 02304 गया-हावड़ा वंदे भारत उद्घाटन स्पेशल ट्रेन सुबह 11:00 बजे गया से रवाना होगी और विभिन्न स्टेशनों पर रुकते हुए शाम 7:00 बजे हावड़ा पहुंचेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ऐतिहासिक क्षण का उद्घाटन करेंगे। यह ट्रेन नियमित रूप से 18 सितंबर 2024 से चलना





शुरू होगी, जिसमें हावड़ा से गाड़ी संख्या 22303 सुबह 6:50 बजे रवाना होगी और दोपहर 12:30 बजे गया पहुंचेगी। इसके वापसी में गाड़ी संख्या 22304 दोपहर 3:15 बजे गया से चलेगी और रात 9:05 बजे हावड़ा पहुंचेगी। यह ट्रेन गुरुवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलेगी। गया-नवादा-किउल मार्ग से वाराणसी और देवघर के बीच भी वंदे भारत ट्रेन का परिचालन 15 सितंबर 2024 को शुरू होने जा रहा है। उद्घाटन के रूप में गाड़ी संख्या 02249 बैधनाथधाम-वाराणसी वंदे भारत उद्घाटन स्पेशल सुबह 11:00 बजे बैधनाथधाम से रवाना होगी और रात 9:00 बजे वाराणसी पहुंचेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ट्रेन का उद्घाटन करेंगे, जो वाराणसी और देवघर के बीच अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ चलने वाली यह हाई-स्पीड ट्रेन होगी। 16 सितंबर 2024 से यह ट्रेन नियमित रूप से चलेगी, जिसमें गाड़ी संख्या 22500 वाराणसी से सुबह 6:20 बजे चलेगी और दोपहर 1:40 बजे देवघर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 22499 दोपहर 3:15 बजे देवघर से रवाना होगी और रात 10:30 बजे वाराणसी पहुंचेगी। यह ट्रेन मंगलवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलेगी। यह दोनों ट्रेनें यात्रियों को तेज और सुरक्षित यात्रा के साथ विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करेंगी, जिससे यात्रियों की यात्रा सुखद और सुविधाजनक बनेगी।

### झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा

## आने वाले पांच वर्ष में हर गरीब परिवार को देंगे एक लाख रुपए



निज संवाददाता | बोकारो

बोकारो जिला के ललपनिया फुटबॉल मैदान में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आने वाले पांच वर्ष में हर गरीब परिवार को एक लाख रुपये महीने देंगे। उन्होंने विपक्ष को निशाना बनाकर कहा कि विरोधियों से सावधान रहें, वे यहां के लोगों को धर्म और अन्य माध्यम से झगड़ा कराएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड की धरती वीर बिरसा मुंडा, सिधो कान्हो, विनोद बिहारी महतो की धरती है। यहां के लोग न गोली से न जेल जाने से डरने वाले हैं ।उन्होंने लोगों से कहा कि आपका समर्थन रहा तो वे हर परिस्थिति से लड़ने के लिए तैयार हैं।

### दूसरी किस्त की राशि की जारी

इस मौके पर मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना का दूसरे क़िस्त की राशि 322 करोड़ 5 लाख 54 हजार रुपए ऑनलाइन जारी किया। यहां मुख्यमंत्री ने कई योजनाओं का उद्घाटन स्विच ऑन करके किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य है कि लोगों को अपने दरवाजे पर जाकर सेवाएं प्रदान की जाए।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का पूरा प्रयास है कि आपके दरवाजे पर जाकर योजनाओं का लाभ दें। यह सरकार रांची से नहीं आपके दरवाजे से चलेगी। इस लिए सरकार सहित अधिकारी और कर्मचारी आपके घर पर योजनाओं का लाभ दे रहे हैं।

### सरकार के कई मंत्री हुए शामिल

मौके पर श्रम एवं परिवार कल्याण मंत्री सत्यानंद भोक्ता, महिला एवं बाल विकास विभाग के मंत्री बेबी देवी, मंत्री इरफान अंसारी, गोमिया विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो, बेरमो विधायक अनूप सिंह, राज पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र महतो, रामगढ़ के पूर्व विधायक ममता देवी, झारखंड राज्य समन्वय समिति के सदस्य फागु बेसरा, बोकारो डीसी विजय यादव सहित अन्य अधिकारी व नेता सहित अन्य लोग मौजूद थे। मौके पर कलाकारों ने संस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर कार्यक्रम को मनमोहन बना दिया।

### एक दिन में मिले सबसे ज्यादा 59 मरीज

## डेंगू का हॉटस्पॉट बना पटना, अब तक 9 मौतें, 128 नए केस

निज संवाददाता | पटना



बिहार में डेंगू का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। पिछले 24 घंटे में 128 नए मामले सामने आए हैं। जबकि शुक्रवार देर रात पीएमसीएच में एक मरीज की मौत हुई है। डेंगू से राज्य में अब तक 9 लोगों की मौत हो चुकी है। राजधानी पटना डेंगू का हॉटस्पॉट बनता जा रहा है। यहां सबसे ज्यादा 59 केस की पुष्टि हुई है। इस सीजन में अब तक पूरे प्रदेश में 1535 केस मिले हैं। जिसमें सबसे ज्यादा 710 केस राजधानी पटना में है।

नेशनल सेंटर फॉर वेक्टर बोर्न डिजीज कंट्रोल की चार सदस्यीय टीम जांच के लिए पटना पहुंची थी। शुक्रवार को पटना जंक्शन, राजेंद्र नगर, गुलजारबाग, पटना साहिब स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया। टीम को करबिगहिया साइड में बने फव्वारा के पास लार्वा मिला। इसके अलावा राजेंद्रनगर स्टेशन पर भी लार्वा मिला है। नगर निगम की फॉगिंग एवं लार्वीसाइडल टीम भी जांच दल के साथ मौजूद थी। जहां-जहां लार्वा मिला है, उन जगहों पर तत्काल फॉगिंग की गई है।

डेंगू के बढ़ते मामले को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट मोड पर है। विभाग की ओर से सभी अस्पतालों में 30-30 बेड सुरक्षित रखने का निर्देश दिया गया है। प्रत्येक जिला अस्पताल में 5 बेड, पीएचसी और सीएचसी में दो-दो बेड डेंगू मरीजों के लिए सुरक्षित रखने के निर्देश दिए हैं। पीएमसीएच में इलाज के दौरान जमुई के रहने वाले राहुल चौधरी(33) की मौत हुई है। शुक्रवार देर रात इंटरनल ब्लीडिंग के कारण दम तोड़ दिया। इससे पहले भागलपुर की रहने वाली खुशबू कुमारी (17) डेंगू से संक्रमित हुई थी। 6 सितंबर को पीएमसीएच में भर्ती कराया गया था। प्लेटलेट्स तेजी से डाउन हुआ और इलाज के दौरान 7 सितंबर को मौत हो गई। पटना के रहने वाला संजीत कुमार (17) की भी मौत पीएमसीएच अस्पताल में भर्ती होने के एक दिन के बाद ही हो गई थी। इंटरनल ब्लीडिंग के कारण 7 सितंबर को उन्होंने दम तोड़ दिया। समस्तीपुर के हेल्थ वर्कर राम लक्ष्मण दास को भी 7 दिन पहले डेंगू का संक्रमण हुआ था। 5 दिन में ही वह इतना कमजोर हो गए कि बेहोश हो गए। इलाज के लिए घर वाले बेगूसराय ले गए, लेकिन हालत बिगड़ती गई, डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। जिसके बाद पटना के मेदांता में भर्ती कराया गया।




# बक्सर में जीविका दीदियों का तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन

## 10 सूत्री मांगों को लेकर नारेबाजी, कहा- मांग पूरी होने पर ही काम पर लौटेंगे

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर में शनिवार को चौसा प्रखंड स्थित सीएलएफ और चौसा कार्यालय में जीविका दीदियों ने तालाबंदी करके धरना-प्रदर्शन की। कार्यालय के आगे खड़ा होकर जमकर नारेबाजी करने लगी। यह प्रदर्शन 10 सूत्री मांगों को लेकर किया जा रहा है। जीविका दीदियों का कहना है कि हमारी मांग मुख्य रूप से सभी कैडरों को नियुक्ति और पहचान पत्र देना है। जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती है, तब तक हम वापस काम पर नहीं लौटेंगे। जीविका सीएफएल कार्यालय पर ताला लगा रहेगा।

**प्रदर्शनकारियों ने इन मांगों को लेकर किया प्रदर्शनः** विरोध प्रदर्शन कर रही ममता कुमारी ने कहा कि मानदेय का भुगतान कंट्रीब्यूशन सिस्टम पर अविलंब रोक लगाई जाए। सभी कैडरों का मानदेय कम से कम 25 हजार रुपए किया जाए। सभी जीविका कैडर को पहचान पत्र निर्गत करने, जीविका कैडर को खाते में राशि भुगतान करने और जीविका को सरकारीकर्मी का दर्जा देने की मांगे शामिल है। इसके अलावा जीविका कैडर को पांच लाख तक बीमा होनी चाहिए। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि परियोजना में तीन साल पूरा करने वाले कैडरों के लिए पदोन्नति की व्यवस्था और महिला कैडरों को मातृत्व अवकाश देने, दो लाख रुपए के मेडिकल क्लेम, पांच लाख का डेथ क्लेम जैसी सामाजिक सुरक्षा का लाभ दिया जाए। तालाबंदी के बाद केंद्र के बीपीएम व अन्य कर्मी फरार हो गए।

**अधिकारियों से नहीं नीतीश सरकार से मांगः** प्रदर्शनकारी पिंकी देवी ने कहा कि हमारी मांग अधिकारियों से नहीं नीतीश सरकार से है। ताला हमलोग पूरे सीएलएस में बंद रखेंगे। जिस दिन मांग पूरी हो जाएगी। स्थायी रूप से अपना काम शुरू कर देंगे। हम लोगों के न झांसे में आएंगे, ना बहकावे में आएंगे। सरकार हमारी मांग अविलंब पूरा करे।

## जनता दरबार में दो मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन,एक नए मामले में नोटिस



जनता दरबार में सीओ एवं थानाध्यक्ष

निज संवाददाता। रजौली

थाने में शनिवार को अंचलाधिकारी मो गुफरान मजहरी एवं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया जाता था।इस दौरान अंचल नाजिर शिवशंकर कुमार भी मौजूद रहे।सीओ ने बताया कि अंचल क्षेत्र से जमीन से संबंधित विवाद के तीन मामले जनता दरबार में पहुंचे थे।जिसमें घसियाडीह निवासी टिंकू कुमार का जमीनी विवाद राहुल मांझी,अमावां पूर्वी पंचायत निवासी राजाराम चौधरी का जमीनी विवाद सत्येन्द्र यादव एवं तिलैया गांव निवासी मथुरा दास का जमीनी विवाद रविंद्र कुमार के साथ था।जनता दरबार में घसियाडीह और अमावां पूर्वी से आये दो मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया एवं तिलैया गांव से एक मामले में द्वितीय पक्ष की अनुपस्थिति के कारण उसे नोटिस किया गया है।उन्हें अगले शनिवार को लगने वाली जनता दरबार में हाजिर होने को कहा गया है।बताते चलें कि सरकारी निर्देशानुसार प्रत्येक शनिवार को जनता दरबार लगा कर विवादित मामलों का निष्पादन अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष के द्वारा करना है।प्रत्येक शनिवार की तरह इस बार भी जनता दरबार लगाया गया।जिसमें रैयती भूमि से सम्बंधित विवादों को निराकरण किया गया।साथ ही आमलोगों से अपील किया गया कि वे जमीन से सम्बंधित विवाद को लेकर आपस मे झगड़ा न करें,बल्कि थाना परिसर में लगने वाले जनता दरबार में आएं।

## एसडीओ ने किया नीलाम पत्र वाद की सुनवाई,एक ऋणी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

निज संवाददाता। रजौली



नीलाम पत्र शाखा अनुमंडल कार्यलय रजौली से निर्गत वारंटो के आधार पर कल रात्रि को बैंक से ऋण नहीं चुकता करने वाले जिद्दी ऋणी को रजौली थाना के द्वारा शंकर सहनी की गिफ्तारी किया गया,जबकि दुसरा वारंटी उत्तम कुमार शर्मा फरार हो गया। रजौली अनुमंडल के निलाम पत्र पदाधिकारी सह एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष ने बताया की मेरे न्यायालय मे कुल 499 वाद में 25 वारंट लंबित है,जिसमें एक वारंटी की पेशी थाना रजौली के द्वारा किया गया,जिसमें बैंक ने ऋण का एक मुश्त समझौता किया गया।जिसके अंतर्गत वारंटी के द्वारा 40000 रुपया जमा किया गया एवं शेष राशि जल्द ही जमा करने का आदेश जारी किया गया।दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक विद्यासागर ने बताया कि समय से ऋण चुकता नहीं करने वालों के खिलाफ बैंक नीलाम पत्र शाखा मे केस दायर हो चुका है।ऋणी को नोटिस के माध्यम से ऋण चुकाने के लिए अनुरोध किया जा रहा है और हमारे शाखा के वसुली अधिकारी क्षेत्र भ्रमण कर ऋणी से मिलकर एक मुश्त समझौता के लिए विशेष आकर्षक छूट के लिए बताया जाता है।परंतु कुछ जिद्दी ऋणी क्षमता होते हुए भी जानबूझकर ऋण की राशि को नही चूका रहें है।इस मौके पर क्षेत्रीय कार्यालय से आए बैंक के जिला सर्टिफिकेट अधिकारी प्रेम कुमार हिमांशु बताया की कुर्की जब्ती और गिरफ्तारी से बचने के लिए बैंक में जाकर ऋण की राशि की आदयगी कर ऋण मुक्त हो जाएं।मौके पर शाखा के कार्यलय सहायक रवि शाहू भी मौजूद थे।

# पंखे की कुंडी से लटकी मिली युवती की लाश

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर में शनिवार की सुबह एक शादीशुदा युवती का शव उसके ससुराल में पंखे की कुंडी से लटकता मिला। घटना चरपोखरी थाना क्षेत्र के नगरी की है। युवती की शादी इसी साल अप्रैल में हुई थी। मृतका के ससुर का कहना है कि बहू शादी के बाद से अपने गांव के ही किसी एक लड़के से फोन पर बात करती थी। उसने एक बार तो मेरे मोबाइल से भी लड़के को कॉल किया था। बहू ने खुदकुशी की है। वहीं, मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है।

**दो भाइयों से बड़ी थी अंशुः** मृतका चरपोखरी थाना क्षेत्र के नगरी गांव निवासी पंकज पासवान की 26 वर्षीय पत्नी अंशु देवी है। अंशु अपने दो भाई आयुष और पीयूष से बड़ी थी। अंशु के चाचा सोनू कुमार ने बताया कि ससुराल वालों द्वारा फोन पर यह बताया गया कि आपकी बेटी ने सुसाइड कर लिया है। हमलोग जब अंशु के ससुराल पहुंचे तो देखा शव बेड पर पड़ा था।

**बहू की शिकायत उसके पिता से की थीः ससुरः** इधर, मृतका अंशु के ससुर दिनेश कुमार ने बताया कि मेरी बहू खुद से पंखे से लटककर खुदकुशी की है। शादी के बाद से ही वो अपने गांव के किसी लड़के से फोन पर बात करती थी। हम लोगों ने इसकी शिकायत उसके पिता शंकर पासवान से भी की थी। इसकी रिकॉर्डिंग भी मेरे पास है। इसके बाद बहू के पिता ने अंशु को डांटा भी था। आगे से ऐसी हरकत नहीं करने की बात कही थी। बहू तो एक बार मेरे मोबाइल से भी उस लड़के से बात करती पकड़ी गई थी। इसी सब मामले को लेकर बहू ने फंदे से झूल सुसाइड कर लिया। जो आरोप मायके वालों ने लगाया है, वो गलत है। -दिनेश कुमार, मृतका के ससुर। वहीं, मृतका के चाचा सोनू कुमार ने बताया कि शादी के एक महीने बाद से पति और ससुराल वालों द्वारा सोने की चेन और सोफा की मांग की जा रही थी। इसे लेकर लेकर भतीजी को प्रताड़ित किया जा रहा था। दामाद पंकज भी हम लोगों से बात नहीं करते थे। एक सप्ताह पूर्व अंशु की तबीयत खराब हुई थी। लेकिन उसके बाद भी ससुराल वाले दबाव बनाकर उससे काम करवा रहे थे। सोने की चेन के लिए पति और ससुराल वालों ने मिलकर अंशु की हत्या की है।

**परिजनों के आरोप की जांच की जा रहीः थानाध्यक्षः** इधर, इस मामले में चरपोखरी थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि नगरी गांव में एक नवविवाहिता का शव पंखे की कुंडी से लटके मिलने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भिजवाया। लड़की के पिता बाहर रहते हैं। परिजनों के आरोप की जांच की जा रही है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 15 दिवसीय ''स्वच्छता ही सेवा'' कैम्पेन की हुई शुरूआत

निज संवाददाता। नवादा

## जिलाधिकारी द्वारा दिलायी गई स्वच्छता शपथ



नवादा जिला पदाधिकारी, नवादा श्री आशुतोष कुमार वर्मा द्वारा आज समाहरणालय परिसर से ' 'स्वच्छता ही सेवा '' पखवाड़ा का शुरूआत किया गया। स्वच्छता ही सेवा-2024 ' 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता'' थीम पर आधारित है। यह अभियान आज से सम्पूर्ण जिले में चलाया जायेगा और इसमें सभी विभागों एवं संस्थाओं की सहभागिता होगी। 15 दिवसीय ''स्वच्छता ही सेवा'' कैम्पेन दिनांक 14 सितम्बर से 01 अक्टूबर 2024 तक चलाया जायेगा। जिलाधिकारी द्वार बताया गया कि हमें घर के अंदर ही नहीं घर के बाहर भी साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना होगा; तन की स्वच्छता के साथ-साथ मन की स्वच्छता भी जरूरी है तभी हम सम्पूर्ण स्वच्छ हो पायेंगे। स्वच्छता ही सेवा-2024 के अन्तर्गत तिथिवार गतिविधियां आयोजित की जायेगी, जिनमें मुख्य गतिविधियां निम्नवत हैः- दिनांक 20.09.2024 को जिला/प्रखंड/ग्राम पंचायत स्तर पर स्वच्छता दौड़, साइक्लॉथॅन, स्वच्छता खेल प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। इसी प्रकार दिनांक 21.09.2024 को विद्यालय स्वच्छता दिवस, चित्रकला प्रतियोगिता एवं स्लोगन प्रतियोगिता कॉलेजों में स्वच्छता बूथ क्लब की स्थापना की जायेगी। दिनांक 22.09.2024 को गंगा नदी, सहायक नदी, तालाबों, नहर, आहर, पईन आदि जल श्रोतों की सफाई एवं एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। दिनांक 28.09.2024 को ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर ओडीएफ प्लस मॉडल घोषित करना है साथ ही ग्राम स्वच्छता उत्सव में गॉव के लोगों, लोक कलाकारों, स्वच्छता कर्मियों द्वारा कला का प्रदर्शन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। दिनांक 02.10.2024 को स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर स्वच्छता चैम्पियन एवं विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के सभाकक्ष में पुरस्कृत किया जायेगा साथ ही ग्राम सभा का आयोजन कर अभियान में सक्रिय योगदान देने वालों का आभार प्रकट किया जायेगा। गॉव को सम्पूर्ण स्वच्छ बनाये रखने हेतु स्वच्छता शपथ भी दिलायी जायेगी। इसके साथ ही जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि साफ-सफाई के साथ-साथ सौन्दर्यीकरण पर भी विशेष बल देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, गोपनीय प्रभारी, प्रभारी जिला स्थापना शाखा, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी नवादा सदर, प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद नवादा, डीपीएम जीविका के साथ-साथ जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली के तार में सटने से सेंटिंग मिस्त्री की मौत

**आरा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव के बगल में स्थित आहर के पास बिजली के तार में सटने से सेंटिंग मिस्त्री की मौत हो गई। मृतक 25 वर्षीय राहुल कुमार केसरी था। वह मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव के निवासी राम कुमार केसरी का पुत्र था। राहुल कुमार के साथ काम कर रहे टुन्ना ने बताया कि हमलोग लक्ष्मणपुर गांव में शुक्रवार को सेंटिंग का काम करने गए थे। उसी क्रम में राहुल ने बोला कि मै आहर के पास से शौच कर आ रहा हू। आहर के पास पहले से बिजली का तार टुट कर गिरा था। जिसको राहुल ने नही देखा और टुट कर गिरे तार में सट गया। जिसके कारण उनकी मौत हो गई। देर होने पर जब हमलोग आहार के तरफ जाकर देखे की राहुल आहार के पास गिरा है और हाथ में बिजली का तार सटा है। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### सुरक्षा की जवाबदेही ले निगम : क्यामुद्दीन अंसारी

**आरा।** भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य सह आरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी क्यामुद्दीन अंसारी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अनाईठ पोखरा मे डूब कर मरने वालो के लिये दुख प्रकट किया है। खेलाड़ी मुसहर, पिता बुटी मुसहर व मिंटू चौधरी, पिता जमुना चौधरी के अनाईठ पोखरा मे डूब कर मरने पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। दूरभाष से सदर अनुमंडल पदाधिकारी से बात कर पांच- पांच लाख रुपये की आपदा प्रकोष्ठ से मुआवजा शीघ्र देने की मांग की है। क्यामुद्दीन अंसारी ने अनाईठ पोखरा को जान लेने वाला मौत का पोखरा करार दिया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष दो से तीन लोगो की इस पोखरा में डूबकर मौत हो जाती है। माले .इस वर्ष अब तक। पोखरा के अगल बगल बसे लोगों का जीवन हमेशा खतरे मे रहता है,उनका जीवन नारकीय है, आरा नगर निगम प्रशासन लोगों के जान - माल की सुरक्षा की गारंटी ले व पोखरा के चारो तरफ घाट बनवाकर बैरिकेडिंग करें, ताकी उनके जान-माल की सुरक्षा हो सके।

### परियोजनाएं को प्राथमिकता से निष्पादित करने का निर्देश

**आरा।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने समाहरणालय, आरा के सभाकक्ष में शुक्रवार को भू अर्जन से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान मुख्य तौर से एनएच 119 ए (आरा- सासाराम) जैसे जिले में चल रही बड़ी परियोजनाएं के कार्यों को उच्च प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में कायमनगर से धरहरा पथ निर्माण में आ रही विभिन्न बाधाओं का निरीक्षण और स्थल जांच 24 घंटा के अंदर पूर्ण करने के लिए संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, अंचलाधिकारी व पथ निर्माण विभाग के प्रतिनिधि को निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में जिला भू अर्जन पदाधिकारी, अपर जिला भू अर्जन पदाधिकारी, परियोजना निदेशक, आरा व सासाराम के प्रतिनिधि, उप समाहर्ता भूमि सुधार, जगदीशपुर, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल,भोजपुर आदि मौजूद रहे।

### 48 छात्र-छात्राओं को दी गई एफएलएन किट

**गड़हनी।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पड़रिया में शुक्रवार को क्लास 6,7 व 8 वर्ग के 48 छात्र- छात्राओं के बीच एफ एल एन कीट का वितरण किया गया। किट का वितरण विद्यालय के प्रधानाध्यापक ओमनारायण साह के देख रेख में की गई। वितरण करने के बाद सभी को ई शिक्षा कोष पर फ़ोटो सहित अपलोड किया गया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि जितने छात्रों का आधार ई शिक्षा पोर्टल पर लोड था उतने किट उपलब्ध कराया गया। कई छात्र- छात्राओं को पहले भी वितरण किया जा चुका है, कुछ छात्र- छात्राओं का अभी आधार कार्ड नही बना है, आधार बनने को ले सभी अभिभावकों को बोल दिया गया है।आधार आने के बाद बाकी छात्रों को ई शिक्षा पोर्टल पर लोड किया जाएगा तब जाकर किट दिया जाएगा। इस कीट में स्टूडेंट्स बॉक्स, पानी बोतल, जी के बुक, ग्रामर बुक, कॉपी सहित कई शिक्षण सामग्री उपलब्ध है। किट वितरण से सरकार का उद्देश्य है की आर्थिक स्थिति से कमजोर सभी बच्चों को शैक्षणिक सामग्री मिल सके जिनसे उनका शैक्षणिक स्थिति में सुधार हो

### "किस्से चलते हैं बिल्ली के पांव पर' पुस्तक का किया गया लोकार्पण




**आरा।** देश के जानें माने लेखक गणेश गनी की किताब "किस्से चलते हैं बिल्ली के पांव पर" का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता शमीम आरवी व संचालन युवा कवियत्री रिंकी सोनी ने किया। शमीम आरवी ने कहा कि आज साहित्य की बगिया नए साहित्यकारों के हाथ में हैं जिसमें गणेश गनी का भी नाम शुमार है। रिंकी सोनी ने कहा कि यह किताब हर हिन्दी के विद्यार्थी के हाथ में होनी चाहिए। रिकी सोनी ने कहा की पर्यावरण एवं पहाड़ी जीवन को लेकर उनके संस्मरण अद्भुत हैं। कम मूल्य पर इतनी समृद्ध सामग्री बहुत रेयर है। कवि वल्लभ ने कहा कि गनी की लेखनी की खासियत इस बात से है कि वो अपनी रचनाओं में विषम परिस्थिति का रोना नहीं रोते, बल्कि उसका जश्न मनाते, किलकारी भरते हैं। कार्यक्रम की आयोजक संस्था "भूमिका" के अध्यक्ष श्रीधर शर्मा ने कहा कि गणेश गनी सचेत रूप से प्रकृति को देखते तथा अपने गद्य तथा पद्य दोनों में उकेरते हैं। पहाड़ के जीवन को समझने के लिए यह एक बोधगम्य किताब है। शिक्षक एवं साहित्य प्रेमी वेद प्रकाश सामवेदी ने कहा कि गणेश गनी को हमलोग फेसबुक के माध्यम से जानते थे। लेकिन उनके पास इस तरह की भाषा एवं क्राफ्ट भी है, इससे हम परिचित नहीं थे। शिक्षक एवम रंगकर्मी लोकेश दिवाकर ने कहा कि किस्से चलते हैं बिल्ली के पाँव पर" में पहाड़ी लोक जीवन, पहाड़ी संस्कृति और जीवन संघर्ष की सुंदर और यथार्थपरक अभिव्यक्ति मिलती है। भूमिका के सचिव सत्येंद्र कुमार ने कहा कि हम आगे भी इस तरह का आयोजन करते रहेंगे। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए ऑनलाइन, लेखक गणेश ने इस आयोजन के लिए आभार प्रकट किया।

### मानव सेवा संस्थान ने डीएम का किया अभिनंदन



**आरा।** मानव सेवा संस्थान, भोजपुर के अध्यक्ष समाजसेवी दीपक कुमार अकेला ने जिले के नए जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया का अभिनंदन सह सम्मान किया। इस दौरान दीपक ने दीनःदुखियों के दीपक जीवनःवृत्त पुस्तक भी जिलाधिकारी को भेट की। समाज सेवी दीपक कुमार अकेला ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह की धरती पर नए जिलाधिकारी का आरा की धरती पर हार्दिक स्वागत और अभिनंदन है। राजधानी पटना में उप विकास आयुक्त के पद पर ढाई साल में उन्होंने विकास को गति दी है। हमें उम्मीद ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि पटना के सटे भोजपुर जिला का भी अब सर्वांगीण विकास इनके करकमलों से होगा। मैं जिलाधिकारी से गोपाली चौक घंटाघर बनाने, आरा के रमना मैदान का स्टेडियम बनवाने के रुके कार्य को चालू कराने की ओर ध्यान आकृष्ट करता हूं। मौके पर स्वर्णकार धीरज कुमार, अरविंद कुमार सिंह, प्रकाश कुमार व जीतू सोनी उपस्थित थे।

### श्रद्धा व उत्साह से बहनों ने भाई के लिया व्रत

**नारदीगंजः** प्रखंड में बहन ने भाई की सलामती के लिए शनिवार को कर्म एकादशी व्रत किया। इस दौरान नारदीगंज बाजार,नंदपुर, रामें,कहुआरा,हरनारायणपुर,कोसला समेत अन्य गांवों में कर्म व्रत श्रद्धा पूर्वक मनाया। सुबह होते ही बहना पूजा व व्रत की तैयारी में लग गई । पवित्रता के साथ स्नान कर व्रत रखी। निर्जला व फलहारी भी रहकर व्रत की। उसके बाद भवगान विष्णु की पूजा अर्चना की।पूजा अर्चना के दौरान भगवान शंकर,नंदी,गौरीगणेश, नाग,नागिन का मिट्टी बनाकर परंपरागत तरीके पूजा की।पूजा में अनरशा, करमी का पता,बेलधौंर, झार कुश के अलावा सेव,खीरा,केला समेत अन्य मौसमी फलों को लगाकर विधिवत पूजन गीत गायन की।करमा पूजा को लेकर नारदीगंज में फल मंडी,सब्जी मंडी के अलावा राशन दुकानें पर खरीददारी के लिए भीड़ बनी रही,सड़कों पर महाजाम से राहगीर हलकान होते रहे।

### चार महिलाओं का हुआ बंध्याकरण ऑपरेशन

**नारदीगंजः** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में शनिवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम हुआ। केंद्र में आये चार महिलाओं को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 नवीन कुमार ने बंध्याकरण किया। इस दौरान लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार व आशुतोष कुमार ने बंध्याकरण के लिए आये महिलाओं का मूत्र जांच,रक्त जांच समेत अन्य जांच किये।

### विश्व हिंदी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**नारदीगंजः** विश्व हिंदी दिवस पर शनिवार को पेंशनर भवन नारदीगंज में परिचर्चा हुई।जिसकी अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने किया।इस दौरान उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए सचिव श्रीकांत सिंह ने कहा हिंदी विश्व की चौथी शीर्ष पर समुन्नत व विकसित भाषा है।विश्वस्तरीय हिंदी का प्रचार -प्रसार प्रत्येक देशों व यूएनओं में भी मान्यता प्राप्त है। प्रवासी भारतीयों को भी बोलचाल की भाषा हिंदी में व्यवहार करनी चाहिए। मौके पर रामशरण सिंह, परमेश्वर राम ,सियाशरण दास समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### विधुत राजस्व भुगतान शिविर में उपभोक्ताओं ने जमा किया बिजली बिल की राशि

**नारदीगंजः** बिजली बिल सुधार व बिजली बिल जमा करने के लिए नारदीगंज स्थित पावरग्रिड में शिविर शनिवार को आयोजित हुआ। अध्यक्षता बिजली विभाग के कनीय अभियंता नवीन कुमार सिंह ने की।आयोजित शिविर में प्रखंड के 15 बिजली उपभोक्ताओं ने बिजली बिल सुधारने के लिए आवेदन दिया। इसके अलावा 8 बिजली उपभोक्ताओं ने बिजली बिल जमा किया है। जेई ने कहा शिविर में 15 उपभोक्ताओं ने बिजली बिल सुधारने के लिए पहुंचे थे,उसमे 6 बिजली उपभोक्ताओं का बिजली बिल सुधार कर दिया गया है,अन्य बिजली उपभोक्ताओं को हिसुआ में सुधार होगा।इसके अलावा 8 बिजली उपभोक्ताओं ने 45625 रुपये बिजली बिल जमा किये हैं। इस दौरान जेएलएम अंनत कुमार,विपिन कुमार समेत अन्य उपभोक्ता मौजूद रहे।

### नवादा जा रही बस से पुलिस ने तीन शराब धंधेबाजों को गिरफ्तार किया,24 लीटर विदेशी शराब जब्त


**रजौलीः** थाना क्षेत्र के न्यू बायपास के समीप शनिवार को एसआई सत्येन्द्र सिंह ने पुलिस बलों के सहयोग से 24 लीटर विदेशी शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार लोगों को थाना परिसर लाया गया।मिली जानकारी के अनुसार तीन लोग शराब को बैग में भरकर चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी को पार करने के उद्देश्य से कोडरमा की एक ट्रेन में चढ़े।वे लोग ट्रेन से फतेहपुर रेलवे स्टेशन पर उतर गए एवं फतेहपुर रेलवे स्टेशन से टेम्पो पर सवार होकर सिरदला पहुंचे।सिरदला पहुंचने के बाद तीनों ने सिरदला बस स्टैंड से नवादा की ओर जाने वाली भोले शंकर नामक बस में बैठ गए।उसके बाद बस जब रजौली बायपास पहुंची,तो बायपास में पहले से तैनात पुलिस बलों ने बस में सवार तीनों शराब धंधेबाजों को गिरफ्तार कर लिया।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आलोक में तीन लोगों के पास रहे बैग से कुल 24 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया है।गिरफ्तार लोगों की पहचान गया जिले के अतरी थाना क्षेत्र के जमालचक गांव निवासी दिनेश प्रसाद के पुत्र जितेंद्र कुमार व राहुल कुमार एवं नवादा जिले के सीतामढ़ी थाना क्षेत्र के नीमा गांव निवासी विनोद प्रसाद के पुत्र रौशन कुमार के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त शराब में मैजिक मोमेंट्स एवं इम्पेरियल ब्लू आदि नामक कम्पनी के शराब शामिल है।जब्त शराब एवं गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।साथ ही कहा कि तीनों गिरफ्तार लोगों को रविवार को स्वास्थ्य जांचोपरांत न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया जाएगा।

### 22 सितंबर को राष्ट्रकवि रामधारी सिंह ;दिनकर; का जन्मोत्सव समारोह का आयोजन

#### समारोह में महामहिम राज्यपाल सहित कई हस्तियां एवं कवि होंगे शामिल

**नवादा( पकरीबरावां) :** आधुनिक काल के श्रेष्ठ वीर रस युग चारण राष्ट्रवाद एवं प्रतिवाद का प्रसिद्ध आंदोलनकारी हिंदी के महान लेखक निबंधकार राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जी का 22 सितंबर 2024 को समय 4बजे से पटना के वीर चंद पटेल मार्ग में अवस्थित जगजीवन राम शोध संस्थान भवन में जन्मोउत्सव समारोह का आयोजन किया जाएगा जिसमें महामहिम राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर सहित कई हस्तियां एवं लेखक कविगण शिरकत लेंगे । इसकी जानकारी भाजपा के वरिष्ठ नेता नवादा जिला निवासी बेलर गांव के समरजीत कुमार ने देते हुए कहा राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के जन्मोत्सव में बिहार के विभिन्न जिलों से हजारों लोग भाग लेंगे इसके साथ ही नवादा जिला से भी सैकड़ो लोगों का जमावड़ा रहेगा इन्होंने नवादा की जनता से आग्रह अपील किया है कि इस समारोह में अधिक से अधिक लोग भाग लेने की कृपा करें। राष्ट्कवि रामधारी सिंह दिनकर जी का जन्म बेगूसराय जिला के सिमरिया घाट में हुआ था जिन्होंने देश विदेश में बिहार का गौरव बढ़ाया है ।

### हिन्दी दिवस पर जिलाधिकारी द्वारा दिलाया गया शपथ



**नवादाः** नवादा समाहरणालय सभाकक्ष में आशुतोष कुमार वर्मा ने हिन्दी दिवस के अवसर पर समाहरणालय,नवादा में पदस्थापित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को शपथ दिलाई। राजभाषा प्रतिज्ञा का शपथ दिलाते हुए उन्होंने कहा किः- "भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 और 351 तथा राजभाषा संकल्प 1968 के आलोक में हम, राज्य सरकार के कार्मिक यह प्रतिज्ञा करते हैं कि अपने उदाहरणमय नेतृत्व और निरंतर निगरानी से, अपनी प्रतिबद्धता और प्रयासों से, प्रशिक्षण और पुरस्कार से अपने साथियों में राजभाषा प्रेम की ज्योति जलाये रखेंगे, उन्हें प्रेरित और प्रोत्साहित करेंगे,अपने प्रबंधन को और अधिक कुशल और प्रभावशाली बनाते हुए राजभाषा-हिन्दी का प्रयोग, प्रचार और प्रसार बढ़ाएंगे। हम राजभाषा के संवर्द्धन के प्रति सदैव उर्जावान और निरंतर प्रयासरत रहेंगे।" जय राजभाषा !जय हिन्द ! जिला पदाधिकारी द्वारा सभी कर्मियों को हिन्दी में विशेष रूप से कार्य प्रणाली को लागू करने निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हिन्दी भाषा में हीं ज्यादा से ज्यादा कार्य करें तथा आपस में बातचीत का माध्यम भी हिन्दी भाषा ही हो। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर/रजौली, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवादा सदर/रजौली, गोपनीय प्रभारी,प्रभारी जिला स्थापना शाखा,अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी,काराधीक्षक के साथ साथ अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### क्विज के प्रतिभागी 2 अक्टूबर को होंगे सम्मानित

**भागलपुर**। गांधी शांति प्रतिष्ठान में शुक्रवार को दो खंडों में क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। जूनियर खंड में कक्षा पांच से आठ और सीनियर खंड में कक्षा 9 से 12वीं तक के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि यह प्रतियोगिता गांधी जयंती के मौके पर आयोजित की जाती है। जिसका टॉपिक पहले से निश्चित रहता है। इस बार जूनियर खंड के लिए गांधी का बाल्यकाल, आत्मकथा और चंपारण सत्याग्रह से संबंधित प्रश्न पूछे गए।

### गुस्सा किसी भी समस्या का समाधान नहीं है : जागेश

**भागलपुर**। दशलक्षण महापर्व के छठे दिन शुक्रवार को उत्तम संयम धर्म की उपासना की गई। इस अवसर पर सिद्धक्षेत्र में जैन धर्म के 12वें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य को पुष्प अर्पण कर विश्व कल्याण की कामना की। साथ ही उत्तम संयम धर्म विधान को भक्ति भाव व पारंपरिक उल्लास से मनाया गया। पंडित जागेश शास्त्री ने कहा कि दूसरों का नहीं खुद का परीक्षण करें। जो दूसरों को सताते हैं वे दूसरों से सताए जाते हैं। गुस्सा किसी समस्या समाधान नहीं है। गलती हल्की नहीं होती उसे हल्के में लेना भारी पड़ता है। अनैतिकता शांति से नहीं जीने देती हैं।

### पढ़ाई नहीं लड़ाई : बरारी हाईस्कूल में भिड़ीं छात्राएं, चले लात-घूंसे, 3 मायागंज में भर्ती

**भागलपुर**। बरारी स्थित राय हरि मोहन ठाकुर हाईस्कूल में शुक्रवार को नौवीं व दसवीं की तीन बहनों व 11वीं की छात्राओं के बीच शुक्रवार को खूब लात-घूंसे चले। इसमें बरारी पश्चिम टोला निवासी तीन बहन घायल हो गईं। इनमें से एक मारपीट के दौरान बेहोश होकर गिर गई, जिससे अफरा-तफरी का माहौल हो गया। सूचना पर बरारी पुलिस पहुंची और मामले को शांत कराया। थोड़ी ही देर में छात्राओं के परिजन पहुंचे और तीनों को मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज हुआ। घटना के बाद से तीनों छात्राएं भयभीत है कि दोबारा स्कूल जाने पर सीनियर फिर इस तरह की घटना को अंजाम न दे दें। वहीं, मामले में स्कूल प्रबंधन की लापरवाही रही कि चोटिल छात्राओं का हाल जानने कोई अस्पताल नहीं पहुंचा। परिवार वालों का आरोप है कि जब मारपीट की घटना हुई तो शिक्षकों की ओर से उन्हें सूचना नहीं दी गई। वहीं, स्कूल प्रबंधन ने घटना के बाद दोनों पक्ष की छात्राओं को क्लास से सस्पेंड कर दिया है। घायल छात्राओं का आरोप है कि 10वीं और 11वीं की दीदी लोग आपस में ही अपशब्द कमेंट कर रही थीं। इसी पर उन्होंने टोकाटाकी कर दी, जिससे नाराज होकर वे प्रार्थना के बाद क्लास में पहुंचीं और उनकी पिटाई करने लगीं। इस दौरान बीच-बचाव करने आई बहन की भी पिटाई कर दी। शोर सुनकर टीचर पहुंची और बिना डांटे लौट गईं। इसके बाद तीनों बहनों ने परिजनों को सूचना दी। चोटिल छात्राओं की मां आशा देवी व उसकी मामी वंदना देवी ने बताया कि यह घटना स्कूल प्रबंधन की लापरवाही से हुई है। अस्पताल के डॉ. बीके जायसवाल ने कहा है कि सभी बच्चियों की हालत ठीक हैं। हल्की चोटें आई हैं।

### शशि मोदी व उनके समर्थकों पर मारपीट का लगाया आरोप

**भागलपुर**। लोदीपुर थाना में मीना देवी ने शशि मोदी एवं पप्पू तांती के खिलाफ अपने बेटे पर मारपीट का आरोप लगाया है। उसने कहा है कि आठ सितंबर की रात करीब 10.30 में महादेव तालाब स्थित गणेश पूजा देखने हमलोग गए थे। वहां कुर्सी पर शशि व पप्पू तांती बैठे थे। तभी मेरे बेटे पर शशि की नजर पड़ी तो वह बोलने लगे कि सुरेंद्र का बेटा आ गया, इसको पकड़कर मारो। इसके बाद पप्पू ने विशाल पर हाथ चला दिया, बड़ा बेटा कुणाल यह देखकर भागने लगा तो शशि ने पकड़कर उसे थप्पड़ से मारा। जब हम बचाने गए तो हमे धक्का मारकर गिरा दिया। इसके बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुटी तो वे लोग चले गए। वहीं नौ सितंबर की रात करीब 10 से 11 के बीच सिकंदर यादव, अमित, सीटू, मोनू कुमार ने भी शशि मोदी व उनके समर्थकों पर हमला करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि ये लोग लाठी-डंडा के साथ गांव आ गए और घर के पास बाइक, कार समेत अन्य सामानों को तोड़ दिया।

### आज से शुरू होगी स्नातक पार्ट वन बैकलॉग की परीक्षा

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय में स्नातक पार्ट-1(प्रतिष्ठा) बैकलॉग, परीक्षा-2024 की परीक्षा 14 सितंबर यानी शनिवार से शुरू होगी। जो 19 सितंबर तक चलेगी। सभी विषयों को दो ग्रुप ए और बी में बांटा गया है। उसके बाद पार्ट-1 बैकलॉग के परीक्षार्थियों के सब्सिडियरी विषयों की परीक्षा 8 अक्टूबर से शुरू होगी। जो 21 अक्टूबर तक चलेगी। परीक्षा के लिए पांच केन्द्र बनाए गए हैं। मुंगेर जिला के अंतर्गत अंगीभूत एवं संबद्ध कॉलेजों का परीक्षा केन्द्र एसबीएन कॉलेज गढ़ी रामपुर बनाया गया है। जिसके केन्द्राधीक्षक प्रो. ललन कुमार बनाए गए हैं।

### 16 तक एलएलबी में नामांकन को आवेदन

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय में एलएलबी सेमेस्टर-1, सत्र 2024-27 में नामांकन के लिए नए सिरे से आवेदन की प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई है। 16 सितंबर तक इसमें नामांकन के लिए नया आवेदन लिया जाएगा। उसके बाद 18 से 21 सितंबर तक ऑन स्पॉट नामांकन का मौका छात्र-छात्राओं को दिया जाएगा। ता दें कि द्वितीय मेधा सूची के आधार पर एलएलबी सेमेस्टर-वन सत्र 2024-27 में नामांकन की तिथि 4 से 9 सितंबर तक निर्धारित की गई थी। जिसके आधार पर 111 छात्र-छात्राओं की नामांकन प्रक्रिया 4 सितंबर से शुरू हुई थी। जो सोमवार को समाप्त हो गई। जानकारी के अनुसार शाम 5 बजे तक करीब 95 छात्र-छात्राओं ने नामांकन कराया था। विश्वनाथ सिंह विधि संस्थान के प्राचार्य डॉ आरके मिश्रा ने बताया कि प्रथम मेधा सूची के आधार पर 52 छात्र-छात्राओं ने नामांकन कराया था। जिसके बाद द्वितीय मेधा सूची का प्रकाशन किया गया। उसके आधार पर नामांकन लेने की तिथि भी निर्धारित की गई थी, जो सोमवार को समाप्त हो गई।

### घटना के 4 दिन बाद भी बदमाशों की गिरफ्तारी नहीं : अर्जित

**भागलपुर**। भाजपा नेता अर्जित शाश्वत चौबे ने कहा है कि पुलिस-प्रशासन का काम सही नहीं चल रहा है। वार्ड 51 के पार्षद दीपिका कुमारी के पति शशि मोदी पर जानलेवा हमले में कुछ नहीं हो सका है। अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। 9 सितंबर को हुए हमले में शशि मोदी व भाजपा बुनकर प्रकोष्ठ के संयोजक उमा भूषण उर्फ पप्पू तांती एवं गोली तिवारी घायल हुए थे। जिनका इलाज चल रहा है। चार दिन बीतने के बाद भी प्रशासन ने किसी अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं की है। यह घोर आपत्तिजनक है। कई बार पुलिस-प्रशासन के अलावा बबरगंज थानेदार से बात हुई। लेकिन एक्शन नहीं दिख रहा है। यह बातें उन्होंने शुक्रवार को अलीगंज ठाकुरबाड़ी हॉल में बैठक में कही। कहा कि इसे लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक से मिलकर ज्ञापन भी दिए। लेकिन पुलिस का रवैया बेहद ढीला है। बैठक का संचालन ईश्वर नगर मंडल अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने किया। वहीं इस दौरान भाजपा के सज्जन साह, राजू श्रीवास्तव, कुश गोस्वामी, संजय हरि, दिनेश मंडल, ब्रजेश साह, आनंद शुक्ला, बबन मिश्रा, मनोज हरि, आशीष पांडे, संजय हरि, सज्जन अवस्थी, गोलन सिन्हा, मनोज राय, सुधीर चौधरी, अंजना प्रकाश, प्राणिक बाजपेई, रितेश सिंह, सुधाकर सोनू ,संतोष पांडे व अन्य रहे।

### बीआरएम में स्थगित प्रायोगिक परीक्षा 20 को

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय में सीबीसीएस पर आधारित स्नातक सेमेस्टर-दो, सत्र 2023-27 के एमजेसी एवं एमआईसी पेपर की प्रायोगिक परीक्षा 7 सितंबर से विभिन्न केन्द्रों पर चल रही है। जो 20 सितंबर तक ली जाएगी। पीआरओ डॉ प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि कला एवं विज्ञान संकाय के पेपर की प्रायोगिक परीक्षा के लिए अलग-अलग केन्द्र बनाए गए हैं। जिसमें एसबीएन कॉलेज गढ़ी रामपुर, आरलाल कॉलेज लखीसराय, आरडी कॉलेज शेखपुरा, एसपीएसडब्ल्यू कॉलेज जमुई, बीआरएम कॉलेज मुंगेर, एसकेआर कॉलेज बरबीघा, केएसएस कॉलेज लखीसराय, जेआरएस कॉलेज जमालपुर, कोशी कॉलेज खगड़िया एवं डीएसएम कॉलेज झाझा शामिल है। बीआरएम कॉलेज में मंगलवार को होनेवाली प्रायोगिक परीक्षा अब 20 सितंबर को होगी। पीएचडी कोर्स वर्क की परीक्षा की वजह से स्थगित प्रायोगिक परीक्षा अब 20 सितंबर को होगी।

# राम मंदिर उड़ाने की धमकी देने वाला गिरफ्तार, देवघर चला गया था

## ♦ मां के बुलाने पर वापस लौटा आयोध्या पुलिस ने पकड़ा

निज संवाददाता। भागलपुर



अयोध्या के राम मंदिर को उड़ाने की धमकी देने वाला भागलपुर का युवक मकसूद अंसारी (26) गिरफ्तार हो गया। साथ ही यूपी पुलिस की सूचना पर बरारी थाने की टीम ने बड़ी खंजरपुर स्थित मस्जिद गली में रहने वाले उसके माता-पिता को हिरासत में लिया। मकसूद को सरेंडर करने की सूचना दी गई थी, लेकिन वह मौसी बहन के घर अमरपुर में छिप गया, वहां से वो देवघर चला गया। मां के बुलाने पर वो वापस आ रहा था। गुरहट्टा चौक पर उसे पकड़ लिया गया। बरारी थाने में उससे पूछताछ की गई तो उसने बताया सोशल मीडिया पर धमकी दी थी, लेकिन ऐसा क्यूं किया, इसका जवाब पुलिस को नहीं दिया। अब पुलिस उसके आंतकी संगठनों के साथ कनेक्शन की जांच कर रही है। फिलहाल अयोध्या पुलिस उसे ले गई है। सिटी एसपी मिस्टर राज ने कहा कि अयोध्या पुलिस आई थी। स्थानीय थाना ने सहयोग लिया गया। उसे गिरफ्तार कर टीम ले गई। जो भी नए तथ्य सामने आएंगे, अवगत करा दिया जाएगा। अयोध्या पुसिस से संपर्क में हैं।

**पुलिस को चकमा देकर भाग गया था**: शुक्रवार को बरारी थाने से पुलिस कस्टडी से चकमा देकर दीवार फांद कर भाग गया। थानाध्यक्ष अभय शंकर ने दो किलोमीटर तक उसका पीछा किया और पकड़ा। इसके बाद यूपी पुलिस उसे लेकर अयोध्या चली गई। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की सख्ती के बाद वहां की पुलिस ने भागलपुर पुलिस से संपर्क किया, फिर उसकी गिरफ्तारी हुई। जानकारी यह भी है कि बरारी पुलिस को भी गिरफ्तारी से पहले इस बात की जानकारी नहीं थी कि उसे किस मामले में गिरफ्तार करने यूपी पुलिस आई है। युवक क्या काम करता था, पुलिस इसका पता नहीं लगा सकी है, लेकिन उसके मोबाइल फोन और अन्य कनेक्शन को लेकर अब पुलिस जांच की गति और बढ़ाने की तैयारी कर रही है।

**मौसी के घर चला गया था**: मकसूद की मां बानो ने कहा कि पुलिस आई थी। पूछ रही थी कि आपका लड़का मकसूद कहां है। मैंने कहा वो घर पर नहीं है। मोबाइल से बात किए तो मकसूद बोला जीरो माइल में हैं। हम सर से ही उसकी बात करवा दिए। मैंने कई बार पूछा पुलिस वालों से मैटर क्या है, पर कुछ नहीं बताया। मेरा लड़का डर से भाग गया। वो बांका में अपनी मौसी के घर रात साढ़े 11 बजे पहुंचा था। वहां से वो देवघर बस से निकल गया। मैंने उसे फोन पर कहा वापस आ जाओ ये लोग सिर्फ पूछताछ करेंगे। आ जाओ बात मेरे तक आ गई है। वो आ रहा था। घर पहुंचने से पहले गुड़हट्टा चौक के पास उसे उठा लिया।

**तीन माह पहले दी थी धमकी**: दरअसल जून 2024 में उसने सोशल मीडिया पर राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। इसके बाद मंदिर की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। इसकी छानबीन की जा रही थी। बरारी थानाध्यक्ष अभय शंकर ने बताया कि बांका जिला के अमरपुर से मकसूद की गिरफ्तारी हुई है। उसे यूपी पुलिस को सौंप दिया गया है। पुलिस उसे लेकर आयोध्या चली गई है।

# बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं में नए युग की हुई है शुरुआत : जयराम विप्लव

निज संवाददाता। मुंगेर



भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट सह प्रदेश प्रवक्ता जयराम विप्लव ने कहा कि बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के दो दिवसीय दौरे से राज्य के हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर में क्रांतिकारी परिवर्तन की झलक दिखाई है। यह परिवर्तन दो-चार दिनों से नहीं बल्कि केंद्र और राज्य सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है। बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए कई परियोजनाएं शुरू की गई हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 1500 करोड़ की लागत से स्वास्थ्य सेक्टर से जुड़ी कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया है। यराम विप्लव ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुफ्त दवा और जांच की व्यवस्था की गई है। जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिला है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत बन रहे आयुष्मान कार्ड बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ की हड्डी साबित हो रही है। अब बिहार में मेडिकल कॉलेजों की संख्या छह से बढ़कर 11 हो गयी है। इससे राज्य में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा। देश भर में आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा मिलेगा। बिहार में इस योजना का लाभ 51 लाख बुजुर्गों को मिलेगा। जयराम विप्लव ने कहा कि बिहार के हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। जिससे राज्य के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। एनडीए सरकार बिहार के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। आने वाले समय में और भी कई प्रोजेक्ट्स पूरे होने से बिहार का हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर और भी मजबूत होगा।

# नीतीश आत्महत्या कर लेंगे पर राजद के साथ नहीं जाएंगे

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में राजद के साथ सीएम नीतीश कुमार के जाने के सवाल पर जदयू विधायक गोपाल मंडल ने कहा कि नीतीश कुमार आत्महत्या कर लेंगे, लेकिन अब लालू जी के साथ नहीं जाएंगे। रही लालू जी से मिलने की बात तो हम भी मिलते हैं, पहले भी मिलते थे। सब अपना पैठ बनाता है। कब कौन पलट जाए, लेकिन सीएम नहीं पलटेंगे। शराबबंदी को लेकर उन्होंने कहा कि बड़े लोग थाना को मिलाकर रखते हैं। नहीं फंसते हैं। छोटे लोग बदमाशी करते हैं। महुआ शराब बनाते हैं। पकड़े जाता हैं। शराबबंदी पर कोई विचार नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जब तक रहेंगे शराब नहीं चल सकता है। अगर कोई चलाएगा तो पहली सरकार बना लेगा। दूसरी में हार जाएगा। शराबबंदी करके मुख्यमंत्री जी अच्छा किए हैं।

**इससे पहले सांसद पर की थी टिप्पणी**: वहीं, इससे पहले सांसद पर गोपाल मंडल ने टिप्पणी किया था। गोपाल मंडल ने बीते शनिवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा था की, सांसद अजय मंडल अफीम का खेती किया करते थे। बिजली का तार चोरी करके बेच देते थे। रात में रेल पटरी के पास पड़ा लोहा चोरी करके बेचते थे। देसी शराब बनाते थे। अब ट्रक पासिंग करवाते हैं और वसूली करते हैं। विधायक ने सांसद अजय मंडल पर कई गम्भीर आरोप लगाए थे। साथ ही कहा था कि झारखंड का शराब वही पीते होंगे। बिहार में शराबबंदी है और हम विधानसभा में शपथ भी लिए थे न पीएंगे न पीने देंगे।

# धारदार हथियार से गोदकर अपराधियों ने ईंट-भट्ठे के मुंशी की कर दी हत्या

निज संवाददाता। सबौर



अपराधियों ने धारदार हथियार से गोदकर ईंट-भट्ठा के मुंशी की हत्या कर दी। घटना सबौर थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव स्थित एक ईंट-भट्ठा के पास गुरुवार देर रात की है। मरने वाले की पहचान इसी गांव के निवासी अंकित कुमार उर्फ जट्टु (35), पिता स्व. दारोगा मंडल के रूप में हुई है। अपराधियों ने घटना को अंजाम देने से पहले पास में लगे सीसीटीवी कैमरा के तार को काट दिया था। घटना की सूचना सबौर पुलिस को रात करीब 2:30 बजे मिली। लेकिन पुलिस शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे घटनास्थल पर पहुंची और घटना की जांच की। अंकित के मुंह, गले, और बांह पर गहरे जख्म के निशान थे। इसके बाद एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य इकट्ठा की। परिजनों ने पुलिस को बताया कि अंकित गांव में ही एक ईंट-भट्ठा पर 7 साल से मुंशी का काम करता था। रात में वह घर लौट आता था। गुरुवार की रात करीब 10 बजे वह यह कहकर घर से निकला कि थोड़ी देर में आ रहे हैं। रात 12 बजे तक नहीं लौटा तो हमने उसकी तलाश शुरू की। इसी बीच भट्ठा के पास उसकी बाइक गिरी पड़ी थी। उससे कुछ दूरी पर खून से लथपथ उसका शव पड़ा हुआ था। उसका मोबाइल भी गायब है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार जायसवाल ने बताया कि मृतक के भाई के बयान पर अज्ञात पर केस दर्ज कराया है। जांच की जा रही है। 20 साल पहले पिता की भी बदमाशों ने की थी हत्या परिजनों ने पुलिस को बताया कि हमारी किसी से दुश्मनी नहीं है। अंकित की हत्या किसने और किस उद्देश्य से की, यह हमारी समझ से परे है। मृतक के भाई ने अज्ञात अपराधियों पर हत्या का मामला दर्ज कराया है। इधर, सूत्रों की मानें तो अंकित ही ईंट-भट्ठा का सारा हिसाब-किताब देखता था। वह दो बार मुखिया का चुनाव भी लड़ा था, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली थी। वह आसपास के कई ईंट-भट्ठे में मिट्टी सहित अन्य सामान की आपूर्ति भी करता था। आशंका जताई जा रही है कि पुरानी रंजिश में अपराधियों ने उसकी हत्या की है। ग्रामीणों ने बताया कि 20 वर्ष पहले उसके पिता की भी हत्या कर दी गई थी। अंकित की हत्या के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पत्नी बार-बार बेहोश हो रही थी। देर शाम पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।

# बदमाशों ने अधेड़ को मारी गोली, गंभीर, आक्रोशित लोगों ने NH-80 को किया जाम, गिरफ्तारी की मांग की

निज संवाददाता। मुंगेर



मुंगेर के सफियाबाद थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया है। इस घटना में दो लोगों को गोली लगी है। जिनकी पहचान इंग्लिश गांव निवासी शेख अमीन(50) के रूप में हुई है। जख्मी व्यक्ति ने गांव के ही दो अपराधी कैलू यादव और शंकर साव पर गोली मारने का आरोप लगाया है। गोली उनके दाएं जांघ में लगी है। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी स्थिति सामान्य बना है। वहीं घटना की सुचना मिलते ही ग्रामीणों ने मुंगेर- लखीसराय एनएच 80 सिंघिया इंग्लिश के पास लगभग एक घंटे तक जाम कर अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। जाम की सुचना पर पहुंची सफियासराय थाना पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया और यातायात फिर से बहाल कराया।

**शराब के नशे में थे दोनों**: घायल शेख अमीन बताया कि वह गांव के ही चांद के मुर्गी फार्म में काम करता है। शुक्रवार की रात वह घर के पास अपने परिवार के पास बैठा था, तभी शंकर साव और कैलु यादव टोटो से आ रहा था तभी किसी ने ईंट उन लोगों पर चला दिया। जिसके बाद दोनों आक्रोशित हो गए और फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें एक गोली मेरे जांघ में लग गई। बताया कि दोनों शराब के नशे में थे और अक्सर घर खाली करने को लेकर धमकी देते रहते है। घटना की सुचना के बाद पुलिस ने घायल का बयान ले लिया है और मामले की जांच में जुट गई है। कोतवाली थानाध्यक्ष अमरेश कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और आगे की करवाई जारी है।

# नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान, पार्षद पति पर जानलेवा हमले के बाद मुहिम

## एसएसपी ने की सामाजिक स्तर पर पहल की अपील

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर शहर के वार्ड नंबर-51 के पार्षद पति शशि मोदी पर हमला हुआ था। जिसके बाद एसएसपी ने जनप्रतिनिधियों को सुझाव दिया है। एसएसपी ने सामाजिक स्तर पर वार्ड पार्षद को नशा से दूर रहने के लिए जागरूकता अभियान चलाने को कहा है। हमले के विरोध में नगर निगम के पार्षद, एसएसपी आनंद कुमार से मिले। एसएसपी ने सामाजिक स्तर पर जागरूकता फैलाने के लिए वार्ड नंबर-50 के पार्षद पंकज कुमार गुप्ता से अपील की। पार्षद ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो मैसेज डाला ओर लोगों से नशा से दूर रहने की अपील की।

**नशे के दुष्परिणामों को बताया जा रहा**: इधर, शैक्षणिक संस्थान में छात्र-छात्राओं के बीच नशे के दुष्परिणामों को बताना शुरू कर दिया है। 'एकला चलो रे' तर्ज पर गुप्ता ने भागलपुर में यह बीड़ा उठाई है। पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने भी बताया कि अब और नहीं, घर परिवार और समाज में अपने जानने वाले, चाहने वाले को समझाएंगे। ताकि नशे से वे दूर रहे। दरअसल गणेश पूजा के दौरान पार्षद पति शशि मोदी पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया गया था। इस हमले में गंभीर रूप से वे जख्मी हुए थे। उनका इलाज अभी भी जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है।

# बाढ़ में 15 से अधिक सड़कें बर्बाद, बाढ़ में बह गईं 6 करोड़ की सड़कें

## ♦ पानी उतरते ही एक-एक कर दिख रही दुर्दशा

निज संवाददाता। भागलपुर



बाढ़ का पानी उतरने के साथ सड़कों की दुर्दशा नजर आने लगी है। हालत यह है कि बरसात से पहले बनी सड़क अब पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। 15 से अधिक सड़कें करीब पूरी तरह से जर्जर हो चुकी हैं। इन सड़कों के निर्माण करीब छह करोड़ रुपए खर्च किए गए थे। लेकिन सब बाढ़ के पानी में बह गया। अकेले नाथनगर इलाके में 11 सड़कें पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। जबकि कहलगांव, सबौर, पीरपैंती से लेकर नवगछिया के इलाके की कई सड़कें भी बदहाल हो गई हैं। अब ग्रामीण कार्य विभाग के इंजीनियर बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों का आकलन कर उसके फिर से निर्माण के लिए एस्टीमेट तैयार करने में जुट गए हैं। ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं कि जब विभाग को पता है कि इन इलाके में बाढ़ आती है तो फिर उसके हिसाब से सड़क क्यों नहीं बन रही। नाथनगर की रत्तीपुर बैरिया पंचायत के श्रीरामपुर से गोसाइदासपुर जाने वाली सड़क उखड़ गई है। अलकतरा की परत बह गई। इससे सड़क पूरी तरह से जर्जर हो गई है। जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। खराब सड़क होने से वाहन चालकों की परेशानी बढ़ गई है।कई जगहों पर सड़क का नामोनिशान मिट गया है। रत्तीपर बैरिया पंचायत के श्रीरामपुर से बगीचे की तरफ से रसीदपुर जाने वाली सड़क में पिछले साल ईट सोलिंग कराया गया था। लेकिन बाढ़ के पानी से मिट्टी और ईट बह गई। कुछ सड़क के किनारे के हिस्से क्षतिग्रस्त हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क का निर्माण सही से नहीं कराई गई। इस संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग के सहायक अभियंता पुनीत कुमार ने बताया कि बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों की रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। सभी संबंधित ठेकेदारों को मरम्मत करने को कहा गया है। सड़कों का आकलन भी किया जा रहा है।

**साधुपुर-कुसाहा सड़क बाढ़ के कारण पूरी तरह हो गई बर्बाद**: कहलगांव में साधुपुर-कुसाहा सड़क बाढ़ के कारण कट गई है। यह सड़क 2 महीना पहले बनानी थी। मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ अनुरक्षण विभाग की ओर से इस सड़क का निर्माण कराया गया था। करीब पांच किलोमीटर लंबी सड़क 20 जून, 2024 को बनकर तैयार हुई। इस पर 55.35 लाख रुपए खर्च हुए। लेकिन बाढ़ के पानी से सड़क किनारे से क्षतिग्रस्त हो गई है।

**तहबलपुर से बाइपास के बीच की सड़क जर्जर**: लोदीपुर पंचायत के जगतपुर चौधरी टोला से तहबलपुर चौक होकर बाइपास पहुंच पथ के बीच करीब 2 किलोमीटर लंबी सड़क जर्जर हो गई है। एक तो इस सड़क की स्थिति पहले से खराब थी। इस बारिश में जलजमाव होने के कारण सड़क पूरी तरह से बर्बाद हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि करीब दो वर्षों से सड़क खराब है। इसकी अब तक मरम्मत नहीं हो सकी है। छह वर्ष पहले प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से इसका निर्माण किया गया था। ऐसी स्थिति में सरधो,जीछो, लोदीपुर, खुर्द लोदीपुर सहित कई गांवों के लोग इसी सड़क से आवागमन करते हैं। फिर भी ग्रामीण कार्य विभाग का इस ओर कोई ध्यान नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### किरीबुरू विश्वकर्मा पूजा में चाईना का मंदिर का दर्शन कराएगी

**चाईबासा, एजेंसी।** विश्वकर्मा पूजा के मद्देनजर ठेकेदार वेलफेयर एसोसिएशन, किरीबुरु-मेघाहातुबुरु की अहम बैठक सतीश पांडेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोउल्लास के साथ विश्वकर्मा पूजा मनाने का फैसला किया गया। इस बार चाईना का एक मंदिर का प्रारुप बनाया जायेगा। इसके लिये नयी कमिटी का गठन किया गया। नयी पूजा कमिटी के अध्यक्ष सुरेश टुट्टी, उपाध्यक्ष रत्नेश तिवारी एवं चन्द्रशेखर सिंह, सचिव शैलेन्द्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष बसंत सिंह, संरक्षक सह सलाहकार कमिटी में संत प्रसाद तिवारी, डी के सिंह, सतीश पाण्डेय, ब्रह्मदेव सिंह, बिकेश पांडेय, मुन्ना सिंह, रामाधार सिंह, राकेश पांडेय, पंकज सिंह, राजकपुर गुप्ता, अनिल सिंह, सुरेश रजक, बृजनाथ प्रसाद, सुजीत दास, अरविन्द सिंह, राजकपुर गुप्ता, बीरेन्द्र मिश्रा, दीपक सिन्हा, गोपाल मित्तल, इमिल तोपनो, अशोक मालुवा, फ्रेंक लाफरी, रंजन विश्वाल आदि शामिल किए गये।

### फुसरो में ओवरलोड छाई ट्रांसपोर्ट से प्रदूषण

**बोकारो, एजेंसी।** पेटरवार अंचल के पिछरी गांव में पुराना पंचायत भवन के समीप गुरुवार की रात विस्थापित नेता सुरज महतो की अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक की गई। डीवीसी बीटीपीएस से हाइवा से हो रही ओवरलोड छाई ढुलाई से होने वाली वायु प्रदूषण, सड़क दुर्घटनाओं एवं सड़कों की दुर्दशा पर गंभीरतापूर्वक चर्चा की गई। विस्थापित नेता सुरज महतो तथा समाजसेवी आशीष पाल ने कहा कि ट्रांसपोर्ट कंपनी द्वारा मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन किया जा रहा है। निरंतर फुसरो-जैनामोड़ मुख्य मार्ग से होकर ये हाइवा गुजरते हैं। इस बीच कई गांव पड़ते हैं। इन हाइवा की गति भी तेज रहती है। इन हाइवा की वजह से अबतक कई की मौत व अनगिनत लोग घायल हो चुके हैं। इन हाइवा के चालक भी अनुभवी नहीं होते। ऐसे में इनके चालकों का लाइसेंस, वाहन फिटनेस, इंश्योरेंस, माइनिंग चालान व रूट परमिट सहित अन्य संबंधित जांच की जाय। सड़क की मरम्मत की जाय। छाई प्रदूषण से प्रभावितों के स्वास्थ्य जांच की जाय। मामले में डीसी से मिलकर ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। बंटी मिश्रा, श्याम मिश्रा, विनय पाल, प्रमोद साव, संजय मिश्रा, पिंटू ठाकुर, कुलदीप ठाकुर, शिव प्रसाद, संजय मल्लाह, अर्जुन सिंह, मुकेश सिंह, जग्गू मल्लाह, पंकज मिश्रा आदि थे।

### आदिवासियों-मूलवासियों के दिलों में बसा है करमा का त्योहार

**खूंटी, एजेंसी।** झारखंड के जनजातीय समाज खासकर छोटानागपुर के आदिवासियों के प्रमुख त्योहारों में करमा उनमें से एक है। इस पर्व की विशेषता है कि करमा का त्योहार गैर आदिवासियों में भी उसी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है, जितना आदिवासी समाज। भले ही दोनों की पूजा विधियों और परंपरा में अंतर है, पर सभी जगह करम पेड़ की डाली को गाड़कर उसकी विधि विधान से पूजा की जाती है। कहीं-कहीं करम पेड़ की ही पूजा करने की परंपरा है। गैर आदिवासियों के घरों में पंडित-पुरोहित पूजा कराते हैं, जबकि आदिवासी समाज में पाहन पूजा कराता है और करम-धरम की कहानी सुनाता है। आदिवासी समाज में अखड़ा में सामूहिक रूप से करम पूजा की जाती है, जबकि सदानों के घरों के आंगन में करम की डाली को गाड़कर पूजा करने की परंपरा है, लेकिन सदानों के घरों में भी पाहन ही करम की डाली गाड़ता और पहली पूजा वहीं करता है। उसके बाद ही पंडित पुजारी पूजा कराते हैं। दोनों ही समाज में करमा का त्योहार भद्रपद( भादो ) महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को ही मनाई जाती है। इस बार 14 सितंबर शनिवार को पूरे झारखंड में यह त्योहार मनाया जाएगा। जिस प्रकार जनजातीय समाज के मुंडा, उरांव, हो, संताल सहित अन्य समुदायों में करमा मनाया जाता है, उसी प्रकार हिंदू समाज के ब्राह्मण, राजपूत, तेली, कुर्मी, कोइरी, हरिजन, कुम्हार, बनिया सहित सभी जातियों में यह पर्व श्रद्धाभाव से मनाया जाता है। अखिल भारतीय सरना समाज के नेता और जनजातीय समाज के रीति-रिवाजों को नदजीक से जानने वाले भीम मुंडा बताते हैं कि करमा का त्योहार बहनें अपने भाइयों की सुख-समृद्धि और लंबी आयु के लिए करती हैं। साथ ही धान रोपनी के बाद इस पर्व को मनाने का कारण है अच्छी फसल के लिए ईश्वर की आराधना। भीम मुंडा ने कहा कि यह त्योहार भाई-बहन के पवित्र संबंध और अटूट प्रेम को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि करमा पर्व को आदिवासी संस्कृति का प्रतीक माना जाता है।

# भागलपुर-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल सफल, 15 सितंबर को होगा शुभारंभ



**दुमका, एजेंसी।** भागलपुर से हावड़ा के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन का शुक्रवार को दुमका तक ट्रायल हुआ। ट्रेन दोपहर ढाई बजे एक सौ की स्पीड में दुमका स्टेशन पहुंची और आधा घंटे के बाद भागलपुर वापस लौटे गई। हालांकि, स्टेशन पहुंचने से पहले ट्रेन की गति काफी कम हो गई थी।

मालदा डिवीजन के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता ने ट्रैक से लेकर हर चीज को परखा। उन्होंने ट्रेन के अंदर स्टेशन मास्टर टीवी यादव से और भी जानकारी ली। डीआरएम ने बताया कि यह ट्रेन शुक्रवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन लगातार चलेगी। इस ट्रेन में आठ कोच हैं। चार कोच एक्जीक्यूटिव ओर चार चार चेयर कार है। एक का किराया 17 सौ के आसपास व चेयर का किराया आठ सौ रुपया के आसपास हैं।

15 सितंबर की दोपहर 11 बजे भागलपुर में इसका शुभारंभ होगा। रात को आठ बजे ट्रेन हावड़ा पहुंच जाएगी। इसके बाद 17 सितंबर से ट्रेन का विधिवत परिचालन शुरू हो जाएगा।

17 को यह ट्रेन हावड़ा से 7.45 खुलेगी और दुमका 11.23 बजे पहुंच जाएगी। दो मिनट रूकने के बाद भागलपुर के लिए रवाना हो जाएगी। 2.05 बजे भागलपुर पहुंच जाएगी।

भागलपुर से 3.20 बजे खुलेगी और दुमका 5.17 बजे दुमका पहुंच जाएगी। इसके बाद रात 9.20 पर हावड़ा पहुंच जाएगी। कुल नौ जगह पर ट्रेन का स्टापेज रहेगा।

डीआरएम ने बताया कि इस ट्रेन को पूरी तरह से आधुनिकता के आधार पर तैयार किया गया है। ऐसा सुरक्षा कवच लगा है। अगर किसी तरह के हादसे की संभावना होगी तो ट्रेन में अपने आप ब्रेक लग जाएगी।

इतना नहीं, हर कोच में सीसीटीवी है। पूरी ट्रेन में बाहर से चार सीसीटीवी कैमरा लगा है। जो हर संदिग्ध गतिविधि को रिकार्ड कर लेगा। पहले भी वंदे भारत ट्रेन में पथराव हुआ था, कैमरे की वजह से मुख्य आरोपित पकड़ा जा चुका है।

## डालटनगंज में सप्ताह में दो दिन रुकेगी वंदे भारत

**मेदिनीनगर, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को टाटानगर रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इसको लेकर दक्षिण पूर्व रेलवे के द्वारा टाटानगर रेलवे स्टेशन पर तैयारियां की जा रही है। इधर, रेलवे बोर्ड ने टाटा से पटना तक चलने वाली वंदे भारत ट्रेन की समय सारणी जारी कर दी है। इसके तहत सप्ताह में दो दिन रविवार व सोमवार को वंदे भारत ट्रेन मुरी-बरकाकाना-डालटनगंज-गढ़वा रोड-सोननगर-गया के रास्ते चलेगी। इस ट्रेन में कुल आठ कोच होंगे। इसमें कुल 530 लोगों को बैठने की व्यवस्था होगी।यह टाटा से चलने के बाद चंडिल, मुरी, बरकाकना, डालटनगंज, गढ़वारोड, सोननगर एवं गया में रुकते हुए पटना जंक्शन पहुंचेगी। वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत से पलामू व गढ़वा जिला के यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ त्वरित आवागमन का लाभ मिलेगा। 22 सितंबर दिन रविवार को ट्रेन संख्या 21893 सुबह 05.30 बजे टाटा से रवाना होगी और 10.42 बजे डालटनगंज रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। दो मिनट के ठहराव के बाद 10.44 बजे ट्रेन खुलेगी और 11.50 बजे गढ़वा रोड जंक्शन पहुंचेगी। जहां पांच मिनट ठहराव के बाद 11.55 बजे खुलेगी और गया, सोननगर में ठहराव के बाद 15.55 बजे पटना जंक्शन पहुंचेगी।

## झारखंड के लाभार्थियों को 15 सितंबर को पहली किस्त जारी करेंगे पीएम मोदी, चुनाव से ठीक पहले केंद्र का बड़ा तोहफा

**रांची, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 सितंबर को झारखंड राज्य के लाभार्थियों को पीएम आवास-ग्रामीण की पहली किस्त प्रदान करेंगे। केंद्रीय ग्रामीण विकास तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी झारखंड राज्य के लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभार्थियों को पहली किस्त हस्तांतरित करेंगे। उन्होंने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान गरीब की बुनियादी जरूरत है। वे प्रधानमंत्री आवास योजना.ग्रामीण के कार्यक्रम में दो करोड़ नए सुविधा संपन्न घरों के आवंटन का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में झारखंड के लगभग 20 हजार लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र का वितरण होगा।इसके अतिरिक्त, पांच करोड़ से अधिक की धनराशि सीधे लाभार्थियों के बैंक अकाउंट में सिंगल क्लिक के जरिए ट्रांसफर करेंगे। 46 हजार लाभार्थियों के नवनिर्मित घरों का गृह प्रवेश करेंगे।शिवराज सिंह ने कहा कि यह एक महा आयोजन है, जो आने वाले दिनों में योजना के आगे कार्यान्वयन के लिए एक प्रोत्साहन होगा। वर्तमान वित्तीय वर्ष में झारखंड को 1,13,195 आवासों का लक्ष्य दिया गया है, जिसके लिए 187.79 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है। केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना ( पीएमजीएसवाई ) के चौथे चरण का शुभारंभ किया जा रहा है।

## रांची में दुर्गा पूजा पंडाल के निर्माण पर अड़ंगा, प्रशासन-समिति में तल्खी



**रांची , एजेंसी।** रांची में पुरानी विधानसभा मैदान में बन रहे शहर के सबसे बड़े दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण बिना कोई कारण बताए जगन्नाथपुर पुलिस ने रोक दिया। थाना प्रभारी दिग्विजय सिंह ने गुरुवार रात में श्रमिकों को पंडाल निर्माण करने पर जेल भेजने की धमकी भी दी। शुक्रवार सुबह भी कारीगरों को काम करने से रोका गया। मामले का पता चलने पर पूजा समितियों के अलावा शहर के लोगों ने निर्माण रोकने का विरोध जताते हुए सड़क पर उतरने की चेतावनी दी।

श्रीराम लला पूजा समिति के लोगों ने थाना प्रभारी से काम रोकने का कारण पूछा तो उन्होंने पूजा के लिए लाइसेंस नहीं लेने की बात कही। साथ ही कहा कि ऊपर से आदेश है कि आयोजन रोका जाए। श्री रामलला पूजा समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने कहा कि बिना किसी लिखित आदेश के थाना प्रभारी ने काम रुकवाया है।

दोपहर तीन बजे विधायक नवीन जायसवाल, सीपी सिंह समेत कई पूजा समितियों के प्रतिनिधि पहुंचे। जायसवाल ने पूजा समितियों के प्रतिनिधियों के साथ हाथ में हथौड़ा लेकर पंडाल निर्माण पुनः शुरू कराया। इस अवसर पर रांची जिला दुर्गा पूजा समिति के विक्की यादव, मुनचुन राय, कुणाल आजमानी, अशोक चौधरी, पवन सिंह, हरेंद्र सिंह के अलावा काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

समिति के महासचिव कुणाल आजमानी ने बताया कि पंडाल निर्माण के लिए एचईसी से अनुमति लेकर 9 लाख रुपए किराया जमा किया गया है। 300 वाहनों के लिए रेलवे की जमीन पार्किंग के लिए ली गई है। पूजा आयोजन की एसएसपी से लेकर अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दी जा चुकी है। बावजूद इसके निर्माण कार्य रोका जा रहा है। कोई भी अधिकारी लिखित में आदेश नहीं दे रहा है।

जिला प्रशासन के अनुसार दो दिन पहले ही समिति ने पूजा करने की सूचना दी है। लेकिन भीड़ को नियंत्रित करने आदि की व्यवस्था क्या होगी, इसकी जानकारी नहीं दी गई है। धार्मिक आयोजन को रोका नहीं जा सकता, लेकिन व्यवस्थाओं की जानकारी दी जानी चाहिए।

## रॉड से मारकर भाभी को उतारा मौत के घाट, कोर्ट ने देवरों को सुनाई उम्रकैद



**धनबाद, एजेंसी।** जमीन विवाद में रॉड से मार कर भाभी की हत्या करने के मामले में शुक्रवार को अदालत ने अपना फैसला सुनाया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुलदीप मान की अदालत ने सहायक लोक अभियोजक उमेश दीक्षित की दलील सुनने के बाद भूली बी ब्लॉक निवासी रंजीत कुमार पासवान, अजीत पासवान को उम्रकैद की सजा एवं दस हजार रुपए जुर्माने से दंडित किया। पांच सितंबर को अदालत ने दोनों को दोषी करार दिया था और सजा की बिंदु पर सुनवाई के लिए 13 सितंबर की तारीख निर्धारित की थी।

प्राथमिकी मृतका पिंकी देवी के पति संजय पासवान की शिकायत पर बैंकमोड़ थाने में 30 अप्रैल 2022 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक 30 अप्रैल 2022 के दोपहर 12 बजे आरोपी एकमत होकर पिंकी के घर में पिछले दरवाजे से घुस गए। संजय पासवान एवं उसकी पत्नी पिंकी देवी के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट करने लगे, जब बचाने उसकी पुत्री सोनम आई तो उससे भी मारपीट करने लगे। अजीत एवं रंजीत पासवान ने लोहे की रॉड से पिंकी के सिर पर मारकर उसे जख्मी कर दिया और उसे रेलवे लाइन के किनारे ले गए, धक्का देकर लाइन पर गिरा दिया।

सूचना पर पुलिस आई और पिंकी को पीएमसीएच ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 28 जुलाई 2023 को दोनों के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था। पांच अक्तूबर 2023 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी। इस दौरान अभियोजन ने आठ गवाहों का परीक्षण कराया था।

### किशोरी से दुष्कर्म में दोषी करार, सजा 17 सितंबर को

किशोरी से दुष्कर्म के मामले में शुक्रवार को अदालत ने अपना फैसला सुनाया। पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद पुटकी निवासी सपन कालिंदी को दोषी करार दिया। सपन इस मामले में फरार चल रहा है, जिसकी अनुपस्थिति में ही अदालत ने अपना निर्णय सुनाया। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 17 सितंबर की तारीख निर्धारित की है। प्राथमिकी पीड़िता की मां की शिकायत पर पुटकी थाना में दर्ज की गई थी।

## विद्युत आपूर्ति के लिए एसबीआई ने की डीवीसी की बड़ी मदद, 10,050 करोड़ रुपये का ऋण किया मंजूर



**रांची, एजेंसी।** एसबीआई ने डीवीसी को विद्युत आपूर्ति के लिए बड़ी मदद की है. भारतीय स्टेट बैंक ने दामोदर वैली कॉरपोरेशन डीवीसी के लिए 10,050 करोड़ रुपये का मंजूर कर लिया ऋण. यह लोन अल्ट्रा सुपर थर्मल प्रोजक्ट के लिए स्वीकृत किया गया है. यह परियोजना भारत की बढ़ती उर्जा जरूरतों के अनुरूप 1600 मेगावाट बिजली क्षमता की वृद्धि का प्रयास है. लोन समझौते का आदान प्रदान एसबीआई की वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया है.

बता दें कि यह साल 2030 तक देश की बढ़ती उर्जा की मांग को पूरा करने की दिशा में सरकार की रणनीति का हिस्सा है. यह बिजली की बुनयादी ढांचों को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम है. उल्लेखनीय है कि डीवीसी के पास झारखंड के कोडरमा में एक मौजूदा 2म500 मेगावाट थर्मल पावर प्लांट है. जो कि बिजली आपूर्ति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है. इससे स्थानीय और क्षेत्रीय स्तर पर बिजली की मांग पर्याप्त मात्रा में पूरी होती है.

ऋण समझौते का आदान-प्रदान एसबीआई के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया. जिसमें अश्विनी कुमार तिवारी, प्रबंध निदेशक (कॉर्पोरेट बैंकिंग और सहायक) गुलशन मलिक, अमिताभ चटर्जी, उप प्रबंध निदेशक (वाणिज्यिक ग्राहक समूह) शामिल थे. वहीं, डीवीसी की तरफ से अरूप सरकार, जॉयदीप मुखर्जी, और दुर्गेश मैती, शामिल थे.

दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) भारत का एक सरकारी स्वामित्व वाला निगम है. जिसकी स्थापना 1948 में दामोदर नदी घाटी के विकास और प्रबंधन के लिए की गई थी, जो पश्चिम बंगाल और झारखंड के कुछ हिस्सों को कवर करती है. इसका गठन दामोदर नदी की जलविद्युत क्षमता का दोहन करने और क्षेत्र में सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण प्रदान करने के लिए किया गया था. यह घाटी में कई बांधों, जलाशयों और जलविद्युत संयंत्रों का संचालन करता है.

## झारखंड की परंपरा और पहचान है करमा




**रांची, एजेंसी।** विश्व के विभिन्न जगहों पर उसकी भौगोलिक स्थिति के आधार और विज्ञान के अनुसार उसके विभिन्न रूप और सांस्कृतिक नियम देखे जाते हैं. हमारे झारखंड इलाके के भी लोग सहज और सरल भाव से नियम व अनुष्ठान करते हैं. अपने ऐश्वर्यपूर्ण सांस्कृतिक त्योहारों में विचित्र आकर्षणों के साथ लोग तन-मन-धन से लीन हो जाते हैं. ज्ञान-विज्ञान के साथ लेकर सही ढंग से यदि हम विश्लेषण करे तो झारखंड की संस्कृति के महत्व को समझ पायेंगे. विश्वव्यापी कल्याण की कामना करने वाली संस्कृति है झारखंड इलाके की. ऐसा ही पर्व है 'करमा पर्व' जो कि झारखंड का प्रमुख पर्व है.

करमा पर्व के आदि से अंत तक के नियम की ओर यदि हम गौर करें तो ये नियम सर्वशक्तिमान भगवान की ही याद दिलाते हैं. कर्म-ज्ञान को मानव-समाज में युग-युगांतर तक अटूट रखने का भी स्मरण यह पर्व करता है. इसके उदाहरण हमें लोकोक्तियों एवं पर्व के रीति-रिवाजों में मिलते हैं. इस पर्व में प्रतीक स्वरूप एक करमडाला होता है, जिस पर निर्धारित पर्व, तिथि के दिन उपासकों द्वारा उस 'डाला' पर पवित्रता के साथ नौ प्रकार के अनाजों के बीजों का मिट्टी-बालू देकर बो दिया जाता है. उन बीजों को सूर्य देव को अर्पित कर देने का नियम है. सूर्य के साथ पवन-आकाश, पानी और मिट्टी पंचभूत के रूप में अर्पित करने का नियम प्रत्यक्ष रूप से प्रकृति रूपी ईश्वर की याद दिलाता है. इस प्रकृति-रूपी ईश्वर को जानने के लिए तस्वीर, प्रतिमा, नाम, मंदिर, मस्जिद एवं गिरिजाघरों की जरूरत नहीं पड़ती. इस सांस्कृतिक नियम के द्वारा यही समझा जाता है कि सीधा प्रकृति का जो रूप हमें देखने को मिलता है वहीं ईश्वर का सही रूप है. इस पर्व में उसी रूप में ईश्वर को मानने का नियम है. साथ ही साथ झारखंड इलाके का यह आदिपर्व है. यह महान सांस्कृतिक पर्व हम सबों को याद दिलाता है कि पूरा विश्व ईश्वर का रूप है. इस पर्व के नियमों की महानता यह है कि सारे विश्व के मानव को साथ बांध कर रखा जा सकता है.

इस पर्व को भाई-बहन का पर्व भी कहा जाता है. निष्काम कर्मों का ख्याल रखने हेतु भाई अपनी बहनों को इस पर्व में हर संभव सहयोग दिया करते हैं. तथा बहन भी निष्ठा भाव के साथ अपन भाइयों के लिए भक्ति भाव से मौलिक प्राकृतिक महाशक्ति से प्रार्थना करती है कि मेरा भाई संपूर्ण शक्तियों एवं गुणों से विभूषित होकर दीर्घायु बने तथा करम पर श्रद्धा रखकर समाज का उत्थान करें. समाज में सभी संबंधों से भाई-बहनों का संबंध मधुर होता है. इस संबंध में विकास एवं दुनिया में आखिरी काल तक इसको बरकरार रखने का इस पर्व के द्वारा हर साल संकल्प लिया जाता है.

इस पर्व के अवसर पर एक प्रचलित लोककथा सुनाई जाती है, जिसे करम-धरम की कहानी कही जाती है. इस कथन को गौर से विश्लेषण करने से एक उन्नत आध्यात्मिक तत्व निखरते हैं. करम और धरम दो भाई को स्वरूप अर्थात् कर्म और धर्म को ही जाना जाता है.

## देवघर में चेन छिनतई की घटना बढ़ी: तीन दिन में हुई तीन वारदात, छात्र से छिने मोबाइल फोन और चांदी का ब्रेसलेट



**देवघर, एजेंसी।** देवघर शहर में चेन छिनतई की घटना में काफी इजाफा हुआ है। आए दिन शहर के गली मोहल्ले में घटना सुनने को मिलता है। बीते तीन दिन में चेन छिनतई की तीन घटना हो चुकी है। घटना के बाद पुलिस को सूचना भी दी जाती है, लेकिन पुलिस न चीजें बरामद कर पा रही हैं और न ही घटना पर लगाम लगा पा रही है। ऐसे में पुलिस के खिलाफ स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है।

**मॉर्निंग वॉक के दौरान हुई दो घटना :** जानकारी के मुताबिक दो दिन पहले करणीबाद अंबे गार्डन के समीप एक महिला मॉर्निंग वॉक करने आई थी। बदमाशों ने गले से चेन छीन कर ले भागा। वहीं बरमसिया में मॉर्निंग वॉक करती महिला के साथ ऐसी ही घटना को अंजाम दिया गया।

**छात्र से छिने मोबाइल फोन और चांदी का ब्रेसलेट :** नगर थाना क्षेत्र के आंबेडकर पुस्तकालय के पास शुक्रवार की शाम एक छात्र से बदमाशों ने मोबाइल फोन व चांदी का ब्रेसलेट छीनकर भागने की कोशिश की। छात्र ने शोर मचाया, जिससे स्थानीय लोग एकत्रित होकर बदमाश को पकड़ लिया। बदमाश के पास से छात्र का मोबाइल फोन और चांदी का ब्रेसलेट बरामद हुआ।

बदमाश अपना नाम शिव कुमार एवं घर सालोना टाढ बताया है। नगर थाने की पुलिस के पहुंचने पर लोगों ने अपराधी को सौंप दिया गया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। छिनतई के शिकार बेलाबगान निवासी छात्र लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पकड़ा गया बदमाश बरमसिया का रहने वाला बताया जा रहा है।

## रांची में 8 जगहों पर 35 रुपये किलो प्याज, ऑफर सीमित है जल्द करें खरीदारी



**रांची, एजेंसी।** प्याज के दाम को नियंत्रित रखने के लिए केंद्र सरकार हरसंभव कोशिश कर रही है। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने बढ़ते हुए मूल्य पर नियंत्रण के लिए बफर स्टाक के प्याज को सस्ते दरों पर प्याज बेचने का निर्देश दिया है। इस क्रम में रांची सहित आधा दर्जन बड़े शहरों में 35 रूपये प्रतिकिलो प्याज की बिक्री शुरू की गई है।

झारखंड की राजधानी रांची में नेफेड और एनसीसीएफ की तरफ से आठ स्थल चिन्हित किए गए हैं। यहां मोबाइल वैन लगाकर रियाती दरों पर प्याज की बिक्री शुरू की गई है। आमलोगों के लिए कांके रोड (स्पीकर निवास के पास), पिस्का मोड़ , मोरहाबादी , चांदनी चौक कांके , लालपुर चौक , बिरला मैदान, बहु बजार और बरियातू में मोबाइल वैन के माध्यम से बिक्री की जारही है।

उपभोक्ता यहां से 35 रूपये प्रति किलो की दर से प्याज खरीद रहे हैं। जिससे उन्हें मंहगाई से राहत मिल रही है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने बताया कि नेफेड और एनसीसीएफ के मोबाइल वैन के अलावे विभिन्न ई-कामर्स प्लेटफार्म, सफल आउलेट और केंद्रीय भंडार पर भी कम मूल्य पर प्याज खरीदा जा सकता है। देश में प्याज की कोई कमी नहीं है।

बफर स्टॉक के तहत 4.7 लाख टन प्याज की खरीद की गई थी । किसानों और व्यापारियों के पास भी पर्याप्त प्याज का भंडारण है। सरकार ने प्याज की कीमतों पर नजर रखने के लिए 550 केंद्रों पर निगरानी रखी है। रांची सहित अन्य जगहों पर केंद्र सरकार की इस पहल से लोग लाभान्वित होंगे।नेफेड और एनसीसीएफ की तरफ से कहा गया है कि सस्ते प्याज की खरीद में उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए हरसंभव कोशिश की जाए। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने बताया कि रांची के अलावे दिल्ली-एनसीआर 50 और मुंबई 50, चेन्नई 19, गुवाहटी 11 और भुवनेश्वर में 10 जगहों पर मोबाइल वैन के माध्यम से रियाती मूल्य पर प्याज बेचे जा रहे हैं । अगले कुछ दिनों में देश के अन्य शहरों में भी शुरू की जाएगी । खाद्य मुद्रास्फीति और खुदरा मुद्रास्फीति को कम करने हरसंभव कोशिश की जा रही है। आम लोगों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### हत्यारोपी इरशाद मुठभेड़ में गिरफ्तार: बरेली में चाकू से रेता था दोस्त का गला

**बरेली, एजेंसी।** बरेली के मीरगंज थाना क्षेत्र में युवक की हत्या के आरोपी को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया। मीरगंज से नौसना जाने वाले मार्ग पर शनिवार तड़के करीब चार बजे हुई मुठभेड़ में पुलिस ने पैर में गोली मारकर आरोपी को पकड़ा है। पूछताछ में आरोपी ने सनसनीखेज खुलासा किया है।

एसपी दक्षिणी मानुष पारीक ने बताया कि मुठभेड़ में पकड़ा गया आरोपी इरशाद है। उसने 11 सितंबर की रात अपने दोस्त की हत्या कर दी थी। इसके बाद फरार हो गया था। पुलिस की पूछताछ में इरशाद ने बताया कि करीब पांच साल पहले दोस्त ने उसके साथ जबरन समलैंगिक संबंध बनाए थे। उस वक्त में उसका विरोध नहीं कर पाया था लेकिन इसकी खुन्नस वह दिल में पालकर बैठा था। उसके दिल में बदले की आग सुलगती रही।

इरशाद ने बताया कि घटना वाले दिन उसने बहाने से दोस्त को बुलाया। उसे कई तरह की शराब पिलाई। शराब पीने से उसको नशा हो गया। इसके बाद इरशाद ने चाकू से उसका गला रेत दिया और शरीर पर कई प्रहार किए। युवक के विरोध पर इरशाद को भी एक-दो जगह चाकू लगा। घटना के बाद वह भाग गया था। एसपी दक्षिणी ने बताया कि आरोपी इरशाद को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे जेल भेजा जाएगा।

### पत्नी और सास ने तबाह किया जीवन, उन्हें माफ नहीं करना...पति ने छोड़ दी दुनिया, आखिरी वीडियों में बताया दर्द

**आगरा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में एक युवक ने पत्नी और सास के उत्पीड़न से तंग आकर अपनी जीवन लीली समाप्त कर ली। मरने से पहले उसने वीडियो बनाया, जिसमें साफ-साफ कहा कि उसकी मौत की जिम्मेदार पत्नी और सास है। मरने के बाद उन्हें छोड़ना नहीं। कालिंदी बिहार के रहने वाले 32 वर्षीय दुष्यंत गौतम ने फंदे पर लटक कर अपनी जान दे दी। आत्महत्या करने से पहले दुष्यंत गौतम ने इंस्टाग्राम पर लाइव वीडियो बनाया। इस वीडियो में बताया कि उसकी मौत की वजह पत्नी और उसकी सास है। सास ने उसकी पत्नी और बच्चों को दूर कर दिया है, जिससे वो आहत है। वीडियो में उसने बताया कि मैं बुजदिल नहीं हूं, मेरी मौत के बाद पत्नी और सास को छोड़ना नहीं।

### घर के बाहर से तीन दिन पहले लापता हुआ था बालक

**आगरा, एजेंसी।** कासगंज के पटियाली क्षेत्र के अलीपुर दादर से तीन दिन पूर्व लापता हुए बालक का शव तालाब से बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अलीपुर दादर निवासी विवेक 9 वर्ष पुत्र सुरेंद्र 12 सितंबर को सुबह 10:00 बजे घर से गया हुआ था। उसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजन ने उसकी तलाश भी की लेकिन पता नहीं चला। परिजनों ने कोतवाली में शुक्रवार को गुमशुदगी दर्ज कराई थी। शनिवार को सुबह उसका शव तालाब से बरामद हुआ। बालक के होठों पर चोट के निशान पाए गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बालक की मौत से परिवार में चीत्कार मचा हुआ है।

### विवेचना में लापरवाही पड़ी भारी, एसएसपी ने क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर को किया निलंबित

**बरेली , एजेंसी।** बरेली में एसएसपी अनुराग आर्य ने क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर नरेशपाल को विवेचना में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया है। नरेशपाल धोधाखड़ी के मामले में जांच कर रहे थे। उन्होंने आरोपी की गिरफ्तारी और फिर बाद में रिमांड लेने में लापरवाही बरती। लापरवाही और अनुशासनहीनता में एसएसपी ने शुक्रवार को उनको तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। तीन दिन पूर्व एक इंस्पेक्टर और दरोगा पर गाज गिरी थी। तब एसएसपी अनुराग आर्य ने जनसुनवाई में लापरवाही और विवेचना के नाम पर सुस्ती बरतने पर आंवला थाने के इंस्पेक्टर क्राइम देवेंद्र सिंह और प्रेमनगर थाने के दरोगा कृपाल सिंह को निलंबित किया था। आंवला कोतवाली के इंस्पेक्टर क्राइम देवेंद्र सिंह को एक मुकदमे की विवेचना 20 अगस्त को दी गई थी लेकिन 21 दिन बीतने के बाद भी उन्होंने विवेचना ग्रहण नहीं की।

# अच्छी लड़की से शादी... गरीब हिंदू लड़कों को लालच देता था डॉ. उमर

**फतेहपुर , एजेंसी।** करीब तीन दशक से धर्मांतरण में सक्रिय मौलाना डॉ. उमर गौतम ने मूल जिले में मुस्लिम धर्म की ओर लोगों का रुझान बढ़ाने के लिए कई गुर्गे तैयार किए थे। यह लोग गरीब हिंदुओं से दोस्ती करते थे। इसके बाद नौकरी, अच्छी लड़की से शादी समेत कई प्रलोभन देकर धर्मांतरण के लिए हिंदुओं को प्रेरित करते थे। मौलाना उमर गौतम ने 20 साल की उम्र में धर्म परिवर्तन किया था।

धर्मपरिवर्तन के बाद पैतृक जिले में शुरूआत से ही उसका रुझान था। वह पिता और परिवार के डर से नहीं आता था। पिता की मौत के बाद उमर ने गांव और आसपास क्षेत्र के लोगों को प्रभावित किया। शहर का रहने वाला कट्टरवाद को लेकर चर्चित एक शिक्षित मौलाना को अपना शार्गिद बनाया।

दूसरा अंदौली स्थित एक मस्जिद में धार्मिक सभाएं कर चार से पांच अपने पक्के गुर्गे तैयार किए। इनमें एक हिंदू परिवार ने मौलाना का अनुसरण कर धर्मपरिवर्तन कर लिया। इस तरह से हसवा, हथगाम, टीसी, थरियांव, उसरैना, सनगांव समेत कई स्थानों पर अपने लोग बनाए थे।

वह सभी उमर गौतम के लिए हैंडलर का काम करते थे। वे ही सभाओं की तैयारी करते थे और हिंदुओं का जमावड़ा लगवाते थे। खाड़ी देशों में इस्लाम कबूलने पर नौकरी और अच्छी लड़की से शादी का झांसा देते थे।

**दो छात्राओं का धर्मांतरण कराया था:** दिल्ली में मौलाना उमर गौतम की गिरफ्तारी के बाद धर्मपरिवर्तन के तार प्रयागराज से भी जुड़े थे। प्रयागराज का एक प्रोफेसर खुफिया एजेंसियों के रडार पर आया था। प्रयागराज की एक छात्रा ने भी हिंदू धर्म छोड़कर इस्लाम अपनाने का फैसला किया था। छात्रा को प्रोफेसर ने उमर के कहने पर ही धर्मांतरण के लिए प्रेरित किया था। इसके अलावा कानपुर



घाटमपुर निवासी एक 25 वर्षीय छात्रा का भी धर्म परिवर्तन कराया गया।

**पूर्व पीएम वीपी सिंह को बताया था चाचा:** धर्मांतरण के लिए लोगों का माइंड वाश करने के लिए उमर ने हर फंडा अपनाया। मौलाना उमर ने अपने ट्विटर अब एक्स पर अपनी प्रोफाइल पर पूर्व पीएम वीपी सिंह का भतीजा बताया। एटीएस की धरपकड़ के बाद जांच के दौरान झूठ पकड़ में आ गया।

फतेहपुर जिले में धर्मांतरण का रैकेट चलाने वाले मास्टर माइंड मो. उमर गौतम ने जनपद के एक दर्जन से अधिक इलाकों में अपना जाल बिछा रखा था। उन्हें अंदौली के एक हिंदू परिवार को इस्लाम धर्म परिवर्तन के बाद फर्श से अर्श तक पहुंचाने का झांसा देता था। जनपद में उसके घर को देखकर लोग आकर्षित होते थे और मौलाना के जाल में फंस जाते थे। मौलाना ने पिछले दस सालों में 50 से अधिक परिवार का धर्मांतरण कराया। वे लालच में फंसे, लेकिन वे सहूलियतें उन्हें नहीं मिलीं। घर भी छूट गया।

श्याम प्रताप सिंह से उमर गौतम बनने के बाद परिवार संग दिल्ली के जामिया नगर बटला हाउस नूह मस्जिद को अपना ठिकाना बनाया। उसने अपनी धार्मिक संस्था इस्लामिक दावा सेंटर (आईडीसी) के जरिए जिले के लोगों को जोड़ने व फंडिंग का काम शुरू किया। यहां सबसे अधिक उमर के अनुयायी अंदौली में हैं। उसने इसी क्षेत्र से धर्म परिवर्तन का काम भी शुरू किया। सबसे पहले यहां के एक गरीबी हिंदू परिवार को रुपये का लालच देकर इस्लाम कुबूल कराया। उसके टूटे फूटे घर को आलीशान कोठी में बदल दिया। इसकी चर्चा आग तरह फैली थी। मौलाना भी अपनी सभाओं में बेझिझक उसको फर्श से अर्श तक पहुंचाने का जिक्र करता था। गांव समेत अन्य इलाकों के लोग उसके घर को देखने तक पहुंचते थे। उसे देखकर लालच में फंसे। इससे अंदौली में कई परिवारों का धर्मपरिवर्तन हुआ। इसके साथ ही पंथुवा के खेल्लन ने भी 15 साल पहले इस्लाम धर्म में परिवर्तन कर लिया। वह भी अंदौली के निवासी के संपर्क में था। उसे भी रातों रात अमीर बनाने का सपना दिखाया गया था। इस समय वह कानपुर में रहता है। इसी तरह इसी गांव का विजय मौर्या का भी धर्मपरिवरत्न कराया। वहीं मौलाना का सनगांव, टीसी, हसवा, थरियांव, उसरैना समेत कई इलाकों में बड़ा प्रभाव था। वह एक स्थान पर एकत्र करके लोगों को मुस्लिम बनने पर अमीर बनने का सपना दिखाता था। कई जगह फंडिंग भी करके अपना रौब गांठता था।

**1984 में किया था धर्म परिवर्तन:** वह 1984 में धर्मपरिवर्तन कर क्षत्रिय से मुस्लिम बना था। खुद के धर्म परिवर्तन को नसीहत का रूप देकर लोगों को बरगलाता था। राधानगर क्षेत्र का अंदौली गांव उमर गौतम के कार्यक्षेत्र का हब बना था। वह अंदौली गांव में एक स्थान पर साल में एक से दो बार आता-जाता रहा है। यहां उसका मसीहा की तरह अनुयायी स्वागत करते थे। अनुयायी मौलाना के आने की बात पहले से फैला देते थे। लोगों को उनकी तकरीर सुनने का झांसा देकर बुलाते थे।

यहां इस्लाम कबूलने पर जन्नत और सारे शौक पूरे होने का विश्वास दिलाकर लोगों के जेहन में मुस्लिम धर्म की रुचि पैदा करता था। गरीबों को खासतौर पर बरगलाया जाता था।

### देश और विदेश तक फैला था नेटवर्क

तीन दशक में मौलाना उमर गौतम ने अपना नेटवर्क देश और विदेश तक फैला लिया था। इसके पीछा उसका शातिर दिमाग था। वह दीनी बातों से खास तौर से युवाओं को इस्लाम धर्म के प्रति प्रभावित करता था। एटीएस ने उसके नेटवर्क की पाकिस्तान, कतर और कुवैत तक होने की जांच की थी। मो. उमर गौतम को इस्लाम धर्म के लिए कुछ भी करने को तैयार हो गया था। यह सब कुछ इस्मालिक स्टडी के पीएचडी करने के बाद हुआ था। उसने सोशल मीडिया पर अपना यू-ट्यूब चैनल भी चालू किया था। इसमें वह सारी सभाओं के वीडियो अपलोड करता था। उसके वीडियो देखकर युवा खास तौर पर प्रभावित होते थे। वह घूम-घूमकर लोगों को धर्मांतरण के लिए उकसाने के लिए जनसभाएं करता था। जिले के अलावा उसने कानपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बांदा, रायबरेली, गोरखपुर, बिजनौर, खतौली से लेकर केरल, आंध्रप्रदेश, हैदराबाद, दिल्ली, नोएडा, मेरठ, मुजफ्फरनगर तक नेटवर्क फैला रखा था। एटीएस की पूछताछ में उसके कई कनेक्शन सामने आए थे। सूत्रों के मुताबिक, वह सभाओं में कहता था कि उसका मकसद भारत में इस्लाम कायम करना है। यूरोप, अफ्रीका, अमेरिका तक सभाएं कर खुद को इस्लाम धर्म का मसीहा मानने लगा था।

# दबंगों ने घर में घुसकर की गालीगलौज, विरोध पर युवक के सीने में मारी गोली, हालत गंभीर

**बरेली , एजेंसी।** बरेली के बारादरी थाना क्षेत्र के जोगी नवादा में दबंगों ने एक घर में घुसकर गालीगलौज की। विरोध करने पर दबंगों ने एक युवक के सीने में गोली मार दी और भाग गए। परिजनों ने घायल युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। वहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

शुक्रवार देर रात जोगी नवादा निवासी महफूज अपने घर में थे। महफूज के परिजनों ने बताया कि मोहल्ले का निवासी आदिल व उसका भाई घर में घुस आए। वह दोनों गालीगलौज करने लगे। महफूज नई घर से निकलकर गालीगलौज का विरोध किया। इस दौरान दोनों भाई फायरिंग करने लगे।

### मिशन अस्पताल में कराया गया भर्ती

एक गोली महफूज के सीने में लगी। वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गए। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। परिजन घायल महफूज को लेकर एक निजी अस्पताल पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने महफूज की हालत देखते हुए भर्ती करने से इन्कार कर दिया। तब परिजनों ने उसे मिशन अस्पताल में भर्ती कराया।

अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि महफूज की हालत गंभीर है। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर इंस्पेक्टर बारादरी भी मिशन अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने बताया कि परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# ज्ञानवापी साक्षात विश्वनाथ ही...लेकिन लोग दूसरे शब्दों में मस्जिद कहते हैं, सीएम योगी का बड़ा बयान

**गोरखपुर , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ज्ञानवापी पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ज्ञानवापी को आज लोग दूसरे शब्दों में मस्जिद कहते हैं, लेकिन ज्ञानवापी साक्षात विश्वनाथ ही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को डीडीयू गोरखपुर यूनिवर्सिटी में नाथपंथ पर आयोजित संगोष्ठी का शुभारंभ किया।

इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि ज्ञानवापी साक्षात भगवान विश्वनाथ हैं। नाथ परंपरा ने हमेशा सबको जोड़ने की कोशिश की है। गुरु गोरखनाथ ने अपने समय में राष्ट्रीय एकता की ओर ध्यान आकर्षित किया था। रामचरित मानस समाज को जोड़ता है, वह हमारे जीवन का हिस्सा है।

सीएम योगी ने बताया कि शंकराचार्य ने भारत के चार कोनों में चार पीठों की स्थापना की। काशी में



आए तो भगवान विश्वनाथ ने उनकी परीक्षा लेनी चाही। उन्होंने देखा कि सुबह ब्रह्ममुर्हत में आदिशंकराचार्य गंगा स्नान के लिए जा रहे होते हैं। इसी बीच अचानक एक अछूत कहे जाना वाला व्यक्ति उनके सामने आ जाता है।

सामने खड़े होता देख सामान्य रूप में उनके मुंह से निकलता है कि मेरे सामने से हटो। तब वो आदिशंकराचार्य से प्रश्न पूछता है कि आप किसको हटाना चाह रहे हैं? आपका ज्ञान क्या इस भौतिक काया को देख रहा है या ब्रह्म को देख रहा।

अगर ब्रह्म सत्य है तो ये ब्रह्म मेरे अंदर भी है और अगर इस ब्रह्म सत्य को जानकर ठुकरा रहे हैं तो ये सत्य नहीं है। इतना सुनते ही आदिशंकराचार्य ने उनके मुंह से ऐसी बात सुन पूछा कि आप कौन हैं? उन्होंने बताया कि जिस ज्ञापव्यापी की साधना के लिए वो काशी आए हैं, मैं वहीं साक्षात विश्वनाथ हूं। ये सुनकर आदिशंकराचार्य उनके सामने नतमस्तक हो गए। दुर्भाग्य है कि आज लोग उसे मस्जिद कहते हैं। सीएम योगी ने हिंदी दिवस की बधाई दी। साथ ही कहा कि, देश को जोड़ने की एक व्यवहारिक भाषा जिसे देश की बड़ी आबादी जानती है।

हिंदी का मूल देववाणी संस्कृत से है। हर भाषा का श्रोत संस्कृत से जुड़ता है। अगर हमारी भाषा और भाव स्वयं की नहीं है तो प्रगति प्रभावित होगी। मोदी सरकार ने 10 वर्षों में हिंदी को हर स्तर पर प्रोमोट किया। आज इसका परिणाम है कि मेडिकल और इंजीनियरिंग के पाठ्यक्रम भी हिंदी में देखने को मिल रहे हैं। अब राजनयिक आते हैं तो हिंदी को माध्यम बनकर हमसे संवाद करते हैं। भारत के संतों की परंपरा सबको जोड़ने की रही है।

# कासगंज के बाद आगरा में महिला अधिवक्ता की हत्या...पति की हालत गंभीर, जेठ के परिवार पर आरोप

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के अमरपुरा (जगदीशपुरा) में सबमर्सिबल पंप सही कराने के विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई पर हमला बोल दिया। छोटे भाई की अधिवक्ता पत्नी शालिनी राजपूत को डंडे और सरिया से पीटा। उनके सिर में गहरी चोट लगी। उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उनके पति भी गंभीर घायल हैं। पुलिस ने जेठ-जेठानी सहित 7 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी घर से फरार है।

अधिवक्ता शालिनी राजपूत के पति मनोज राजपूत चांदी की पायल का काम करते हैं। उनकी शादी को 10 साल हुए थे। मनोज और उनके बड़े भाई अजय अलग-अलग घर में रहते हैं। मनोज के घर के बाहर सबमर्सिबल पंप लगा हुआ है। पंप खराब हो गया था। बुधवार दोपहर को वह पंप को सही कहा रहे थे। इसका चैंबर भी बनाया जाना था।

आरोप है कि पंप को सही कराने के दौरान शालिनी के जेठ अजय, जेठानी सपना, दीपक, पूजा, पुष्पा देवी, राजकुमारी, आकाश सहित अन्य लोग आ गए। उन्होंने लाठी-डंडे और सरिया से हमला बोल दिया। शालिनी और मनोज को बेरहमी से पीटा। उनके सिर में गंभीर चोट लगीं। परिजन ने उन्हें सिकंदरा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बृहस्पतिवार को हालत बिगड़ने पर उन्हें एसएन मेडिकल कालेज इमरजेंसी में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतका के भाई शिवशंकर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी चचिया सास राजकुमारी को गिरफ्तार किया है। अन्य फरार हैं।

### अधिवक्ताओं में आक्रोश

अधिवक्ता शालिनी की हत्या से दीवानी के अधिवक्ताओं में आक्रोश है। विभिन्न बार एसोसिएशन ने कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि अधिवक्ताओं के साथ लगातार घटनाएं हो रही हैं। इसके बावजूद पुलिस कार्रवाई में लापरवाही बरत रही है। शालिनी के साथ दो दिन पहले घटना हुई थी, लेकिन पुलिस एक ही आरोपी को पकड़ सकी। मुख्य हमलावर अब तक फरार हैं।

# बरेली में काली कमाई से विजय शर्मा ने बनाई करोड़ों की संपत्ति, अब 25 हजार का इनामी

**बरेली , एजेंसी।** बरेली में फर्जी डिग्री मामले में जेल भेजे गए शेर अली जाफरी के साझीदार विजय शर्मा ने काली कमाई से करोड़ों रुपये का साम्राज्य खड़ा कर लिया है। मामूली ड्राइवर से करोड़पति बने विजय ने बरेली से लेकर बदायूं तक महंगे भूखंड खरीदे हैं। शांति विहार के सत्योदय स्कूल वाली गली में स्थित उसका जावेश्वरी-नरेश चैरिटेबल अस्पताल भी बिना पंजीकरण के चल रहा है। अब स्वास्थ्य विभाग उसे सील करने की तैयारी कर रहा है। वहीं, एसएसपी ने विजय पर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर दिया है।



सुभाषनगर थानाक्षेत्र के शांति विहार का रहने वाला विजय शर्मा खुसरो कॉलेज के चेयरमैन शेर अली जाफरी के संपर्क में आने के बाद फर्श से अर्श तक पहुंच गया। डीफार्मा की फर्जी डिग्रियां बांटकर 379 छात्र-छात्राओं से 3.69 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में वांछित विजय शर्मा कुछ साल पहले तक खुद की कंसल्टेंसी चलाता था। जाफरी से अनुबंध के बाद उसने अकूत संपत्ति बनाई।

साउथ सिटी के पास ड्रीम होम अपार्टमेंट उसके दो फ्लैट भी हैं। कुछ समय पहले उसके फ्लैट में एक युवती की संदिग्ध हालात में मौत भी हो चुकी है। सेटेलाइट बस अड्डे के पास महंगी जमीन खरीदकर उसने होटल भी बनवाया, लेकिन वह नहीं चला। इसके बाद होटल को गर्ल्स हॉस्टल बना दिया। दिल्ली हाईवे पर भी उसने करोड़ों रुपये की जमीन खरीदी है। बदायूं के सिविल लाइंस क्षेत्र में भी उनके पास बेशकीमती भूखंड हैं।

### लग्जरी गाड़ियों का भी है शौकीन

विजय शर्मा लग्जरी गाड़ियों का भी शौकीन है। उसके पास तीन लग्जरी गाड़ियां हैं। फर्जीवाड़ा कर करोड़ों रुपये कमाने के बाद वह नेताओं के संपर्क में था। कैंट विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की तैयारी भी कर रहा था। एक राजनेता से उसकी करीबी बताई जा रही है।

### एसआईटी जुटा रही ब्योरा

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि विजय शर्मा पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। एसआईटी उसकी संपत्तियों का ब्योरा भी जुटा रही है। फर्जी डिग्रियां देकर छात्र-छात्राओं से की गई ठगी के मामले में जाफरी और विजय शर्मा के कुछ करीबी भी पुलिस के रडार पर हैं। उनकी भी गोपनीय जांच की जा रही है।


एसीएमओ/नोडल अधिकारी पंजीयन डॉ. लईक अंसारी ने कहा कि जावेश्वरी-नरेश चैरिटेबल अस्पताल का स्वास्थ्य विभाग में पंजीकरण नहीं है। पुलिस की रिपोर्ट मिलने का इंतजार है। संबंधित डॉक्टरों की डिग्रियों की भी पड़ताल की जाएगी। अस्पताल को सील किया जाएगा।

# ताज के गुंबद में दिखा रिसाव, किले के खास महल में सीलन...बारिश में स्मारकों का भी हाल हुआ बेहाल

**आगरा , एजेंसी।** आगरा में दो दिन की बारिश में ताजमहल, आगरा किला, फतेहपुर सीकरी समेत सभी स्मारकों को नुकसान पहुंचा है। ताजमहल में लगातार बारिश के कारण शाहजहां मुमताज के मकबरे के मुख्य गुंबद में रिसाव नजर आया। आगरा किला में खास महल में लगे लकड़ी के स्लीपर पर सीलन आ गई। खास बात ये है कि दोनों ही छत डबल डोम है। शुक्रवार को एएसआई अधिकारियों ने जांच की।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधीक्षण पुरातत्वविद डॉ. राजकुमार पटेल, वरिष्ठ संरक्षण सहायक प्रिंस वाजपेयी और इंजीनियरों की टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने मुख्य गुंबद पर आई पानी की बूंदों की जगह को देखा और रिसाव की वजह जानने का प्रयास किया। ताजमहल का मुख्य गुंबद डबल डोम है। यहां ऊपर की छत पर पानी की निकासी की अच्छी व्यवस्था है, लेकिन लगातार बारिश से पानी नीचे की छत पर भी आया और कब्र के पास बूंदें गिरीं। शुक्रवार को बारिश जब बंद हुई तो यह रिसाव भी बंद हो गया। आगरा किला में वरिष्ठ संरक्षण सहायक कलंदर बिंद ने मुसम्मन बुर्ज, दीवान ए आम, मोती मस्जिद, खास महल समेत स्मारको की जांच की। यहां खासमहल में सीलन पाई गई।





### पहली बार 1652 में हुआ लीक

दुनिया के सातवें अजूबे ताजमहल का मुख्य गुंबद लीक करने और पानी की बूंदें गिरने पर कई कहानियां हैं, लेकिन सबसे पहले वर्ष 1652 में इसे देखा गया। तब मुगल शहंशाह शाहजहां को शहजादा औरंगजेब ने ताजमहल का दौरा कर दिसंबर 1652 में पत्र लिखकर रिपोर्ट दी थी कि मकबरे के गुंबद से बारिश में उत्तर की ओर दो जगह से पानी टपकता है। चार मेहराबदार द्वार, दूसरी मंजिल की दीर्घाएं, चार छोटे गुंबद, चार उत्तरी बरामदे और सात मेहराबदार भूमिगत कक्ष भी नम हो गए हैं। औरंगजेब ने अपने पत्र में लिखा था कि बीते साल भी मुख्य गुंबदकी छत टपकी थी, पर मरम्मत करा दी गई है। मस्जिद और मेहमानखाने के गुंबद से पानी टपकता था। उन्हें जलरोधी बनाया गया है।

### ब्रिटिश शासन में कई बार हुई मरम्मत

ब्रिटिश काल में वर्ष 1872 में एक्जीक्यूटिव इंजीनियर जे डब्ल्यू एलेक्जेंडर की निगरानी में ताज में मरम्मत के काम हुए। इनमें पानी के रिसाव के कारण हुई परेशानियां भी दूर की गईं। इसके बाद वर्ष 1924 में बाग खान ए आलम की दीवार ही गिर गई। 7 अक्तूबर 1924 को गिरी दीवारी की उसी साल मरम्मत कराई गई। वर्ष 1928 में ताजमहल की शाही मस्जिद लीक हुई, जिसे जलरोधी बनाया गया। वर्ष 1941 में मुख्य गुंबद पर लीकेज रोकने के लिए काम किया गया। वर्ष 1978 की बाढ़ में ताज के भूमिगत कक्षों को नुकसान पहुंचा, जिस पर गुंबद के साथ भूमिगत कक्षों की मरम्मत की गई।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# रेल सुरक्षा

ट्रेन को पटरी से उतारने की साजिश की जितनी निंदा की जाए, कम है। उत्तर प्रदेश के कानपुर में रविवार देर रात प्रयागराज-भिवानी कालिंदी एक्सप्रेस पटरियों पर रखे एलपीजी सिलेंडर से टकरा गई, यह तो अच्छा था कि सिलेंडर में विस्फोट नहीं हुआ। सिलेंडर टकराकर दूर चला गया और ट्रेन को पटरी से उतारने की साजिश नाकाम हो गई। पुलिस ने अपने स्तर पर इस घटना को गंभीरता से लिया है और वह इसे बड़ी साजिश मान रही है, तो आश्चर्य नहीं। पुलिस को हर हाल में उस व्यक्ति या उन व्यक्तियों तक पहुंचना चाहिए, जिन्होंने ऐसे दुस्साहस को अंजाम दिया है। आजकल वैसे भी ट्रेनों की औसत गति काफी बढ़ गई है और पटरियों पर एक के पीछे एक इतनी ट्रेनें दौड़ रही हैं कि उन्हें समय से चलाना और गति के साथ चलाना अनिवार्य होता जा रहा है। कालिंदी एक्सप्रेस भी काफी तेज गति से आगे बढ़ रही थी। अगर उससे टकराकर सिलेंडर में विस्फोट होता, तो बहुत बड़ा नुकसान हो सकता था। फोरेंसिक टीम जांच में लग गई है, अपराधियों तक पहुंचना और उनके पूरे मनसूबे को जानना जरूरी है, ताकि सुरक्षा के प्रबंध को पुख्ता किया जा सके। ऐसे गंभीर मामलों में जांच एजेंसियों को लीपापोती से बचते हुए खतरों को देखने-समझने की कोशिश करनी चाहिए। रेल संचालन जितना महत्वपूर्ण है, उससे कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है, ऐसे अपराधी तत्वों पर अंकुश। वैसे ध्यान रहे, 17 अगस्त को वाराणसी-अहमदाबाद साबरमती एक्सप्रेस के 22 डिब्बे कानपुर के पास ही पटरी से उतर गए थे, जब इंजन एक वस्तु से टकरा गया, जिसे लोको पायलट ने चट्टान बताया। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के पटरी से उतर जाने से चार यात्रियों की जान चली गई थी। कालिंदी एक्सप्रेस के साथ हुई ताजा घटना कितना गंभीर रूप ले सकती थी, यह हमें जरूर सोचना चाहिए। ध्यान रहे, 20 अगस्त 1995 को कालिंदी एक्सप्रेस एक नीलगाय से टकराकर खड़ी थी और उसे पुरुषोत्तम एक्सप्रेस ने पीछे से टक्कर मार दी थी। उस हादसे में 350 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। उस हादसे को भारत के पांच बड़े रेल हादसों में गिना जाता है। सबसे बड़ा खतरा यही होता है कि अगर रेल किसी भी वजह से पांच मिनट कहीं खड़ी हो जाए, तो उसी पटरी पर पीछे से आ रही ट्रेन काल बन जाती है। इस बार शायद यही साजिश थी कि कानपुर रूट जैसे व्यस्ततम मार्ग पर यातायात को बाधित किया जाए, ताकि पूरे रेल संचालन पर ही असर पड़े।

# कश्मीरी की सोच बताएंगे विधानसभा चुनाव

(अशोक मधुप)

जम्मू-कश्मीर में कुल 114 विधानसभा सीटें हैं लेकिन राज्य में विधानसभा सीटों के डिलिमिटेशन के बाद चुनाव केवल 90 सीटों पर ही होंगे। इसकी भी वजह है कि 24 सीटें पीओके यानि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लिए हैं। जम्मू-कश्मीर विधानसभा लिए 18 सितंबर से एक अक्टूबर 2024 तक तीन चरणों में चुनाव होने हैं। नतीजे आठ अक्टूबर 2024 को घोषित किए जाएंगे। इन चुनाव के परिणाम बताएंगे कि कश्मीर की जनता क्या चाहती है। आर्टिकल 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में बडी तादाद में विकास हुआ। शांति लौटी। रोज की होने वाली पत्थरबाजी से जम्मू?कश्मीर की मुक्ति मिली। सिनेमा हाल खुल गए। पर्यटक आने लगे। मुहर्रम के जुलूस निकलने लगे। कश्मीर में बहुत कुछ बदल गया है, इसके बावजूद देखना यह है कि कश्मीर का मतदाता क्या इस विकास को पसंद करता है,या उसे मजहबी कट्टरता ही मंजूर है। जम्मू-कश्मीर में कुल 114 विधानसभा सीटें हैं लेकिन राज्य में विधानसभा सीटों के डिलिमिटेशन के बाद चुनाव केवल 90 सीटों पर ही होंगे। इसकी भी वजह है कि 24 सीटें पीओके यानि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लिए हैं। राजनीतिक और प्रशासनिक परिवर्तनों के कारण इनमें से केवल 90 सीटों के लिए चुनाव होना तय है। वर्ष 2019 में जब जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 के जरिए जब आर्टिकल 370 को हटाया गया तो राज्य में चुनावी सीटों की सीमाओं को फिर से निर्धारित करने के लिए परिसीमन प्रक्रिया शुरू की। मार्च 2020 में एक परिसीमन आयोग की स्थापना की गई। इसकी अंतिम रिपोर्ट मई 2022 में जारी की गई। इस रिपोर्ट ने विधानसभा सीटों की संख्या 107 से बढ़ाकर 114 कर दी। इसमें छह सीटें जम्मू और एक कश्मीर में बढ़ी है।114 सीटों में 24 सीटें पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर के क्षेत्रों के लिए आरक्षित हैं, इसका अर्थ है कि उन पर चुनाव नहीं लड़ा जा सकता है, इसलिए, चुनाव के लिए उपलब्ध सीटों की प्रभावी संख्या 90 है, जम्मू संभाग में 43 और कश्मीर संभाग में 47, राज्य का

*इंजीनियर रशीद जम्मू कश्मीर से संविधान के अनुच्छेद 370 को हटाने के सख़्त ख़िलाफ़ थे और इस मुद्दे को लेकर वह सड़कों पर भी उतरे थे। उन्होंने इसके विरोध में कई धरने भी दिए हैं। सरकार का दावा है कि 370 हटाने के बाद कश्मीर विकास कि राह पर आगे बढ़ रहा है और जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा भी बार-बार नए कश्मीर की बात कर रहे हैं। लेकिन कश्मीर में कुछ लोग इसे जबरन ख़ामोशी भी कहते हैं। उनका आरोप है कि किसी को खुलकर बात करने नहीं दी जाती है।*

विशेष दर्जा खत्म होने के बाद यहां पहली बार विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। राज्य में पिछले विधानसभा चुनाव दस साल पहले नवंबर-दिसंबर 2014 में हुए थे। चुनाव के बाद जम्मू और कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के गठबंधन ने राज्य सरकार बनाई। इसमें मुफ्ती मोहम्मद सईद मुख्यमंत्री बने। मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद का सात जनवरी 2016 को निधन हो गया। राज्यपाल शासन लगा पर कम समय के लिए लगा। फिर महबूबा मुफ्ती ने वहां मुख्यमंत्री पद के लिए रूप में शपथ ली। पिछली राज्य सरकार से जून 2018 में भाजपा ने पीडीपी के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया। इसके बाद जम्मू-कश्मीर में राज्यपाल शासन लागू हो गया। नवंबर 2018 में, जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने राज्य विधानसभा भंग कर दी। 20 दिसंबर 2018 को राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया। भाजपा की ओर से हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी घोषणापत्र जारी किया। इसमें आतंकवाद के सफाए और हिंदू मंदिरों और धार्मिक स्थलों के पुनर्निर्माण से लेकर कश्मीरी पंडितों की सुरक्षित वापसी और पुनर्वास तक, भाजपा ने कई प्रमुख वादे किए हैं। अमित शाह ने कहा कि यह क्षेत्र में विकास, सुरक्षा और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए पार्टी के वादों और योजनाओं के अनुरूप है। नए जम्मू और कश्मीर के लिए 25 वादों में से, भाजपा ने जम्मू और कश्मीर को राष्ट्र के विकास और प्रगति में अग्रणी बनाने के लिए आतंकवाद और अलगाववाद को खत्म करने की कसम खाई। कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन ने जम्मू-कश्मीर को फिर से राज्य का दर्जा देने और अनुच्छेद 370 को हटाने से पहले की राजनीतिक स्थिति बहाल करने का भी वादा किया है। इस बीच नेशनल कॉन्फ्रेंस ने शंकराचार्य पहाड़ी का नाम बदलकर तख्त-ए-सुलेमान और हरि पर्वत का नाम बदलकर कोह-ए-मरान करने की बात कही है। इसे कश्मीर की मुस्लिम बहुल आबादी की भावनाओं को भुनाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। जम्मू-कश्मीर के चुनाव के विभिन्न दलों के स्थानीय नेता तो चुनाव प्रचार में उतर ही चुके हैं। बड़ी पार्टियों के राष्ट्रीय नेताओं की भी सभांए शुरू हो गई हैं। जनसंपर्क अभियान चल रहा है। रोड शो निकाले जा रहे हैं। घर-घर जाकर नेता लोगों से वोट मांग रहे हैं। इस बार का विधानसभा चुनाव इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि कश्मीर घाटी में परिवारवादी दलों के दिन अब खत्म नजर आ रहे हैं। पिछले पांच वर्षों में जम्मू-कश्मीर के बुनियादी ढांचे का इस तरह विकास किया गया है कि पिछले दिनों श्रीनगर में जी-20 देशों की बैठक शांतिपूर्वक संपन्न हुई। इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्य कार्यक्रम भी श्रीनगर में ही आयोजित किया गया। इसमें स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाग लिया। हालात तो ये बता रहे हैं कि कश्मीर बदल रहा है किंतु जम्मू-कश्मीर की बारामुला सीट लोकसभा सीट से आतंकवादियों को फंडिंग करने के आरोप में जेल में बंद निर्दलीय उम्मीदवार अब्दुल रशीद शेख़ की जीत कुछ और ही इशारा कर रही है। उन्होंने जेल में रहते हुए जम्मू कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस उमर अब्दुल्ला को दो लाख से भी ज़्यादा वोटों से शिकस्त दी है। बारामुला सीट पर रशीद को चार लाख 72 हज़ार वोट मिले जबकि उमर अब्दुल्ला को दो लाख 68 हज़ार वोट मिले। तीसरे स्थान पर रहे जम्मू-कश्मीर पीपल्स कॉन्फ़्रेंस के सज्जाद लोन। उन्हें एक लाख 73 हज़ार वोट मिले। अब्दुल रशीद शेख़ के स्थानीय समर्थक अब्दुल माजिद इस जीत पर बीबीसी से कहते हैं कि साल 2019 के बाद जो कुछ भी कश्मीर में हुआ, इंजीनियर रशीद की जीत उसी बात का जवाब है। उनका कहना था कि कश्मीर के युवाओं ने जिस तरह इंजीनियर रशीद का समर्थन किया है, वो इस बात को दर्शाता है कि नई पीढ़ी नए चेहरों को ढूंढ रही है और पारंपरिक राजनीति से तंग आ चुकी हैं। इंजीनियर रशीद को आतंकवाद की फ़ंडिंग के आरोप में यूएपीए के तहत साल 2019 में गिरफ़्तार किया गया था और इस समय वो दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद हैं। रशीद अवामी इत्तेहाद पार्टी के संस्थापकों में से एक हैं1 2019 में भी उन्होंने बारामूला से पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा था और तीसरे नंबर पर रहे थे। जेल जाने से पहले इंजीनियर रशीद शांतिपूर्ण तरीक़े से कश्मीर समस्या को हल करने की वकालत करते रहे हैं।

# ओलंपिक से मायूसी, पैरालंपिक से मिलीं खुशियां

अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भारत के प्रदर्शन को लेकर अक्सर सवाल उठते रहे हैं कि इतने बड़े देश के खिलाड़ी उपलब्धियों की कसौटी पर पीछे क्यों रह जाते हैं। हाल ही में पेरिस में हुए ओलंपिक में पदक-तालिका में भारत की स्थिति को लेकर मायूसी, चिंता और अफसोस की स्थिति देखी गई। मगर अब पेरिस में ही हुए पैरालंपिक खेल प्रतियोगिता में भारत को जिस तरह की कामयाबी मिली है, उसे अब तक के ऐसे आयोजन में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन माना जा रहा है। गौरतलब है कि इस बार 2024 के पेरिस पैरालंपिक में भारत के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और पहले के मुकाबले सबसे ज्यादा पदक जीतने का कीर्तिमान बनाया। भारत के हिस्से में कुल उनतीस पदक आए, जिसमें सात स्वर्ण, नौ रजत और तेरह कांस्य पदक हैं। इससे पहले तोक्यो पैरालंपिक में भारत ने उन्नीस पदक जीते थे। कहा जा सकता है कि वक्त के साथ भारत के खिलाड़ियों की क्षमता में गुणात्मक सुधार आया है और यह गहरी प्रतिबद्धता और मेहनत का नतीजा है। यह सही है कि पैरालंपिक और ओलंपिक में खेल और उसमें पदकों की अहमियत के स्तर अलग-अलग हैं। ओलंपिक में जहां खिलाड़ी के शरीर की क्षमता का परीक्षण होता है, तो पैरालंपिक में हिस्सा लेने वाले दृढ़ संकल्प और साहस की कसौटी पर आंके जाते हैं। इसमें यह भी उजागर होता है कि शारीरिक रूप से अन्य तरह से सक्षम खिलाड़ियों की खोज, उनके प्रशिक्षण, उन्हें मिलने वाली सुविधाएं, अवसर और उन पर खर्च के मामले में देश की सरकार ने कैसा रुख अपनाया है। पिछले दो दशकों के दौरान केंद्र और राज्य सरकारों का रुख सकारात्मक रहा है। इसका साफ असर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन पर देखा जा रहा है, जहां भारतीय खिलाड़ी खेलों की दुनिया में उम्मीद की राह बना रहे हैं।

# घुटती सांसों से कम होती औसत आयु की चिन्ता

(ललित गर्ग)

राजधानी समेत कई अन्य राज्यों में मेट्रो ट्रेन शुरू होने के बाद प्रदूषण में काफी कमी आई है। इस दिशा में हमें दीर्घकालीन नीतियों के बारे में सोचना होगा। हमारी कोशिश हो कि घनी आबादी के बीच चलायी जा रही औद्योगिक इकाइयों को शहरों से दूर स्थापित किया जाए। वायु प्रदूषण का संकट भारत की राष्ट्रव्यापी समस्या है। यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो की हाल ही में जारी रिपोर्ट इस चिन्ता को बढ़ाती है जिसमें कहा गया कि वायु प्रदूषण के चलते भारत में जीवन प्रत्याशा में गिरावट आ रही है। जिसमें फेफड़ों को नुकसान पहुंचाने वाले पी.एम. 2.5 कण की बड़ी भूमिका है। रिपोर्ट बताती है कि वैश्विक मानकों से कहीं अधिक प्रदूषण भारत में लोगों की औसत आयु तीन से पांच वर्ष एवं दिल्ली में दस से बाहर वर्ष कम कर रहा है। बहरहाल प्रदूषण के खिलाफ योजनाबद्ध ढंग से मुहिम छेड़ने की जरूरत है। अध्ययन कहता है कि देश की एक अरब से अधिक आबादी ऐसी जगहों पर रहती है जहां प्रदूषण डब्ल्यूएचओ के मानकों से कहीं अधिक है। दरअसल, देश के बड़े शहर आबादी के बोझ से त्रस्त हैं। बढ़ती आबादी के लिये रोजगार बढ़ाने व अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए जो औद्योगिक इकाइयां लगायी गई, उनकी भी प्रदूषण बढ़ाने में भूमिका रही है। डीजल-पेट्रोल के निजी वाहनों को बढ़ता काफिला, निर्माण कार्यों में लापरवाही, कचरे का निस्तारण न होना और जीवाश्म ईंधन ने प्रदूषण बढ़ाया है। यह बढता वायु प्रदूषण हमारी जीवन शैली से उपजे प्रदूषण की देन भी है। यह निराशाजनक खबरों के बीच उत्साहवर्धक खबर यह भी है कि भारत में सूक्ष्म कणों से पैदा होने वाले जानलेवा प्रदूषण में गिरावट आई है। लेकिन अभी जीवन प्रत्याशा घटाने वाले प्रदूषण को लेकर जारी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट 'वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक-2024' बताती है कि भारत में साल 2021 की तुलना में 2022 के वायु प्रदूषण में 19.3 फीसदी की कमी आई है। हालांकि, यह उपलब्धि मौजूदा हालात में बहुत बड़ी तो नहीं कही जा सकती है, लेकिन यह बात उत्साहवर्धक है कि प्रत्येक भारतीय की जीवन प्रत्याशा में इक्यावन दिन की वृद्धि हुई है। हालांकि, हम अभी विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों की कसौटी पर खरे नहीं उतरे हैं, लेकिन एक विश्वास जगा है कि युद्ध स्तर पर प्रयासों से भयावह प्रदूषण के खिलाफ किसी हद तक जंग जीती भी जा सकती है। लेकिन इसके साथ ही सूचकांक-2024 में यह चेताया भी है कि यदि भारत में डब्ल्यूएचओ के वार्षिक पीएम 2.5 के सांद्रता मानक के लक्ष्य पूरे नहीं होते तो भारतीयों की जीवन प्रत्याशा में करीब साढ़े तीन साल की कमी आने की आशंका पैदा हो सकती है। पीएम 2.5 श्वसन प्रणाली में गहराई तक प्रवेश कर सकता है और सांस संबंधी समस्याओं को जन्म देता है। यह स्वास्थ्य को एक बड़ा खतरा है और वायु प्रदूषण का एक प्रमुख कारक है। हालांकि, राजधानी समेत कई अन्य राज्यों में मेट्रो ट्रेन शुरू होने के बाद प्रदूषण में काफी कमी आई है। इस दिशा में हमें दीर्घकालीन नीतियों के बारे में सोचना होगा। हमारी कोशिश हो कि घनी आबादी के बीच चलायी जा रही औद्योगिक इकाइयों को शहरों से दूर स्थापित किया जाए। हमारे उद्यमियों को भी जिम्मेदार नागरिक के रूप में प्रदूषण नियंत्रण में योगदान देना चाहिए। नीति-नियंताओं को सोचना चाहिए कि प्रदूषण में अप्रत्याशित वृद्धि के बाद दिल्ली आदि महानगरों में चलाये जाने वाले ग्रेडेड रेस्पॉन्स एक्शन प्लान यानी ग्रेप जैसी व्यवस्था को नियमित रूप से लागू क्यों नहीं किया जा सकता? ताजा कुछ अध्ययनों में बताया गया है कि बढ़ता प्रदूषण नवजात शिशुओं तथा बच्चों की जीवन प्रत्याशा पर बुरा प्रभाव डाल रहा है। ऐसे में हमें पराली के निस्तारण, औद्योगिक कचरे के नियमन तथा कार्बन उत्सर्जन करने वाले ईंधन पर रोक लगाने जैसे फौरी उपाय तुरंत करने चाहिए। ऐसे तमाम प्रदूषण स्रोतों को नियंत्रित करने की जरूरत है जो हमारे जीवन पर संकट पैदा कर रहे हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5492

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | | 8 | | 5 | | 7 | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | 1 | 5 | 7 | | | | | |
| | | 2 | | | | | 3 | 1 |
| | 4 | | 3 | 9 | 1 | | 5 | |
| 1 | 5 | | | | | 8 | | |
| | | | | | 7 | 3 | 4 | |
| 8 | | | | | | 9 | | |
| | 3 | | 1 | | 4 | | 6 | 7 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5491

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 |

## वर्ग पहेली 5492




**संकेत: बाएं से दाएं**

1. इस देश में पहली बार 1960 को सफलतापूर्वक किडनी ट्रांसप्लांट की गई (3)
3. यह देश 1945 को संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ (3)
5. लट, अलकपाश, अलकावली (2)
6. एक प्रकार की छोटी सरसों, बुंदेलखंड का प्रसिद्ध लोकनृत्य (2)
7. पचा, पचित, गबन (3)
8. इकरार, वचन, प्रतिज्ञा (2)
10. एक प्रकार का श्वास रोग (2)
11. उत्तरप्रदेश का प्रमुख नगर जो महामाया नगर जिले में स्थित है (4)
13. ये जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थकर है, वीरश्रेष्ठ, वीरकेसरी (4)
15. खड्ग, वक्र, तलवार (2)
17. भाव, निर्ख, दहलीज, चौखट (2)
18. बंदर, वानर, मरूत (2)
19. महर्षि परशुराम का शस्त्र (3)
21. धीमा ध्वनि, पदचाप, खटका, टोह, भनक (3)
22. शक्ल, आकार, रूप, मुखमंडल (3)
23. लोहे का अर्धचंद्राकार टुकड़ा (2)

**ऊपर से नीचे**

1. फौज का दस्ता, लाम (3)
2. पलाश, होली का रंग (2)
3. एक भारतीय राजनेता जो अप्रैल 1998 से मार्च 2003 तक की अवधि में मध्यप्रदेश के राज्यपाल रहे (6)
4. यह छत्रपति शिवाजी का शस्त्र है (4)
6. हुकुमत, प्रभुत्वकाल, शासन (2)
7. वाष्प स्नान कक्ष, स्नानागार (3)
9. कार्ल मार्क्स की एक कृति जिसमें पूंजीवाद का विश्लेषण है (6)
12. बाघ की मांद, तह, परत (2)
14. दुर्घटना, आपत्ति, वारदात, विपत्ति (3)
16. बिंदू, शून्य चिन्ह (3)
18. अभिव्यक्ति करना, कथित करना, फरमाना, बोलना (2)
20. मनोयोग से लगा हुआ, आसक्त, लीन (2)

### वर्ग पहेली 5491 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हं | ग | री | | अ | न | जा | न |
| स | म | ता | | | ल | त | |
| वा | क | | जू | ठा | | | न |
| ह | | मु | नि | | अ | सु | र |
| नी | ल | | य | दि | | र | म |
| | की | क | र | | सौं | | |
| प | र | म | | ची | फ | | पे |
| द | | ला | ल | ची | | गु | रू |

# आज का राशिफल

### मेष
आज लाभ होगा और आपका मन नई योजनाओं में लगेगा। कहीं यात्रा पर जाने के शुभ योग आपके लिए बन रहे हैं और आपको किसी कानूनी विवाद में सफलता प्राप्त होगी। कार्यक्षेत्र में आपके लिए स्थान परिवर्तन के शुभ की योजना सफल हो सकती है। आपके पराक्रम में वृद्धि होगी और आपके लिए शुभ लाभ के संयोग बने हैं।

### वृष
आज लाभ का दिन है और आपके लिए धन में वृद्धि के शुभ योग बन रहे हैं। कारोबार में कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है। आपके लिए भौतिक विकास के अच्छे योग हैं और आपके सुख में वृद्धि के योग हैं। आपको शाम के वक्त शुभ कार्य में शामिल होने का मौका मिलेगा। आपको सामाजिक कार्य में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। समाज में शुभव्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी।

### मिथुन
आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपसी वार्ता व्यवहार में संयम और सावधानी बरतें। आस-पास के लोगों से किसी मामले में बहस करने से बचें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ कार्य करें।

### तुला
आज दिन काफी रचनात्मक है और आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। आप किसी क्रिएटिव और आर्टिस्ट काम को पूरा कर पाने में सफल होंगे और आपके आनंद में वृद्धि होने से मन काफी प्रसन्न होगा। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है आज वह करने को मिलेगा। आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। आपके रुके कार्य पूर्ण होने से आपको खुशी होगी। सीनियर से सहयोग पाने का प्रयास करें।

### वृश्चिक
आज दिन सफलता से भरा होगा। धर्म आध्यात्म के मामले में लाभ होगा और आपको पढ़ाई लिखाई के मामले में लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्य में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे। रात का समय मंगलमय कार्यों में व्यतीत होगा। आप जीवन में नई योजनाएं लागू होंगी। आपके धन में वृद्धि होगी और आपका दिन सफलता से भरा होगा।

### धनु
आज दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और आपके साथी भी आपका सहयोग करेंगे। रात में विवाह में जाने के शुभ अवसर आएंगे और आपके धन में वृद्धि होगी।

### कर्क
आज करियर के मामले में दिन सफलता से भरा होगा। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद सुलझ सकते हैं। आपका जीवन सफलता से भरा होगा। नए प्रॉजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। ज़मीन जायदाद के मामले में पारिवारिक और आस-पास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे। आपके धन में वृद्धि होगी।

### सिंह
आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और दिन काफी मजबूत रहेगा। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कार्यशील रहें। परिवार में सुख शांति रहेगी और भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आगे चलकर लाभ होगा। काम में नई जान आएगी। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपकी योजनाएं पूर्ण होंगी।

### कन्या
आज लाभ होगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है। बुद्धि का प्रयोग करके आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक कमी रही है। किसी संकटग्रस्त व्यक्ति की सहायता कर सकें तो शुभ रहेगा।

### मकर
आज दिन रुपये-पैसे के मामले में थोड़ा लाभ होगा। बिजनेस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए काम में हाथ आजमाएं। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आसपास है, उसे पहचानना आपके हाथ में है। आपके लिए योजनाएं सफलता से भरी होंगी।

### कुंभ
आज दिन लाभ से भरा होगा। भागीदारी में साझे में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के घरेलू सुनहरा मौका है। पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखें। कई प्रकार के काम एक साथ हाथ में आने से परेशानी बढ़ सकती है। आपके हाथ से आज फालतू खर्च काफी बढ़ सकता है।

### मीन
आज करियर के मामले में सावधान रहने का समय है। आपके धन में वृद्धि होगी और योजनाएं सफल होंगी। आपके कार्य सफल होंगे और योजनाएं सफन होंगी। खानपान में लापरवाही बिल्कुल न बरए। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोचसमझ कर करें। आपके धन में वृद्धि होगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009



# ऑनलाइन जॉब सर्च करने से मिल सकते हैं ये फायदे

**अगर आप अपने करियर में बहुत आगे तक जाना चाहते हैं तो ऐसे में आपको ऑनलाइन जॉब सर्च करने पर विचार करना चाहिए। इससे आपको अनजाने ही कई फायदे मिल सकते हैं।**

आज के समय में हर इंसान सक्सेसफुल होना चाहता है। ऐसे में उसे एक अच्छी जॉब की तलाश होती है। अमूमन एक व्यक्ति अच्छी जॉब पाने के लिए कई जगह अप्लाई करता है। वह अपनी नेटवर्किंग की मदद से एक बेहतर जॉब पाना चाहता है। यकीनन यह जॉब पाने का एक अच्छा तरीका है, लेकिन कई बार यह तरीका काम नहीं आता है। जब लगातार जॉब ढूंढने के बाद भी कोई रिजल्ट नहीं मिलता है तो हम परेशान हो जाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने तरीके में थोड़ा बदलाव करें। आज पूरी दुनिया डिजिटल हो गई है और इसलिए लोगों के काम करने का तरीका भी काफी बदल गया है। अब लोग अपनी जरूरतों के लिए इंटरनेट पर अधिक भरोसा करते हैं। ऐसे में आप अच्छी जॉब पाने के लिए इंटरनेट का सहारा ले सकते हैं। आपको शायद पता ना हो, लेकिन जब आप ऑनलाइन जॉब सर्च करते हैं तो इससे आपको कई फायदे मिलते हैं।

## अधिक अवसर तक पहुंच

जब आप सिर्फ अपनी नेटवर्किंग का इस्तेमाल करते हैं तो आपको केवल कुछ ही जॉब अवसरों व वेकेंसी के बारे में पता चलता है। ऐसे में आप कभी-कभी एक अच्छी कंपनी में अप्लाई करने और जॉब करने का अवसर खो देते हैं। जबकि ऑनलाइन दुनिया में आपके पास ऑप्शन की कमी नहीं है। आप अपनी इंडस्ट्री और लोकेशन के अनुसार जॉब लिस्टिंग कर सकते हैं। ऐसे करने से जल्दी और अच्छी नौकरी मिलने के अवसर कई गुना बढ़ जाते हैं।
अधिक सुविधाजनक
ऑनलाइन जॉब सर्च करने का एक सबसे बड़ा फायदा यह है कि अधिक सुविधाजनक है। आपको अलग- अलग जगहों पर जाकर या फिर अपने रिसोर्स का इस्तेमाल किए बिना कई बेहतरीन जॉब वेकेंसी की जानकारी होती है। ऐसे में आप घर बैठे-बैठे ही बिना किसी परेशानी के एक अच्छी जॉब ढूंढ सकते हैं।

## समय की बचत

अगर आप पुराने ट्रेडिशनल तरीके से जॉब ढूंढते हैं तो इसमें आपको अपना बहुत अधिक समय देना होता है। जबकि ऑनलाइन जॉब सर्च करने में आपका काफी सारा समय आसानी से बच जाता है। आप अपनी स्किल्स व काम को ध्यान में रखते हुए जॉब सर्च कर सकते हैं। इतना ही नहीं, ऑनलाइन आप एक साथ कई कंपनियों के लिए अप्लाई कर सकते हैं। ऐसा करने में आपको बिल्कुल भी अपना अतिरिक्त समय बर्बाद नहीं करना पड़ता है।

## रियल टाइम अपडेट

जब ऑनलाइन जॉब सर्च करते हैं तो आपको रियल टाइम अपडेट मिलता है। दरअसल, नौकरी लिस्टिंग को ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर अक्सर अपडेट किया जाता है, जिससे आपको यह पता चल जाता है कि किस कंपनी में आपके पास अवसर है। यह रियल टाइम जानकारी मिलने से आपको जॉब मार्केट ट्रेन्ड्स के बारे में पता रहता है।

## जॉब फिल्टर

आजकल अधिकतर ऑनलाइन जॉब पोर्टल फ़िल्टर की सुविधा देते हैं। ऐसे में आप अपनी इंडस्ट्री, लोकेशन और सैलरी रेंज के अनुसार जॉब सर्च कर सकते हैं। जॉब फिल्टर आपको उन नौकरियों को तलाश करने के अवसर प्रदान करता है, जिनकी आपको सच में चाहत है।

## ग्लोबल रिसर्च

ऑनलाइन जॉब सर्च करने का एक सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह आपके दायरे को बढ़ाता है। मसलन, आप सिर्फ अपने शहर, राज्य या देश तक ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में खुद के लिए अवसर तलाश सकते हैं। ऑनलाइन जॉब सर्चिंग करने से आपके लिए अपनी ड्रीम जॉब को ढूंढना अधिक आसान हो जाता है। यह आपकी प्रोफेशनल ग्रोथ को भी बूस्ट देता है।



# हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में सक्सेसफुल होने के लिए सिर्फ किताबी ज्ञान ही काफी नहीं

**ऐसे बहुत से लोग हैं, जो हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में अपना करियर देखते हैं। लेकिन इस सेक्टर में सक्सेसफुल होने के लिए आपको अपने कुछ स्किल्स को जरूर शार्प करना चाहिए।**



हॉस्पिटैलिटी एक ऐसा सेक्टर है, जिसमें करोड़ों लोग काम कर रहे हैं और लाखों लोग इस सेक्टर में अपना करियर बनाने का सपना देख रहे हैं। इसके लिए वे संबंधित कोर्स भी करते हैं। हालांकि, सिर्फ कोर्स करना या किताबी ज्ञान लेना ही काफी नहीं है। यह एक ऐसा सेक्टर है, जिसमें आप कस्टमर्स के साथ हर दिन जुड़ते हैं और कुछ नया एक्सपीरियंस करते हैं। इस फील्ड में सक्सेसफुल होने के लिए आपके अंदर कुछ स्किल्स का होना बेहद ही जरूरी है।
अगर आपने वह स्किल्स नहीं है या फिर आप उसे डेवलप नहीं कर पाते हैं तो कोई भी सर्टिफिकेट आपको सक्सेस नहीं दिला सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही स्किल्स के बारे में बता रहे हैं, जो हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में सक्सेसफुल होने के लिए बेहद जरूरी हैं

## टीम वर्क स्किल्स

हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में सक्सेसफुल होने के लिए आपको टीमवर्क में काम करना आना चाहिए। मसलन, अगर आप एक रेस्टोरेंट के मैनेजर हैं तो आपको फ्रंट ऑफ़ हाउस स्टाफ के साथ काम करना होगा ताकि आपके ग्राहक खुश रहें। इसी तरह किचन टीम के साथ मिलकर काम करना भी आपकी ही जिम्मेदारी का हिस्सा है। अगर आपमें टीमवर्क स्किल्स नहीं हैं तो आप अकेले बेस्ट रिजल्ट नहीं दे पाएंगे।

## फ्लेक्सिबिलिटी

अगर आप हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में हैं तो आप बहुत अधिक फ्लेक्सिबल होना बेहद जरूरी है। कई बार आपको बहुत लंबे समय तक काम करना होता है या फिर उन्हें छुट्टियों के दौरान भी काम करना पड़ता है। उदाहरण के लिए, क्रिसमस और नया साल आमतौर पर हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के लिए काफी अच्छा समय माना जाता है। ऐसे में आपको अपने काम को लेकर फ्लेक्सिबल होना पड़ता है। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो आपके लिए बहुत अधिक आगे तक जाना काफी मुश्किल हो जाएगा।



## कम्युनिकेशन स्किल्स

हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के लोगों के लिए कम्युनिकेशन स्किल्स पर काम करना बेहद ही जरूरी है। आपको चाहे अपने कलीग्स के साथ टीमवर्क में काम करना हो या फिर आने वाले गेस्ट को हैंडल करना हो। इसके लिए अच्छे कम्युनिकेशन स्किल्स होना बेहद ही जरूरी है। इसमें सिर्फ ओरल कम्युनिकेशन ही शामिल नहीं है, बल्कि ईमेल व लिखित कम्युनिकेशन पर भी फोकस करना जरूरी है।

## इंटरपर्सनल स्किल्स

हॉस्पिटैलिटी सेक्टर से जुड़े लोगों में इंटरपर्सनल स्किल्स अच्छे होने भी बेहद जरूरी है। उन्हें अपने मेहमान ही नहीं, बल्कि कलीग्स व मैनेजमेंट के साथ भी अच्छे रिलेशन बनाने आने चाहिए। आपका मिलनसार होना और टीम के सभी मेंबर्स की बात सुनकर व समझकर ही अपना काम आगे बढ़ाना आना चाहिए।

## पॉजिटिविटी

यह एक ऐसा स्किल है, जिसमें अक्सर लोग मात खा जाते हैं। हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में कभी-कभी आपको बहुत अधिक प्रेशर का सामना करना पड़ता है या फिर बहुत अधिक नुकसान उठाना पड़ता है। ऐसे में अक्सर लोग नेगेटिव होने लगते हैं। लेकिन यह एक ऐसा सेक्टर है, जिसमें आपको हरवक्त पॉजिटिव एटीट्यूड ही रखना होगा। कस्टमर्स के सामने आपके चेहरे की स्माइल और पॉजिटिव एटीट्यूड आपके काम को काफी आगे तक लेकर जाएगा।



# आईआईटी से फ्री में करें ये कोर्स, विदेश जाने में भी मिलेगी मदद

**अगर कुछ सीखने की चाह हो तो आप अपने लिए कई अवसर खोज करते हैं। आज हम आपके लिए भारत के टॉप संस्थान से मुफ्त में कोर्स करने की जानकारी लेकर आए हैं।**

भारत में पढ़ाई-लिखाई के अवसरों में बिल्कुल भी कमी नहीं है। आम लोगों से लेकर बड़े-बड़े संस्थानों द्वारा भी मुफ्त में शिक्षा करवाई जाती है। जी हां, बहुत से लोगों को लगता है कि भारत बड़े-बड़े संस्थानों में मुफ्त में बढ़ने की सुविधा नहीं होती है, दो गलत है। इस आर्टिकल में जानें कि आप आईआईटी से मुफ्त में पढ़ाई कैसे कर सकते हैं।

## मशीन लर्निंग इंट्रोडक्शन का कोर्स- आईआईटी खड़गपुर

अगर आप मशीन लर्निंग से जुड़े विषयों की जानकारी लेना चाहते हैं तो आप आईआईटी खड़गपुर द्वारा ऑफर किए जा रहा कोर्स कर सकते हैं। इस कोर्स के दौरान एल्गोरिदम, लॉजिस्टिक, बायेसियन और डीप लर्निंग के बारे में सिखाया जाएगा।

## इंट्रोडक्शन ऑफ पॉलीमर फिजिक्स कोर्स- आईआईटी गुवाहाटी

पॉलिमर फिजिक्स से जुड़े विभिन्न मॉडल और थर्मोडायनामिक्स विषयों को समझने के लिए आप आईआईटी गुवाहाटी द्वारा ऑफर किया जा रहा कोर्स कर सकते हैं।

## डीप लर्निंग कोर्स- आईआईटी रोपड़

इस पाठ्यक्रम में फीडफॉरवर्ड न्यूरल नेटवर्क, कनवेशनल न्यूरल नेटवर्क, न्यूरल नेटवर्क जैसे विषयों के बारे में पढ़ाया जाता है। अगर आप डीप लर्निंग से जुड़े स्किल्स सीखना चाहते हैं तो आईआईटी रोपड़ जा सकते हैं।

## विमान डिज़ाइन से जुड़ा कोर्स - आईआईटी बॉम्बे

यह पाठ्यक्रम छात्रों को विमान के वैचारिक डिजाइन में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के बारे में बताता है। एयरक्राफ्ट से जुड़े विषयों में रुचि रखने वाले लोग और करियर बनाने वाले लोगों के लिए आईआईटी बॉम्बे द्वारा ऑफर किया जा रहा यह कोर्स अच्छा विकल्प है।
विदेश जाने में कैसे मदद मिलेगी
अगर आप किसी और क्षेत्र से हैं और फिर भी आईआईटी से फी में कोर्स करते हैं, तो आपको अच्छा फायदा मिल सकता है। दरअसल बहुत बार हमें दूसरों से अलग बनने के लिए कुछ नया सीखना होता है। अगर आप विदेश जाना चाहते हैं, तो भी आपको एक स्ट्रोग पोर्टफोलियो बनेगा।



# आपके करियर पर नेगेटिव असर डाल सकती हैं बैड हैबिट्स

**कहते हैं कि दुनिया में कोई भी इंसान परफेक्ट नहीं होता है। हम सभी में बुरी आदतें होती हैं। कभी ना कभी उन बुरी आदतों के कारण हमें नुकसान भी उठाना पड़ता है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि अगर आपकी बुरी आदतों का असर आपके काम या जॉब पर पड़ने लगे हो। जी हां, कई बार ऐसा भी होता है कि हमारी बुरी आदतों के चलते हमारी जॉब ही चली जाती है।**

दरअसल, ये बुरी आदतें हमें वर्कप्लेस पर अनप्रोफेशनल बना देती हैं। जिससे आपका बैड इंप्रेशन पड़ता है और जब भी मंदी का दौर आता है या फिर कंपनी को आपसे बेहतर दूसरा कोई कैंडीडेट मिलता है तो वे तुरंत आपको फायर कर देते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसी ही कुछ बैड हैबिट्स के बारे में बता रहे हैं, जो आपके करियर पर नेगेटिव असर डाल सकती हैं और इससे आपकी जॉब तक जा सकती है-

## टालमटोल करना

हम सभी किसी न किसी हद तक ऐसा करते ही हैं। कई बार हम अपने काम को लेकर टालमटोल करते हैं। हो सकता है कि आपको सच में कोई समस्या हो और इसलिए आप समय पर अपना काम खत्म ना कर पा रहे हों। लेकिन अगर आप लंबे समय से ऐसा ही कर रहे हैं और इसकी वजह से आपका आउटपुट और परफार्मेंस इफेक्ट हो रहा है तो आपको थोड़ा सतर्क हो जाना चाहिए। आपको यह समझना चाहिए कि कंपनी वर्क परफार्मेंस पर ध्यान देती है। अगर आप टारगेट्स को पूरा नहीं कर पा रहे हैं तो वह आपको जॉब से फायर भी कर सकती है।

## हर वक्त नेगेटिव रहना

हर कंपनी में कोई ना कोई प्रोब्लम जरूर होती है। हो सकता है कि आप शायद अपने ऑफिस के वर्क कल्चर से बहुत अधिक संतुष्ट ना हों या फिर अपने सहकर्मियों को लेकर आपको शिकायत हो। लेकिन ऐसे में हर समय शिकायत करते रहना अच्छा नहीं माना जाता है। जब आप ऑफिस में हर समय नेगेटिव रहते हैं और हर वक्त शिकायत करते रहते हैं। जिससे आपकी प्रोफेशनल इमेज पर बुरा प्रभाव पड़ता है। कई बार इसके कारण आपकी जॉब पर भी खतरा मंडराता है।

## बहुत अधिक छुट्टियां लेना

अक्सर हम सभी अपने पर्सनल कामों के चलते ऑफिस से छुट्टी लेते हैं। कभी-कभार हम सभी ऐसा करते ही हैं। लेकिन अगर आप बहुत अधिक दिनों तक छुट्टी पर रहते हैं या फिर हर कुछ दिन में छुट्टी पर चले जाते हैं तो इससे ऑफिस का काम इफेक्ट होता है। कई बार आपकी बार-बार अनुपस्थिति के कारण आपकी जॉब भी चली जाती है। इसलिए, आपको बार-बार या फिर बिना बताए छुट्टियां करने से बचना चाहिए।

## कम्युनिकेशन स्किल्स पर ध्यान ना देना

जब आप ऑफिस में काम करते हैं तो सिर्फ आपका काम ही नहीं देखा जाता है, बल्कि ऑफिस में आपका व्यवहार भी काफी मायने रखता है। अगर आप ऑफिस में अपने कलीग्स व सीनियर्स के साथ इफेक्टिव तरीके से कम्युनिकेट नहीं करते हैं तो इससे ऑफिस में आपकी नेगेटिव इमेज बनती है। कई बार आपके कम्युनिकेशन स्किल्स के कारण आपकी नौकरी पर भी खतरा आ जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### लोकसभा चुनाव में झटके के बाद महायुति का बड़ा दांव, सरकार अब आने वाले चुनाव में कोई चूक नहीं चाहती



**मुंबई, एजेंसी।** मराठवाड़ा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव 2024 में महायुति को करारा झटका लगा था। यहां भाजपा, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी वाले गठबंधन 9 में से केवल 1 सीट पर जीत दर्ज करने में कामयाब रहा। भाजपा के बड़े नेता पंकजा मुंडे और रावसाहेब दानवे जैसे दिग्गजों की हार से पार्टी को भारी नुकसान हुआ। इस स्थिति ने शिंदे सरकार को विधानसभा चुनावों के लिए सतर्क कर दिया है। सरकार अब आने वाले चुनाव में कोई चूक नहीं चाहती, खासकर तब जब मराठवाड़ा का मराठा आरक्षण मुद्दा गरमाया हुआ है। मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे पाटिल ने इस मुद्दे को और हवा दी है। मनोज जारांगे पाटिल ने हैदराबाद गजट के आधार पर मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग की है। उन्होंने मराठा समाज को कुनबी के रूप में दर्ज करने की मांग को लेकर जोरदार आंदोलन छेड़ा है। पाटिल का कहना है कि 1881 की ब्रिटिश जनगणना में मराठवाड़ा के अधिकांश मराठाओं को कुनबी के रूप में दर्ज किया गया था, लेकिन बाद की जनगणनाओं में यह बदल गया। उनकी मांग है कि 1881 के आधार पर मराठा समाज को कुनबी प्रमाण पत्र जारी किया जाए, जिससे उन्हें आरक्षण का लाभ मिल सके। शिंदे सरकार अब इस मामले को हल करने के लिए निर्णायक कदम उठाने की तैयारी में है। एबीपी मांझा की रिपोर्ट के अनुसार, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे हैदराबाद गजेट को लागू करने की योजना बना रहे हैं, जो मराठा समाज को आरक्षण का आधार प्रदान कर सकता है। इस मुद्दे पर राज्य सरकार का एक शिष्टमंडल पहले ही तेलंगाना जाकर गजेट का अध्ययन कर चुका है और अब इसे लागू करने की दिशा में काम शुरू हो चुका है। अटकलें हैं कि विधानसभा का एकदिवसीय अधिवेशन 25 से 30 सितंबर के बीच बुलाया जा सकता है, जिसमें इस मुद्दे पर महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। शिंदे सरकार के लिए यह निर्णय चुनावी दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण साबित हो सकता है क्योंकि मराठवाड़ा में विधानसभा की 46 सीटें हैं और पिछली बार महायुति ने यहां 28 सीटों पर जीत दर्ज की थी। मराठा आरक्षण का मुद्दा आने वाले चुनावों में निर्णायक भूमिका निभा सकता है यही वजह के शिंदे सरकार का हर कदम फूंक-फूंककर उठा रही है।

### महाराष्ट्र चुनाव से पहले भाजपा को झटका, विदर्भ के दिग्गज नेता की कांग्रेस में वापसी

**पुणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बड़ा झटका लगा है। विदर्भ के वरिष्ठ नेता गोपालदास एस. अग्रवाल ने शुक्रवार को भाजपा पार्टी छोड़कर कांग्रेस में वापसी कर ली। अग्रवाल कांग्रेस के टिकट पर 2004, 2009 और 2014 में गोंदिया सीट से विधायक चुने गए थे। उन्होंने 2019 के विधानसभा चुनावों से ठीक पहले भाजपा ज्वाइन की थी। हालांकि, भाजपा में शामिल होने के बाद वह निर्दलीय उम्मीदवार विनोद एस. अग्रवाल से चुनाव हार गए थे। गोंदिया सीट महाराष्ट्र के आदिवासी क्षेत्र में आती है, जोकि कांग्रेस का पारंपरिक गढ़ रही है। 1952 से कांग्रेस ने इस सीट पर 12 बार जीत दर्ज की है, सिवाय 1995, 1999 और 2019 के। हाल ही में, 73 वर्षीय गोपालदास अग्रवाल ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा को अपना इस्तीफा सौंपा था। राजनीतिक विश्लेषक इसे भगवा पार्टी के लिए बड़ा झटका बता रहे हैं। भाजपा को पहले ही मई 2024 के चुनावों में विदर्भ की 10 में से केवल 1 सीट पर जीत मिली थी। एआईसीसी के महासचिव रमेश चेन्निथला, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले, विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार, पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण, पूर्व मंत्री नितिन राउत, सुनील केदार, शिवाजीराव मोघे, सांसदों और विधायकों की उपस्थिति में हुआ।

# आपदा प्रबंधन के मोर्चे पर शत-प्रतिशत खरे उतरे धामी

सुनील तिवारी | देहरादून (उत्तराखंड)



प्राकृतिक आपदाओं को देखा है, जो मुख्य रूप से अनियमित मौसम पैटर्न और क्षेत्र की अनूठी स्थलाकृतिक चुनौतियों के कारण हुई हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के रूप में, पुष्कर सिंह धामी ने आपदा प्रबंधन में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिसमें नागरिकों की भलाई को सबसे आगे रखने वाले सक्रिय दृष्टिकोण पर जोर दिया गया है। सरकारी अधिकारियों के बीच सतर्कता बनाए रखने और आपात स्थितियों के दौरान त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने की उनकी प्रतिबद्धता आपदाओं को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में उनके नेतृत्व को रेखांकित करती है। मुख्यमंत्री धामी के प्रयास निरंतर तत्परता से शुरू होते हैं। उन्होंने अधिकारियों को हर समय सतर्क रखने के उपाय किए हैं, खासकर अप्रत्याशित मौसम में। इस दृष्टिकोण की तात्कालिकता तब स्पष्ट हुई जब वे शुक्रवार को हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में चुनाव प्रचार से लौटते ही अपना ध्यान राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र पर केंद्रित किया, जहाँ उन्होंने दो दिनों में हुई बारिश से संबंधित घटनाओं पर तुरंत अपडेट मांगा। यह तत्काल प्रतिक्रिया न केवल उनके समर्पण को दर्शाती है, बल्कि उनकी प्रशासनिक टीमों के लिए एक महत्वपूर्ण मिसाल भी स्थापित करती है।

इसके अलावा, संभावित आपदा की स्थिति में, धामी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला मजिस्ट्रेटों से सीधे संवाद करते हैं। यह तरीका सुनिश्चित करता है कि सूचना राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से और प्रभावी ढंग से प्रवाहित हो। अपने निर्देशों में, वे सभी अधिकारियों को 24 घंटे तत्परता के लिए "अलर्ट मोड" में रखने के महत्व पर जोर देते हैं। यह ऐसे राज्य में महत्वपूर्ण है, जहां अचानक और गंभीर मौसम परिवर्तन होने की संभावना होती है, जिससे सड़कें बंद हो सकती हैं और भूस्खलन हो सकता है। यह सुनिश्चित करके कि अधिकारी तुरंत कार्रवाई करने के लिए तैयार हैं, धामी संकट के समय में त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर देते हैं। मुख्यमंत्री धामी का व्यावहारिक दृष्टिकोण घटनाओं के बाद आपदा स्थलों पर उनके तत्काल दौरे से स्पष्ट होता है। आपदा के स्थान पर उनकी उपस्थिति न केवल स्थानीय लोगों और आपातकालीन प्रतिक्रियाकर्ताओं दोनों के लिए मनोबल बढ़ाने का काम करती है, बल्कि उन्हें स्थिति का सीधे तौर पर आकलन करने का भी मौका देती है। यह व्यक्तिगत भागीदारी प्रतिबद्धता के स्तर को प्रदर्शित करती है जो नागरिकों के साथ प्रतिध्वनित होती है, जिससे सरकारी उपायों और नीतियों में विश्वास बढ़ता है। जन जागरूकता की आवश्यकता को पहचानते हुए, धामी ने स्थानीय निवासियों, विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में, संभावित खतरों और सुरक्षा उपायों के बारे में सूचित करने के प्रयासों का निर्देश दिया है। जलभराव और अन्य जोखिमों के बीच लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए उनका आह्वान आपदा की तैयारियों में सभी की भागीदारी के महत्व को रेखांकित करता है। जागरूकता बढ़ाकर और सक्रिय उपायों को बढ़ावा देकर, वे आपदा प्रबंधन प्रक्रिया में नागरिकों को प्रभावी रूप से शामिल करते हैं।

### 6 जनवरी 2023 को मुख्यमंत्री धामी पहुँचे थे जोशीमठ

जनवरी 2023 शुरुआत में ही जोशीमठ में भू-धंसाव के चलते सैकड़ों परिवारों का जीवन संकट में पड़ गया था। इस आपदा से निपटने के लिए कई प्रयास किए गए। 6 जनवरी 2023 को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्थिति का जायजा लेने के लिए जोशीमठ का दौरा किया और अधिकारियों को रेस्क्यू ऑपरेशन तेज करने का आदेश दिए थे। इससे पहले सचिवालय में उच्चस्तरीय बैठक बुलाई गई थी। मुख्यमंत्री धामी ने नरसिंह मंदिर और मारवाड़ी इलाके का भी दौरा किया और प्रभावित परिवारों से मिलकर उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने सभी को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के आदेश दिए हैं। अधिकारियों ने 6 जनवरी 23 तक 100 से अधिक परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। और रेस्क्यू अभियान को और भी तेज किया। जोशीमठ में होटल व अन्य भवन स्वामियों को सरकार की तरफ से उचित मुआवजा दिया गया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 13 जुलाई 2023 को हरिद्वार का दौरा कर जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने हेलीकॉप्टर से हवाई सर्वेक्षण किया और नाव से भी स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद, मुख्यमंत्री ने देहरादून स्थित आपदा प्रबंधन नियंत्रण कक्ष में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रभावित लोगों को आवश्यकताएँ, जैसे भोजन, पानी और मेडिकल सहायता, जल्द से जल्द पहुँचाई जाएं। मुख्यमंत्री धामी का यह त्वरित प्रतिक्रिया और स्थितियों का स्वयं निरीक्षण करना उनके जनता के प्रति समर्पण और संवेदनशीलता को दर्शाता है।

12 नवंबर 2023 को उत्तराखंड के सिल्क्यारा-बड़कोट निर्माणधीन टनल में भूस्खलन होने की वजह से 41 श्रमिक फँस गए थे, जिनमें कंपनी के दो फ़ोरमैन भी शामिल थे। यह घटना दिवाली के दिन सुबह करीब 5 बजे हुई थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसे एक बड़ी प्राथमिकता मानते हुए तुरंत ही राहत एवं बचाव कार्य शुरू करवाए। इसके लिए पूरी सरकारी मशीनरी को सक्रिय कर दिया गया और बचाव कार्य में दिक्कत न हो, इसके लिए मुख्यमंत्री ने खुद भी स्थल पर विशेषज्ञ टीम और आईटीबीपी मातली उत्तरकाशी में करीब एक सप्ताह का कैम्प किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की तत्परता और सक्रियता के कारण सभी श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सका। यह दर्शाता है कि सरकार की तत्पर और सही समय पर राहत-बचाव कार्य की योजना और क्रियान्वयन की योग्यताएं आपात स्थिति में कितनी महत्वपूर्ण होती हैं। सभी श्रमिकों को बड़े परिश्रम के 17 दिन बाद 28 नवम्बर 2023 को सुरक्षित निकाल पाने की इस सफलता पर राज्य के नागरिकों में राहत और मुख्यमंत्री की कार्यशैली की सराहना हुई थी।

### खटीमा और चंपावत जनपद के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने 9 जुलाई 2024 में कुमाऊं मंडल के दौरे के दौरान उधम सिंह नगर के खटीमा और चंपावत जनपद के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। अतिवृष्टि के कारण हुए बाढ़ जैसी स्थिति से निपटने के लिए उन्होंने अधिकारियों से त्वरित और प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। खटीमा क्षेत्र में चकरपुर, अमाऊं, खटीमा बाजार, रेलवे क्रासिंग, आवास विकास और पकड़िया जैसे अनेक क्षेत्र अतिवृष्टि से प्रभावित हुए। सीएम धामी ने इन क्षेत्रों का हवाई और स्थलीय निरीक्षण किया और स्थिति का जायजा लिया। सीएम धामी ने आठ जुलाई को कुमाऊं मंडल के अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत की। उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों को तुरंत राहत पहुंचाने और NDRF, SDRF व जल पुलिस की मदद से फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश दिए। अतिवृष्टि और बाढ़ से उत्पन्न समस्याओं से निपटने के लिए सीएम धामी ने प्रशासन की तत्परता और समर्पण की प्रशंसा की और जल्द से जल्द सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए अधिकतम प्रयास करने का आग्रह किया।

### टिहरी के तोली और तिनगढ़ त्रासदी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 29 जुलाई 2024 को उत्तराखंड के आपदा प्रभावित क्षेत्र घनसाली, टिहरी का दौरा किया। भारी बारिश और भूस्खलन ने इस क्षेत्र में काफी तबाही मचाई थी। तिनगढ़ गांव में शनिवार को हुए भूस्खलन में 15 आवासीय मकान मलबे में दब गए थे, लेकिन प्रशासन की तत्परता से इन घरों को पहले ही खाली करा लिया गया था, जिसके कारण कोई जनहानि नहीं हुई। प्रभावित ग्रामीणों को विनयखाल के राजकीय इंटर कॉलेज में अस्थायी रूप से ठहराया गया। भिलंगना ब्लॉक के तोली गांव में भूस्खलन की त्रासदी ने एक परिवार को प्रभावित किया, जहां एक मकान के अंदर मां और बेटी की मौत हो गई। परिवार के अन्य सदस्य भाग कर अपनी जान बचाने में कामयाब रहे। मुख्यमंत्री ने विनयखाल के आपदा शिविर में रह रहे पीड़ितों से मुलाकात की और उनके दुख-दर्द को साझा किया। उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। सीएम के सामने कई पीड़ित भावुक हो गए, खासकर बुजुर्ग महिलाओं के आंसू छलक आए, जो इस आपदा से बुरी तरह प्रभावित हुई थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इस मुश्किल घड़ी में पीड़ितों के साथ मजबूती से खड़ी है और हर संभव सहायता प्रदान करेगी। आपदा के मद्देनजर प्रशासन और राहत कार्यकर्ता लगातार राहत और बचाव कार्यों में जुटे हुए हैं। सरकार ने भी आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों के लिए अतिरिक्त संसाधन और सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया है, ताकि प्रभावित लोगों को जल्द से जल्द सहायता पहुंचाई जा सके और उनका सामान्य जीवन पुनः स्थापित हो सके। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का यह दौरा पीड़ितों के लिए मनोबल बढ़ाने वाला साबित हुआ और उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार पीड़ितों के पुनर्वास के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगी।

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को जनपद टिहरी के आपदाग्रस्त क्षेत्र जखन्याली का 1 अगस्त 2024 को स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने आपदाग्रस्त क्षेत्र में यात्रा कर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने शोकसंवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति और शोकाकुल परिवारों को धैर्य और साहस प्रदान करने की कामना की। मुख्यमंत्री ने प्रभावितों को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार और प्रशासन इस कठिन परिस्थिति में उनके साथ खड़े हैं और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समय एक दूसरे का सहयोग करने का है और सबको मिलकर इस संकट का सामना करना होगा। इसके अतिरिक्त, उन्होंने स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिया कि वे राहत कार्यों में तेजी लाएं और सुनिश्चित करें कि कोई भी प्रभावित व्यक्ति सहायता से वंचित न रह जाए। उनकी उपस्थिति ने प्रभावित समुदायों को सांत्वना और उत्साह प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने जनता से अपील की कि वे इस कठिन घड़ी में एकजुट रहें और एक-दूसरे का समर्थन करें।

### केदारघाटी में सफल रेस्क्यू अभियान

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदारघाटी में सफल रेस्क्यू अभियान के पूरा होने की घोषणा की। केदारनाथ पैदल यात्रा पुनः शुरू होने की उम्मीद है। 6 अगस्त 2024 को रुद्रप्रयाग पहुंचकर, सीएम धामी ने राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा की और प्रभावित लोगों का हालचाल जाना। रेस्क्यू ऑपरेशन के पहले चरण के पूरा होने की जानकारी देते हुए सीएम धामी ने कहा कि अब दूसरे चरण में व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर केदारनाथ पैदल यात्रा को शुरू कराने पर ध्यान दिया जा रहा है। चौमासी से भैरव मंदिर तक के पैदल मार्ग को वैकल्पिक रूट के रूप में बनाने का कार्य भी प्रगति पर है। मुख्यमंत्री धामी ने यह भी बताया कि रिकॉर्ड समय में लगभग 15,000 यात्रियों और स्थानीय लोगों को एयरलिफ्ट और पैदल मार्गों से सुरक्षित रेस्क्यू किया गया है। अब जहां भी मार्ग क्षतिग्रस्त हैं, उनकी मरम्मत के लिए युद्धस्तर पर कार्य शुरू कर दिया गया है।

22 अगस्त को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भरारीसैंण विधानसभा सत्र में व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद टिहरी जिले के घुत्तु-पंजा-देवलिंग के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का महत्वपूर्ण दौरा किया। यह दौरा पिछले दिन हुई विनाशकारी घटनाओं के जवाब में था, जब 21 अगस्त को इस क्षेत्र में एक आपदा आई थी। मुख्यमंत्री की मौजूदगी ने चल रहे राहत और बचाव कार्यों की तात्कालिकता और महत्व को रेखांकित किया, जो प्रभावित लोगों की तत्काल जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण थे। अपने दौरे के दौरान, मुख्यमंत्री धामी ने मलेठी में प्रभावित परिवार विशाल मणि की पत्नी दुर्गा देवी से मुलाकात की। यह बातचीत महज औपचारिक नहीं थी; इसने आपदा से होने वाले मानवीय नुकसान के प्रति करुणामय समझ को प्रदर्शित किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की निगरानी में चले रेस्क्यू अभियान में हजारों श्रद्धालुओं एवं स्थानीय जनता को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। इसके बाद प्रशासन की ओर से पैदल मार्ग को तेजी के साथ दुरुस्त करने की चुनौती थी। इस चुनौती को भी जिला प्रशासन ने पार पा लिया जिसके बाद मार्ग को घोड़ा खच्चर संचालन के लिए भी दुरुस्त कर लिया गया है। 26 अगस्त को श्री केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर 31 जुलाई को अतिवृष्टि के चलते बंद हुए पैदल मार्ग घोड़े-खच्चरों के लिए 26 दिनों के भीतर ही खुल गए हैं। यात्रा मार्ग पर घोड़े-खच्चरों की आवाजाही के साथ ही घोड़े- खच्चरों से राशन एवं अन्य अनिवार्य सामग्री की आपूर्ति भी शुरू हो गई है।

# असम सरकार 4,669 संविदा शिक्षकों की नौकरियों को स्थायी करेगी

**गुवाहाटी, एजेंसी।**
असम सरकार ने फैसला किया है कि जो शिक्षक पिछले 14 साल से अधिक समय से संविदा (अस्थायी) शिक्षक के नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अब स्थायी (नियमित) किया जाएगा। सरकार के इस फैसले से कम से कम 4,669 संविदा शिक्षकों को फायदा होगा, जो हाई स्कूलों में नौकरी कर रहे हैं। 2010 में, कांग्रेस सरकार ने पूरे प्रदेश के हाई स्कूलों में अंग्रेजी, गणित और सामान्य विज्ञान जैसे विषयों को पढ़ाने के लिए अनुबंध के आधार पर कम से कम 8,000 शिक्षकों की नियुक्ति की थी। हालांकि, कई शिक्षक वर्षों से नौकरी छोड़ चुके हैं और वर्तमान में 4,669 शिक्षक संविदा पदों पर काम कर रहे हैं।



शुरुआत में इन शिक्षकों को प्रति माह 8,000 रुपये का मानदेय (वेतन) मिल रहा था, जिसे बाद में बढ़ाकर 15,000 रुपये और फिर 20,000 रुपये प्रति माह कर दिया गया। असम मंत्रिमंडल ने शुक्रवार देर रात एक बैठक में संविदा शिक्षकों की नौकरी स्थायी करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, कांग्रेस के शासन के दौरान हाई स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती अनुबंध के आधार पर की जाती थी। 2021 में भाजपा सरकार ने अनुबंधित शिक्षकों की सेवा 60 वर्ष की आयु तक बढ़ा दी और उन्हें नियमित शिक्षकों के बराबर कई सुविधाएं दी गईं।

उन्होंने कहा, राज्य के विभिन्न हाई स्कूलों में 4,669 शिक्षक कार्यरत हैं। कैबिनेट ने उनकी नौकरी स्थायी करने का निर्णय लिया है। शिक्षा विभाग अगले दस दिनों में इस संबंध में विज्ञापन जारी करेगा। उन्होंने कहा, हालांकि, संविदा शिक्षकों के पास दो विकल्प हैं। यदि कोई शिक्षक अपने वर्तमान पद पर बने रहना चाहता है, तो वे ऐसा कर सकते हैं। यह एक अनिवार्य प्रक्रिया नहीं है और संविदा शिक्षक स्वेच्छा से स्थायी पदों पर जा सकते हैं।

पिछले तीन सालों से संविदा शिक्षकों को स्थायी शिक्षकों के बराबर वेतन मिल रहा था, लेकिन उन्हें कुछ लाभ नहीं मिल रहे थे और राज्य सरकार के ताजा फैसले के अनुसार अब वे स्कूलों में नियमित शिक्षक के रूप में काम करेंगे।

गौरतलब है कि असम सरकार ने हाल ही में सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए) के तहत राज्य के प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत लगभग 25,000 शिक्षकों की नौकरियों को नियमित कर दिया है।

# हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु राज्य के सबसे अमीर उम्मीदवार

### सावित्री जिंदल और भूपिंदर हुड्डा को छोड़ा पीछे

**चंडीगढ़, एजेंसी।**
हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु राज्य के सबसे अमीर उम्मीदवार हैं। उन्होंने 417 करोड़ रुपये की अपनी संपत्ति घोषित की है जो नारनौंद विधानसभा सीट से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। 56 वर्षीय अभिमन्यु के चुनावी हलफनामे के अनुसार, उन्होंने अपनी और पत्नी की कुल चल व अचल संपत्ति क्रमशः 369.03 करोड़ रुपये और 47.96 करोड़ रुपये बताई है। हालांकि, उन्होंने 1.1 लाख रुपये ही नकद के रूप में दिखाए हैं। साथ ही, 251 करोड़ रुपये के बांड, डिबेंचर और शेयरों में निवेश की जानकारी दी है। कैप्टन अभिमन्यु के पास 21.53 लाख रुपये के सोने के आभूषण और दूसरे कीमती सामान भी हैं। सावित्री जिंदल हिसार सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनावी मैदान में उतरी हैं। उन्होंने अपनी कुल संपत्ति 270 करोड़ रुपये घोषित की है। 76 वर्षीय सावित्री ने अपनी चल और अचल संपत्ति क्रमशः 190 करोड़ रुपये और 80 करोड़ रुपये बताई है। हलफनामे के अनुसार, सावित्री के पास कोई कार नहीं है। मालूम हो कि वह



कुरूक्षेत्र से भाजपा सांसद नवीन जिंदल की मां और दिवंगत उद्योगपति ओपी जिंदल की पत्नी हैं। हरियाणा के मंत्री और हिसार से मौजूदा विधायक कमल गुप्ता से उनका चुनावी मुकाबला है। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के सीनियर नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा की बात करें तो वह भी इस लिस्ट में आगे हैं। चुनावी हलफनामे के अनुसार, उन्होंने पत्नी सहित अपनी कुल संपत्ति 26.48 करोड़ रुपये बताई है। 77 वर्षीय हुड्डा गढ़ी सांपला किलोई सीट से चुनाव में ताल ठोंक रहे हैं। उन्होंने पत्नी सहित अपनी चल और अचल संपत्ति क्रमशः 7.20 करोड़ रुपये और 19.28 करोड़ रुपये घोषित की है। दिलचस्प है कि उनके पास कोई गाड़ी नहीं है, लेकिन 1.32 करोड़ रुपये के सोने के आभूषण और 23.25 लाख रुपये की चांदी रखते हैं। हरियाणा विधानसभा में विपक्ष के नेता हुड्डा के पास एक राइफल, एक रिवॉल्वर और एक पिस्तौल भी है। इंडियन नेशनल लोक दल नेता अभय सिंह चौटाला ने पत्नी सहित अपनी कुल संपत्ति 61 करोड़ रुपये घोषित की है। चुनावी हलफनामे के अनुसार, ऐलनाबाद से चुनाव लड़ रहे चौटाला ने क्रमशः 37.31 करोड़ रुपये और 23.70 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति बताई है। अभय चौटाला के पास 2 ट्रैक्टर, एक जीप और 4 कारें हैं। 61 वर्षीय नेता के पास 60.90 लाख रुपये के सोने के आभूषण, 1.70 लाख रुपये की चांदी और 15 लाख रुपये के हीरे भी हैं। अब जननायक जनता पार्टी के नेता और हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की बात करते हैं। चुनावी हलफनामे के अनुसार, दुष्युंत चौटाल के पास पत्नी सहित कुल 82.08 करोड़ रुपये की संपत्ति है।

# छत्तीसगढ़ में मेडिकल कॉलेजों के डॉक्टर से लेकर टीचर्स तक की बल्ले-बल्ले

**रायपुर, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के सीनियर रेजिडेंट से लेकर वहां पढ़ाने वाले शिक्षकों तक को बड़ी खुशखबरी दी है। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के सीनियर रेजिडेंट, सहायक प्राध्यापक, सह प्राध्यापक तथा प्राध्यापक के वेतन में बढ़ोतरी का आदेश जारी किया है। यह आदेश एक सितंबर 2024 से पूरे राज्य के शासकीय मेडिकल कॉलेजों के लिए प्रभावी होगा।

अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार गैर अनुसूचित क्षेत्रों के मेडिकल कालेज में पदस्थ प्राध्यापक का वेतन एक लाख 55 हजार रुपये से बढाकर एक लाख 90 हजार



रुपये कर दिया गया है। इसी तरह सह प्राध्यापक का वेतन एक लाख 35 हजार से एक लाख 55 हजार, सहायक प्राध्यापक का वेतन 90 हजार से एक लाख तथा सीनियर रेजिडेंट का वेतन 65 हजार रुपये से बढ़ाकर 75 हजार रुपये कर दिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि अनुसूचित क्षेत्रों के मेडिकल कालेज में पदस्थ प्राध्यापक का वेतन एक लाख 90 हजार रुपये से बढ़ाकर दो लाख 25 हजार रुपये कर दिया गया है। इसी तरह सह प्राध्यापक का वेतन एक लाख 55 हजार से एक लाख 85 हजार, सहायक प्राध्यापक का वेतन 90 हजार से एक लाख 25 हजार तथा सीनियर रेजिडेंट और प्रदर्शक (पीजी) का वेतन 65 हजार रुपये से बढाकर 95 हजार रुपये कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के संविदा चिकित्सकों के लिए जारी पुनरीक्षित संविदा वेतनमान के अनुसार अनुसूचित क्षेत्र में लगभग 46 फीसदी तथा गैर अनुसूचित क्षेत्र में लगभग 23 फीसदी की वेतन बढ़ोतरी की गई है।

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने वेतन वृद्धि पर कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने कहा कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में पढ़ने वाले भावी चिकित्सकों का ये अधिकार है कि उन्हें अच्छी गुणवत्ता वाला शिक्षक और शिक्षा मिले। वेतन में बढ़ोतरी का यह आदेश राज्य शासन की स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने की मंशा को स्पष्ट जाहिर करता है।

# केजरीवाल को जमानत देना आरोपों से मुक्त होना नहीं, पहले वो जेल में थे, अब वो बेल पर हैं - पूर्व मंत्री अनिल विज

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस में बगावत व कई कांग्रेस नेताओं के आजाद नामांकन भरने पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस कोई पार्टी नहीं बल्कि कई धड़ों का ग्रुप है, सभी अपने-अपने धड़ों के लिए पैरवी कर रहे थे जिन्हें टिकट नहीं दिलवा सके उन्हें आजाद खड़ा कर दिया गया। पूर्व मंत्री अनिल विज आज पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने पर पूर्व मंत्री अनिल विज ने तंज कसते हुए कहा कि जमानत देना आरोपों से मुक्त होना नहीं है, सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दी है लेकिन बंधन अभी भी उनके ऊपर है। फर्क इतना है की पहले वो जेल में थे अब वो बेल पर है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस्तीफे की बात कही है जिसपर तंज कसते हुए हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने कहा की बयान देना अच्छी बात नहीं है, सारा देश देख रहा है वो प्रदेश को संभालने में पूरी तरह फेल हो गई है, उन्हें ये मानना चाहिए और बयान देने की बजाए त्याग पत्र देना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

ब्रुसेल्स डायमंड लीग फाईनलः

### भारतीय एथलीट साबले स्टीपलचेज में नौवें स्थान पर रहे




**ब्रुसेल्स (बेल्जियम), एजेंसी।** केन्या के अमोस सेरेम ने मोरक्को के पेरिस ओलंपिक चैंपियन सौफियान एल बक्काली को हराकर 8:06.90 सेकेंड का समय लेकर डायमंड लीग का खिताब अपने नाम कर लिया।

ब्रुसेल्स में अपने डायमंड लीग फाइनल डेब्यू में भारतीय एथलीट अविनाश साबले ने शुक्रवार रात बाउडैइन स्टेडियम में 3000 मीटर स्टीपलचेज में नौवां स्थान प्राप्त किया। इसके लिए अविनाश ने 8ः17.9 सेकेंड का समय लिया। वहीं, केन्या के अमोस सेरेम ने मोरक्को के पेरिस ओलंपिक चैंपियन सौफियान एल बक्काली को हराकर 8:06.90 सेकेंड का समय लेकर डायमंड लीग का खिताब अपने नाम कर लिया।

दौड़ की शुरुआत में, राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक साबले खिताब के लिए चुनौती देने की स्थिति में दिखाई नहीं दिए, क्योंकि वह दस धावकों के समूह में अंत में थे। वहीं, अमोस ने दौड़ के अंतिम 400 मीटर में अपनी बढ़त बनाए रखी और एल बक्काली को पीछे छोड़ दिया।

### नवदीप ने खोला अपने गुस्से से भरे सेलिब्रेशन का राज



**नईदिल्ली, एजेंसी।** नवदीप सिंह ने पेरिस पैरालंपिक खेलों में गेम्स में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचा। नवदीप ने 47.32 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता और फिर इसके बाद जश्न मनाने के अनोखे अंदाज ने उन्हें देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में मशहूर कर दिया। नवदीप ने जिस अंदाज में अपने गोल्ड मेडल को सेलिब्रेट किया, वो कई दिनों तक सोशल मीडिया पर वायरल रहा। अब इंडिया टीवी के साथ एक खास बातचीत में स्टार जैवलिन थ्रोअर ने अपने अनोखे सेलिब्रेशन को लेकर खुलकर बात की।

नवदीप ने बताया कि अगर उनके दिमाग में होता तो वह बोलते ही नहीं। माहौल गर्म था। उन्होंने कहा कि वह देश के लिए खेल रहे थे और उसी वजह से जोश में थे। उस वक्त वह काफी इंटेंसिटी महसूस कर रहे थे। नवदीप ने पहले सिल्वर मेडल जीता था, लेकिन शुरुआती चैंपियन ईरानी खिलाड़ी सादेग बेइत सायाह को अयोग्य घोषित किये जाने के बाद उन्हें गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। नवदीप ने ईरानी एथलीट को अयोग्य घोषित किए जाने को लेकर भी अपनी राय दी।

2028 में गोल्ड जीतना अगला लक्ष्य

उन्होंने कहा कि मैं पहले स्थान पर चल रहा था और फिर ईरानी एथलीट उससे आगे निकल गया। उन्होंने बताया कि ट्रैक पर वह दोनों प्रतिस्पर्धी हैं, लेकिन ट्रैक से बाहर वह दोस्त हैं। एक दोस्त के तौर पर उन्हें ईरानी एथलीट के लिए बुरा लगा।

हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी: 2024

# भारत ने पाकिस्तान को 2-1 से हराया

● कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने किए दोनों गोल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को रोमांचक मुकाबले में 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। हालांकि जहां पेरिस ओलंपिक के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट भारत ने अपने चारों मैच जीते हैं तो वहीं पाकिस्तान ने दो मैच ड्रॉ किए और दो जीते हैं।

इस तरह से दोनों ही टीमें अपराजेय हैं लेकिन फॉर्म के हिसाब से भारतीय टीम बीस है। एक खास बात यह भी है कि पाकिस्तान की हॉकी टीम पिछले 8 साल से भारत के खिलाफ जीत का इंतजार कर रही है। आखिरी बार पाकिस्तान ने 2016 में साउथ एशियन गेम्स में भारत को 1-0 से हराकर गोल्ड मेडल जीता था। इसके बाद से पाकिस्तान एक भी जीत दर्ज नहीं कर पाया है।

2013 से अब तक भारत और पाकिस्तान 25 बार विभिन्न टूर्नामेंटों में भिड़ चुके हैं। इनमें से 16 बार भारत ने जीत दर्ज की है, जबकि पाकिस्तान ने 5 मैच जीते हैं और 4 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं। दोनों टीमों की हाल की भिड़ंत एशियन गेम्स में हुई थी, जहां भारत ने पाकिस्तान को 10-2 से हराया था, जो पाकिस्तान की अब तक की सबसे बड़ी हार थी। हालांकि पाकिस्तान ने हाल ही में सुल्तान अजलान शाह कप में दूसरा स्थान हासिल किया था, लेकिन उनकी टीम अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही है। पाकिस्तान पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाया और 2023 के वर्ल्ड कप में भी जगह नहीं बना सका था। एशियन गेम्स में भी उन्हें भारत से 10-2 से करारी हार झेलनी पड़ी थी।

इसके बावजूद, पाकिस्तान की एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में अब तक की यात्रा मजबूत रही है और वे उम्मीद कर रहे हैं कि हॉकी में भारत को फिर से टक्कर दे सकें। भारत और पाकिस्तान के बीच हॉकी में अब तक के हेड टू हेड रिकॉर्ड की बात करें क्रिकेट जैसी कहानी नजर आती है। जहां पाकिस्तान 2000 तक मजबूत टीम थी और लेकिन बाद में भारत ने बाजी मारी है।

साल 2000 तक पाकिस्तान ने 93 में से 47 मैच जीते थे, जबकि भारत ने 29 मैचों में जीत हासिल की थी। कुल मिलाकर अब तक दोनों टीमों के बीच 180 मैच हो चुके हैं, जिनमें भारत ने 66 और पाकिस्तान ने 82 मैच जीते हैं। पिछले 30 सालों में भारत ने 37 मैच जीते हैं, जबकि पाकिस्तान ने 35 मैचों में जीत दर्ज की है। 15 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं।

## विनेश ने झूठ बोला?

### पेरिस ओलंपिक और पीटी ऊषा को लेकर हरीश साल्वे के दावे ने मचाई सनसनी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** विनेश फोगाट ने हाल ही में दावा किया था कि पेरिस ओलंपिक में डिस्क्वालिफाई होने के बाद भारत सरकार ने जान-बुझकर उनकी कोई मदद नहीं की थी. साथ ही ये भी आरोप लगाया था कि इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की अध्यक्ष पीटी ऊषा उनके साथ सिर्फ फोटो खिंचवाने के लिए पहुंची थीं. उनके इस दावे को अब भारत के पूर्व सॉलिसिटर जनरल हरिश साल्वे ने गलत बताया है.

कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स में विनेश का केस लड़ने वाले साल्वे ने हाल ही एक इंटरव्यू में दावा किया है कि इस मामले में भारत सरकार का किसी तरह का रोल नहीं था. क्योंकि ढ्ढह्र को सरकार से स्वतंत्र रहकर काम करना होता है. सरकार के दखल देते ही एसोसिएशन को बाहर कर दिया जाता है. पेरिस में फाइनल मुकाबले से डिस्क्वालिफाई होने के बाद विनेश फोगाट के मामले आईओए ने सीएएस में चैलेंज किया था. सीएएस ने इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी के फैसले को सही ठहराते हुए विनेश के खिलाफ फैसला दिया था.

अब हरीश साल्वे ने दावा किया है कि आईओए इस फैसले को स्विस कोर्ट में चैलेंज करना चाहता था. लेकिन खुद विनेश ने इससे इनकार कर दिया. साल्वे के इस दावे के बाद सनसनी मच गई है. विनेश पर झूठ बोलने का आरोप लग रहा है.

विनेश ने पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 50 किलोग्राम कैटेगरी में पहले ही राउंड में जापान की वर्ल्ड नंबर-1 युई सुसाकी को हराकर तहलका मचा दिया था.

इसके बाद उन्होंने अपना क्वार्टर फाइनल मैच भी आसानी से जीता और क्यूबा की गुजमैन लोपेज को सेमीफाइनल में हराकर फाइनल में जगह बनाई थी.



दलीप ट्रॉफी 2024:

### प्रथम सिंह के बाद तिलक वर्मा ने भी खेली शतकीय पारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दलीप ट्रॉफी 2024 के दूसरे चरण के मुकाबले में मयंक अग्रवाल की कप्तानी में इंडिया ए का सामना इंडिया डी के साथ हो रहा है जिसकी कप्तानी श्रेयस अय्यर कर रहे हैं।

इस मैच की दूसरी पारी में इंडिया ए के लिए ओपनिंग करते हुए पहले प्रथम सिंह ने शतक लगाया और फिर इसके बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए तिलक वर्मा ने भी अपनी टीम के लिए शतकीय पारी खेली। कप्तान मयंक अग्रवाल ने भी दूसरी पारी में अर्धशतक लगाया।

इस मैच की पहली पारी में इंडिया ए ने बल्लेबाजी करते हुए शम्स मुलानी के 89 रन और तनुष कोटियान के 53 रन की पारी के दम पर 290 रन बनाए। इसके जवाब में इंडिया डी ने पहली पारी में 193 रन बनाए। पहली पारी में इंडिया डी के लिए देवदत्त पडीक्कल ने सर्वाधिक 92 रन की पारी खेली, लेकिन पहली पारी में इंडिया ए को 97 रन की बढ़त मिली।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफीः

## स्टार्क ने कोहली के लिए जारी की चेतावनी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आस्ट्रेलिया के स्टार तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने विराट कोहली के साथ अपनी प्रतिद्वंद्विता के बारे में खुल कर कहा है कि वह इस भारतीय बल्लेबाज के खिलाफ मुकाबले का पूरा लुत्फ उठाते हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में यह दोनों क्रिकेटर एक बार फिर आमने-सामने होंगे।

स्टार्क ने कहा कि मैं विराट कोहली के साथ अपनी जंग का पूरा लुत्फ उठाता हूं। ऐसा इसलिए है क्योंकि हमने एक-दूसरे के खिलाफ काफी क्रिकेट खेली है। उन्होंने कहा कि हम दोनों के बीच कुछ अच्छे मुकाबले हुए हैं। मैं उसे एक या दो बार आउट करने में सफल रहा और इसमें कोई संदेह नहीं कि उसने मेरे खिलाफ काफी रन बनाए हैं। इसलिए यह हमेशा अच्छा मुकाबला होता है जिसका हम दोनों पूरा आनंद लेते हैं।

मिचेल स्टार्क ने टेस्ट क्रिकेट में विराट कोहली को केवल चार बार आउट किया है। जबकि भारत की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज का तेज गेंदबाज के खिलाफ औसत 59 है, स्ट्राइक रेट 59.9 है। भारत ने अब ऑस्ट्रेलिया से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है।

यह श्रृंखला नवंबर, दिसंबर और जनवरी में खेली जाएगी और यह आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र का भी हिस्सा होगी। इसमें कोई शक नहीं कि विराट कोहली और स्टार्क के बीच की लड़ाई सीरीज का अहम फैक्टर होगी। बाएं हाथ का तेज गेंदबाज घरेलू परिस्थितियों में एक बेहतरीन खिलाड़ी है, जबकि दूसरी ओर कोहली भी ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों में टिके नहीं हैं क्योंकि उन्होंने वहां शानदार क्रिकेट खेली है। बता दें कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 22 नवंबर को पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में शुरू होगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरा मैच दिन-रात का होगा जो 6 दिसंबर से एडिलेड में खेला जाएगा। तीसरा टेस्ट 14 दिसंबर से ब्रिस्बेन के गाबा में होगा और उसके बाद 26 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में बॉक्सिंग-डे टेस्ट होगा। आखिरी मैच 3 जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा।

केसीएलः

## विष्णु विनोद ने 32 गेंद में ठोका शतक



**नईदिल्ली, एजेंसी।** विष्णु विनोद ने केसीएल में शानदार शतक लगाकर त्रिशूर टाइटंस को 8 विकेट से जीत हासिल करवा दी। मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज ने सिर्फ 45 गेंदों पर 139 रन बनाए। इस दौरान उनकी स्ट्राइक रेट 300 से भी ऊपर की रही। उन्होंने 31 गेंदों पर शतक लगाया और इसी दौरान 32 गेंदों में शतक पूरा किया।

बीते दिनों दिल्ली प्रीमियर लीग के दौरान आयुष बदोनी ने भी तेजतर्रार बल्लेबाजी से सबको हैरान कर दिया था। आयुष ने 55 गेंदों पर 19 छक्कों की मदद से 165 रन बनाए जिससे टीम स्कोर 308 तक पहुंच गया था। बहरहाल, रिपल्स ने त्रिशूर के सामने 182 का टारगेट रखा था। विष्णु ने शुरूआत से ही आक्रमक खेल दिखाया और विकेट के चारों ओर बड़े शॉट लगाए। यह विष्णु ही थे कि त्रिशूर टीम ने 13 ओवर के अंदर ही टारगेट हासिल कर लिया।

विष्णु के सलामी जोड़ीदार अहमद इमरान ने 18 गेंदों में 24 रन बनाए। वहीं, रिपल्स के कप्तान मोहम्मद अज़हरुद्दीन ने 58 गेंदों में 90 रन बनाकर अपनी टीम को 181 तक पहुंचाया था। केसीएल के आठवें मैच में जीत हासिल कर त्रिशूर टाइटंस अंक तालिका में आगे आ गई है। दोनों पक्ष 6 अंकों के स्तर पर हैं लेकिन टाइटंस बेहतर रन रेट के साथ अच्छी स्थिति में हैं। नाविक 14 अंकों के साथ छह टीमों की तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है।

## पाकिस्तान क्रिकेट फिर शर्मसार!

● शोएब मलिक पर फिक्सिंग के गंभीर आरोप ● 19 साल पुराना है मामला




**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट एक बार फिर शर्मसार हो गया है क्योंकि दिग्गज खिलाड़ी बासित अली ने शोएब मलिक पर मैच फिक्सिंग के गंभीर आरोप लगाए हैं. सालों पहले मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद आमिर और सलमान बट पर लगे फिक्सिंग के आरोपों की याद अब एक बार फिर ताजा हो गई है. दरअसल बासित अली ने अपने यूट्यूब चैनल पर शोएब पर आरोप लगाए हैं कि उन्होंने जानबूझकर अपनी टीम को हराया था.

दरअसल बासित अली ने साल 2005 में हुई नेशनल टी20 कप के मुद्दे को एक बार फिर उछाल दिया है. पाकिस्तान के दिग्गज खिलाड़ी ने उस टूर्नामेंट में हुए सियालकोट स्टालियंस बनाम कराची जेब्राज मैच को याद किया, जिसमें स्टालियंस को आखिरी 4 ओवर में महज 25 रन बनाने थे.

स्टालियंस के कप्तान शोएब मलिक अर्धशतक लगाकर क्रीज पर डटे हुए थे और उनकी टीम जीत की दहलीज पर खड़ी थी. मलिक 53 गेंद में 88 रन बनाकर नाबाद लौटे थे, फिर भी उनकी टीम 4 रन से मैच हार गई थी. इस कारण स्टालियंस और मलिक की पारी पर सवाल खड़े होने लगे थे. हालांकि शोएब मलिक ने मैच के बाद हुए एक इंटरव्यू में अपनी पारी का बचाव करने का प्रयास किया, लेकिन लोगों के लिए उनकी बातों पर भरोसा करना बहुत मुश्किल काम प्रतीत हो रहा था. मलिक पर बाद में जुर्माना भी ठोका गया.

ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड टी-20

## सलामी बल्लेबाज का अनोखा कारनामा

### गेंद से रचा इतिहास, टी-20 में ऐसा करने वाला बना पहला खिलाड़ी



**कार्डिफ, एजेंसी।** पहले टी-20 में जीत दर्ज करने के बाद ऑस्ट्रेलिया दूसरे टी-20 में अपने शानदार प्रदर्शन को बरकरार नहीं रख सकी। कार्डिफ में खेले गए इस रोमांचक मुकाबलें में ऑस्ट्रेलिया को मेजबान इंग्लैंड ने 3 विकेट से शिकस्त दी।

पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने जेक फ्रेजर-मैकगर्क के अर्धशतक और जोश इंग्लिश के 42 रनों की पारी की बदौलत 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 193 रनों का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में इंग्लैंड ने लियाम लिविंगस्टोन की तूफानी पारी की मदद से 19 ओवर में 7 विकेट खोकर 194 रनों का टारगेट हासिल कर लिया।

लियाम ने 47 गेंदों पर 5 छक्के और 6 चौकों की मदद से 87 रनों की पारी खेली। इस तरह इंग्लैंड की टीम सीरीज में दमदार वापसी करने में सफल रही।

इस मैच में ऑस्ट्रेलिया भले ही हार गई लेकिन उससे सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट ने गेंदबाजी में नया कीर्तिमान रच दिया। दरअसल, मैथ्यू शॉर्ट ऑस्ट्रेलिया की ओर से गेंदबाजी करने आए और उन्होंने 22 रन देकर इंग्लैंड की आधी टीम को पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। इसके साथ ही इस ओपनर ने बतौर गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट इतिहास में पहली बार बड़ा कमाल कर दिया।

#### मैथ्यू शॉर्ट का अनोखा कारनामा

शॉर्ट ऑस्ट्रेलिया की ओर से 7वें गेंदबाज के रुप में बॉलिंग करने आए और महज 22 रन देकर 5 विकेट अपने नाम कर लिए। शॉर्ट ने इंग्लैंड के ओपनर फिलिप सॉल्ट, लियाम लिविंगस्टोन, जैकब बैथल, सैम करन और ब्रायडन कार्से को अपना शिकार बनाया और इस तरह वह मेन्स क्रिकेट के इतिहास में 7वें गेंदबाज के तौर पर 5 विकेट लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर बन गए।

ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 में 7 गेंदबाजों का इस्तेमाल किया, जिसमें शॉर्ट आखिरी गेंदबाज के रुप में गेंदबाजी करने आए और इंग्लैंड की आधी टीम को अकेले आउट करने का बड़ा कारनामा कर दिखाया।

यही नहीं, मैथ्यू शॉर्ट मेन्स टी-20 इंटरनेशनल मैचों में 5 विकेट लेने वाले फुल मेंबर नेशन के पहले सलामी बल्लेबाज बन गए हैं। दिलचस्प बात ये रही कि शॉर्ट ने सिर्फ 3 ओवर गेंदबाजी की और सिर्फ 22 रन देकर 5 बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper


## न्यूज बाइट्स

### हिंदी दिवस कार्यक्रम के समापन पर पं गंगाधर शास्त्री किए गए याद

**औरंगाबाद (का.सं.)।** जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में 14 सितंबर हिंदी दिवस पाक्षिक कार्यक्रम के समापन पर हिंदी भाषा के वैश्विक स्वरूप पर चर्चा की गई एवं औरंगाबाद जिले के नवीनगर प्रखंड के करहरी गांव के महान साहित्यकार एवं राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित पंडित गंगाधर शास्त्री को याद किया गया।जिला हिंदी साहित्य के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह,उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा,महामंत्री धनंजय जयपुरी के आह्वान पर आज के कार्यक्रम पर संवाद करते हुए सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि वर्तमान परिदृश्य में हिंदी भाषा का स्वरूप वैश्विक हो गया है। आज पूरे विश्व के सभी देशों में हिंदी भाषा ने अपनी अलग पहचान बनाई है।

### सूर्य मंदिर निर्माण को लेकर बैठक संपन्न, नई कमिटी गठित

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** हसपुरा छठी अहरा घाट पर अर्द्धनिर्मित सूर्य मंदिर निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने छठी अहरा घाट पर ही एक बैठक आयोजित किया। सूर्य मंदिर निर्माण के पुरानी कमिटी को भंग कर सर्वसम्मति से समाजसेवी दीपक कुमार उर्फ गुंजन पटेल को अध्यक्ष,उपाध्यक्ष रवि कुमार उर्फ लालू,सचिव विनोद कुमार,कोषाध्यक्ष भीम कुमार, उपसचिव बंटी कुमार और उपकोषाध्यक्ष आशीष कुमार को बनाया गया। पंचायत समिति सदस्य डॉ.ब्रह्मदेव प्रसाद, उमाशंकर प्रसाद,महेंद्र सिंह, उपेंद्र सिंह,रामचंद्र प्रसाद,राजेश कुमार,कुंदन कुमार,मृत्युंजय कुमार को वरिष्ठ सदस्य बनायें गयें । वहीं दिलीप कुमार,राजेश चौधरी,सुमंत मेहता,महेश सिंह, संतोष पटेल,उमेश कुमार,चंदन कुमार,विवेक कुमार को सदस्य बनायें गयें हैं ।

### विधानसभा चुनाव में वैश्यों की अधिक भागीदारी पर परिचर्चा संपन्न

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** विधानसभा चुनाव में औरंगाबाद जिला के सभी विधानसभा क्षेत्र से वैश्य समाज की उम्मीदवारी को लेकर शनिवार को हसपुरा बाजार के ज्ञान कुंज परिसर में परिचर्चा की गई। संचालन करते हुये वैश्य चेतना समिति के जिला संयोजक विजय कुमार अकेला ने आगत अतिथि प्रदेश अध्यक्ष ई.सुन्दर साहू,प्रेम नाथ साहू,प्रो. सुरेश प्रसाद साह को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर समिति के पुराने कार्यकर्त्ता अशोक साव एवं सक्रिय कार्यकर्त्ता श्रवण कुमार को भी सम्मानित किया गया।

### मार्क्सवादी नेता येचुरी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा संपन्न

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** हसपुरा हाई स्कूल मोड़ पर स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पुस्तकालय में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के राष्ट्रीय महासचिव सीताराम येचुरी के आकस्मिक निधन पर शनिवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जनवादी लेखक संघ के जिला सचिव व वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. अलखदेव प्रसाद अचल ने की। कार्यक्रम की शुरुआत येचुरी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात वयोवृद्ध कम्युनिस्ट नेता जगनारायण सिंह विकल ने येचुरी के जीवन पर प्रकाश डालते हुये कहा कि सीताराम येचुरी वामपंथी आंदोलन के धरोवर थें।

### श्रमदान स्वच्छता अभियान की शुरुआत

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** हसपुरा प्रखंड कार्यालय पर शनिवार को स्वच्छता हीं सेवा, स्वभाव व संस्कार स्वच्छता के अंतर्गत प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार चौधरी के नेतृत्व में श्रमदान जन जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। यह अभियान लगातार 2 अक्टूबर तक प्रखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में संचालित किया जाएगा। बीडीओ ने बताया कि हर पंचायत के मुखिया,पंचायत के सरकारी कर्मी,स्वच्छता पर्यवेक्षक के साथ शामिल रहेंगे। स्वच्छता हीं सेवा का थीम संस्कार स्वच्छता, स्वभाव स्वच्छता रखा गया है।उन्होंने कहा कि अपने आस पास के सफाई को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक दिन सभी को साफ- सफाई करना चाहिए। साफ-सफाई रखने से लोग अनेक प्रकार के बीमारियों से बचेगें।

भूमि मुआवजा शिविरों के आयोजन में तेजी, प्रचार प्रसार पर दिया जोर

# औरंगाबाद में विभिन्न जगहों पर आयोजित होगा विशेष शिविर

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

भारतमाला परियोजना के तहत वाराणसी-कोलकाता खंड के 4/6 लेन पथ निर्माण और विभिन्न रेलवे परियोजनाओं के लिए, अर्जित की जा रही भूमि के मुआवजा भुगतान प्रक्रिया को तेज करने के लिए कई विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों का उद्देश्य रैयतों (भूमि मालिकों) को मुआवजे की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाना है, ताकि उन्हें जल्द से जल्द उनका हक मिल सके। भारतमाला परियोजना के अंतर्गत 4/6 लेन पथ निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण तेजी से हो रहा है। इसको देखते हुए 19 सितंबर 2024 को औरंगाबाद के नवीनगर, कुटुम्बा और देव प्रखंडों के सभागारों में सुबह 10 बजे विशेष मुआवजा शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में



भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामलों पर तेजी से निपटारा किया जाएगा और रैयतों को उनका मुआवजा शीघ्र दिया जाएगा। दाउदनगर नगर बाईपास के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण के मुआवजा जल्द से जल्द देने के लिए 19 सितंबर 2024 को तरार और तरारी पंचायतों के पंचायत सरकार भवन में विशेष शिविर आयोजित होगा। इसका उद्देश्य रैयतों को उनकी जमीन के बदले उचित मुआवजा देना और परियोजना कार्य में तेजी लाना है। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के तहत औरंगाबाद और रफीगंज अंचल में रोड अंडर ब्रिज बनाने के लिए भूमि अधिग्रहण किया गया है। रैयतों को मुआवजा वितरण के लिए 19 सितंबर 2024 को औरंगाबाद के सिमरी, बखरी, देउरिया, बघोई कला और रफीगंज प्रखंड के केराप, कड़सरा, गोरडीहा, और चरकवां गांवों में विशेष शिविर आयोजित होंगे। रेलवे के सोन नगर बाईपास लाइन के निर्माण हेतु भूमि मुआवजा शिविर 17 सितंबर 2024 को बारुण प्रखंड कार्यालय के सभागार में सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में संबंधित राजस्व कर्मियों के साथ-साथ पंचायत और ग्राम कचहरी के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। रैयतों को उनके एलपीसी (लगान भुगतान प्रमाणपत्र) और वंशावली संबंधित दस्तावेज मौके पर ही दिए जाएंगे। इन शिविरों में राजस्व कर्मचारी जमाबंदी पंजी और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहेंगे, ताकि मुआवजे से जुड़े मामलों का त्वरित समाधान किया जा सके। साथ ही, रैयतों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें उनके आवेदन और अन्य प्रक्रियाएं आसानी से निपटाने का मौका मिलेगा।

# मूर्ति विसर्जन के दौरान असामाजिक तत्वों ने लगाया आपत्तिजनक नारा, सात लोग गिरफ्तार

- पूजा कमेटी के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया गया, और 30-40 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया।
- सदर अनुमंडल पदाधिकारी और पुलिस अधिकारियों ने पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को शांत करवाया।

एसवीवी सं. | रफीगंज (औरंगाबाद)



शुक्रवार की शाम भगवान गणेश की मूर्ति विसर्जन के दौरान जुलूस में असामाजिक तत्वों ने आपत्तिजनक नारे लगाए। इससे दो समुदाय के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। शनिवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। एक पिकअप वैन सहित डीजे को जब्त किया गया है। मामला रफीगंज थाना क्षेत्र का है। घटना को लेकर शनिवार की दोपहर दुकानदारों ने रफीगंज में अपने प्रतिष्ठान को बंद कर दिया। महाराजगंज मोड़ स्थित नसरुद्दीन मोड़ के समीप लोगों ने सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया है। साथ ही असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी की मांग की।

मामले की सूचना पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह और सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वितीय अमित कुमार पहुंचे। इन्होंने प्रदर्शनकारियों को समझा बुझाकर शांत करवाया। सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह ने कहा कि मूर्ति विसर्जन के दौरान एक समुदाय के प्रति कुछ असामाजिक तत्वों ने आपत्ति जनक नारे लगाए। मामले की जांच-पड़ताल कर 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों समुदाय से शांति-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वितीय अमित कुमार ने बताया कि घटना को लेकर पूजा कमेटी के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में 30 से 40 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। दोनों समुदाय के लोगों से शांति की अपील की गई। यदि किसी को कोई समस्या हो, तो वह प्रशासन से संपर्क कर अपनी समस्या बता सकता है। संभव समाधान का प्रयास किया जायेगा। इस मौके पर रफीगंज अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह, थानाध्यक्ष गुफरान अली सहित अन्य सशस्त्र बल मौजूद रहे। शनिवार की संध्या दोनों समुदाय के लोगों के साथ मिलकर फ्लैग मार्च निकाला गया है। फ्लैग मार्च ने थाना परिसर से निकल कर पूरे शहर में दौरा किया है।

# आकांक्षी जिला कार्यक्रम के प्रखंड संकेतकों की संहप्तता की संयुक्त सचिव ने की समीक्षा

- जिला कृषि पदाधिकारी को मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी करने के लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया गया।

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के संयुक्त सचिव सह केन्द्रीय प्रभारी पदाधिकारी, आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) औरंगाबाद विनय कुमार की अध्यक्षता में आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अन्तर्गत जिले एवं संबंधित प्रखंड के संकेतकों में संतृप्तता प्राप्त करने से संबंधित प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में मदनपुर एवं देव प्रखंड अन्तर्गत स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित संकेतकों में अपेक्षाकृत कम उपलब्धि पर चिन्ता व्यक्त करते हुए उस संकेतक में सुधार करने के लिए विशेष कार्य योजना बनाकर माह सितम्बर तक संतृप्तता प्राप्त करने हेतु निदेश दिया गया। इसके साथ ही नीति आयोग द्वारा निर्धारित कार्य योजना को शत प्रतिशत कार्यान्वित कराने हेतु निदेशित किया गया। राष्ट्रीय पोषण जागरूकता एवं टीकाकरण हेतु विशेष अभियान के माध्यम से संतृप्तता प्राप्त करने हेतु निर्देश दिया गया। जिला कृषि पदाधिकारी को मृदा स्वास्थ्य कार्ड निर्गत करने के लक्ष्य को प्राप्त करने का निर्देश दिया गया तथा जिन विभाग से संबंधित संकेतको में परिपूर्णता प्राप्त नहीं की जा सकी है उनमें विशेष कार्य योजना बनाकर संतृप्तता प्राप्त करने हेतु निदेश दिया गया तथा जिन सकेतकों में संतृप्तता प्राप्त हो चुकी है, उसे यथावत रखने हेतु निदेश दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, सिविल सर्जन, उप विकास आयुक्त, जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, रत्ना प्रियदर्शिनी, वरीय उप समाहर्त्ता, निदेशक, डीआरडीए, सहायक योजना पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस), सहायक निदेशक, रसायन, मिट्टी जांच प्रयोगशाला, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद एवं दाउदनगर, प्रखंड विकास पदाधिकारी, मदनपुर, नवीनगर, डीपीएम, हेल्थ, डीपीएम, जीविका आदि मौजूद रहे।

# महाआरती में शामिल हुए जनप्रतिनिधि व अधिकारी, गणपति बप्पा का लिया आशीर्वाद



निज संवाददाता | हसपुरा(औरंगाबाद)

हसपुरा के रामजानकी धर्मशाला के प्रांगण में श्री भास्कर नगर सेवा समिति द्वारा आयोजित गणपति उत्सव का सातवा दिन संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि बिहार व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह भाजपा नेता राजू गुप्ता, लोजपा नेता विजय कुमार अकेला, हसपुरा प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह, उप प्रमुख सत्येंद्र चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि राकेश सिंह, एसआई पवन कुमार, चंद्रशेखर कुमार, खुशबू कुमारी, रुबी कुमारी शामिल होकर संयुक्त रूप से महा आरती किए एवं गणपति का आशीर्वाद लिया। कमिटी द्वारा सभी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष राजू गुप्ता ने कहा कि हसपुरा जैसे छोटा बाजार में यहां के युवाओं द्वारा इस तरह का भव्य आयोजन कराना काबिले तारीफ है। गणपति बप्पा विघ्नहर्ता हैं। अकेला ने कहा की प्रतिदिन शाम को मैं यहां आरती में शामिल होता हूं। यहां भक्तिमय माहौल देखकर आनंदित होता हूं। एसआई पवन कुमार ने कहा कि मुझे हमेशा धार्मिक कार्य में रुचि रही है।

# वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रजबिहारी शर्मा का निधन, विधिक संघ ने जताया शोक

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

शनिवार को जिला विधिक संघ औरंगाबाद के वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रजबिहारी शर्मा का उनके क्लब रोड स्थित आवास पर निधन हो गया। उनके निधन से विधिक समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई है। जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय, महासचिव जगनरायण सिंह, संयुक्त सचिव सियाराम पांडे, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने उनके आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

संघ के सदस्य अधिवक्ता अनुप कुमार सिंह, शोभा कुमारी, अवध किशोर पांडे, देवन शर्मा, रामकिशोर सिंह, रामेश्वर सिंह, संतोष कुमार पाण्डेय, अनील शेखर, देवानंद शर्मा, सतीश कुमार स्नेही, अरबिंद कुमार, विनोद कुमार गौतम, संदीप कुमार, नीरज कुमार सिंह, रामानुज शर्मा, और रोशन कुमार ने भी उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि ब्रजबिहारी शर्मा ने 1975 से विधि व्यवसाय में अपना जीवन समर्पित किया था। उनके योगदान और सेवा को हमेशा याद किया जाएगा। उनके पुत्र अधिवक्ता अनुप कुमार सिंह और पुत्री शोभा कुमारी भी विधिक क्षेत्र में कार्यरत हैं। शोभा कुमारी एपीपी के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनके दामाद सेवानिवृत्त प्रधान न्यायाधीश रामकिशोर सिंह थे।

अधिवक्ता अनुप कुमार सिंह ने बताया कि ब्रजबिहारी शर्मा का अंतिम संस्कार बनारस में किया जाएगा। उनके निधन से विधिक समुदाय में एक शून्य उत्पन्न हो गया है, जिसे भर पाना मुश्किल है।

# अंतर महाविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता का भव्य आयोजन, महिला पहलवानों का शानदार प्रदर्शन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

शनिवार को सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय में मगध विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय पुरुष एवं महिला कुश्ती प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन ऑडिटोरियम हॉल में किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप मे प्रथम सत्र में अभेन्द्र मोहन कुमार डीडीसी औरंगाबाद शामिल हुए। जबकि प्राइज वितरण के समय मुख्य अतिथि के रूप में दयाशंकर सिंह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी शिक्षा विभाग औरंगाबाद शामिल हुए। प्रतियोगिता में सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय औरंगाबाद, एसएन सिन्हा महाविद्यालय जहानाबाद, गया कॉलेज गया, एसएन सिन्हा महाविद्यालय टेकरी की पुरुष एवं महिला पहलवानों ने भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर एवं महाविद्यालय कूल गीत एवं विश्वविद्यालय कुलगीत के साथ हुई। उसके बाद बजरंगबली की पूजा की गई इसके साथ ही फीता काटकर प्रतियोगिता की शुरुआत की गई।





कुश्ती प्रतियोगिता भिन्न-भिन्न किलोग्राम में विभाजित था। 57 एवं 61 किलोग्राम में सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय औरंगाबाद के गौरव राज एवं नंदन कुमार, 65 किलोग्राम में गया कॉलेज गया के दिग्गज कुमार, 70 किलोग्राम में एसएन सिन्हा महाविद्यालय जहानाबाद के अनिल कुमार, 79 एवं 85 किलोग्राम में गया कॉलेज गया के अंकित कुमार शर्मा एवं धीरज कुमार, 92 किलोग्राम में एसएन सिन्हा महाविद्यालय जहानाबाद के पवन कुमार एवं 125 किलोग्राम में गया कॉलेज गया के राहुल कुमार विजई हुए। वहीं महिला पहलवानों में 53, 57, 59, 62, 68 किलोग्राम में सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय के क्रमशः पायल कुमारी, धनवंती कुमारी,यशिका, प्रियंका कुमारी एवं रिचा कुमारी विजय रही। सभी विजयी पहलवानों को मेडल देकर सम्मानित किया गया 1 इस पूरे मैच में प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार मिश्रा एवं सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र छात्राओं ने मैच का लुफ्त उठाया। मैच में निर्णायक मंडली के रूप में डॉक्टर मुन्ना कुमार सिंह, डॉक्टर रितेश कुमार सिंह, राजेंद्र कुमार वर्मा, दीपक कुमार सिंह, संजीत कुमार, शेरपाल, मनीष कुमार ने भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में डॉक्टर योगेन्द्र कुमार सिंह (पीटीआई) की अहम भूमिका रही।

# नहर से मिली युवक की लाश, हत्या का आरोप

**कुटुंबा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** औरंगाबाद में शनिवार की शाम सुरंगनुमा पुल से एक युवक की लाश बरामद हुई है। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिला के मेजा तहसील अंतर्गत प्राणीपुर गांव निवासी अभिषेक पांडेय (32) के रूप में की गई है। मामला कुटुंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत ढ़ीबर गांव के समीप उत्तर कोयल नहर के समीप का है। मृतक के चाचा जयशंकर पांडेय ने बताया कि उनका भतीजा चोलामंडलम फाइनेंस कंपनी के मोहनिया ब्रांच में प्रबंधक के पद पर कार्यरत था। उन्होंने आरोप लगाया है कि उनके भतीजे का अपहरण कर बीते छह सितंबर को पैसेंजर या इंटरसिटी ट्रेन मोहनिया से नबीनगर स्टेशन लाया गया और उसकी हत्या कर शव नहर में फेंक दिया गया। मृतक के चाचा ने बताया कि नबीनगर स्टेशन पर लगे कैमरे में देखा गया कि अभिषेक किसी महिला के साथ स्टेशन पर रुका हुआ है। उसके आसपास तीन-चार लोग घूम रहे हैं।

# भूमि विवादों के निराकरण हेतु पुलिस द्वारा विशेष जनता दरबार का आयोजन

- जनता दरबार में भूमि से जुड़े विवादों को प्राथमिकता दी गई, जिनमें परिवारों और पड़ोसियों के बीच के मामले शामिल थे।

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

शनिवार को पुलिस अधीक्षक महोदय औरंगाबाद के निर्देशन में जिले के विभिन्न थानों में पुलिस पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से भूमि विवादों के निराकरण हेतु विशेष जनता दरबार का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रशासन की ओर से जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से किया गया, जिसमें भूमि से संबंधित विवादों पर विशेष ध्यान दिया गया।

इस जनता दरबार में जिले के कई ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से लोग पहुंचे, जिनकी समस्याओं को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने गंभीरता से सुना। भूमि विवाद जिले में एक प्रमुख समस्या बनी हुई है, जहां परिवारों के बीच जमीन की बंटवारे से जुड़े मामलों से लेकर पड़ोसी विवादों तक की शिकायतें आती हैं। ऐसे विवादों के चलते कई बार आपसी झगड़े और हिंसक घटनाएं भी सामने आती हैं। इस विशेष जनता दरबार में पुलिस और प्रशासन ने मिलकर एक मंच पर लोगों की समस्याओं को सुना और त्वरित समाधान की प्रक्रिया को शुरू किया। भूमि विवाद के मामलों को सुलझाने के लिए अधिकारियों ने दोनों पक्षों को बुलाकर आपसी सहमति से निर्णय लेने का प्रयास किया। इसके अलावा, कई मामलों में कानूनी सलाह भी दी गई, ताकि लोग अपने अधिकारों और नियमों को बेहतर ढंग से समझ सकें।

पुलिस अधीक्षक ने इस अवसर पर कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि भूमि विवादों को समय पर सुलझाकर जनता को राहत प्रदान की जाए, ताकि सामाजिक सौहार्द बना रहे और किसी भी प्रकार की हिंसक घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में भी ऐसे जनता दरबार का आयोजन नियमित रूप से किया जाएगा, ताकि जिले में शांति और व्यवस्था बनी रहे।

जनता दरबार में भूमि विवाद के अलावा अन्य समस्याएं, जैसे संपत्ति से जुड़े विवाद, सरकारी योजनाओं का लाभ न मिलना, तथा अन्य कानूनी मुद्दों पर भी चर्चा हुई। प्रशासन ने जनता से अपील की कि वे अपने विवादों को कानून के दायरे में रहकर हल करें और किसी भी प्रकार की हिंसा या गैरकानूनी गतिविधियों से बचें। इस जनता दरबार के सफल आयोजन से लोगों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है और वे उम्मीद कर रहे हैं कि उनकी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द होगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन : 1197 मामलों का निस्तारण, 6 करोड़ 35 लाख से अधिक का समझौता

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद तथा अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय, दाउदनगर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार के अध्यक्ष राज कुमार, जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, प्रभारी पुलिस अधीक्षक संजय कुमार पाण्डेय, सचिव सुकुल राम, जिला विधि संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।



## लोक अदालत की महत्ता पर प्रकाश

राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायिक, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ भारी संख्या में वादकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता सह उप प्रमुख विधिक सेवा परामर्श प्रणाली के श्री अभिनन्दन कुमार ने किया। उद्घाटन समारोह के दौरान सभी वक्ताओं ने लोक अदालत के महत्व पर चर्चा की। सचिव सुकुल राम ने अपने भाषण में लोक अदालत के द्वारा वादों के निपटारे के लाभ गिनाए और मीडिया की भूमिका की सराहना की, जिससे लोगों को इस अदालत के बारे में जानकारी मिलती है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से न सिर्फ वादकारी, बल्कि न्यायालय, जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को भी लाभ मिलता है।

## अधिवक्ताओं और अधिकारियों का योगदान

जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य असहमति को सहमति में बदलना है। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा लोगों से इस अवसर का लाभ उठाने का आह्वान किया। पुलिस अधीक्षक संजय कुमार पाण्डेय ने इसे 'जनता की अदालत' बताया और कहा कि लोक अदालत के माध्यम से विवादों का शांतिपूर्ण समाधान होता है। उन्होंने इस प्रक्रिया में पुलिस प्रशासन के सहयोग की भी बात कही।

जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि लोक अदालत का आयोजन न्यायालय द्वारा मनाए जाने वाले एक पर्व की तरह है, जहां भाईचारे की भावना पुनः स्थापित होती है। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी भी मामले में सुलह की आवश्यकता हो तो वह प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता प्रदान करेंगे।

## लोक अदालत के दौरान मामलों का निपटारा

इस राष्ट्रीय लोक अदालत में 1197 वादों का निपटारा किया गया, जिसमें कुल 6 करोड़ 35 लाख 31 हजार 300 रुपये का समझौता हुआ। मोटर दुर्घटना से जुड़े मामलों में 12 लाख 50 हजार रुपये का समझौता हुआ, जबकि 313 आपराधिक सुलहनीय मामलों का निपटारा हुआ। इसके अलावा, बैंक ऋण से जुड़े 572 मामलों में 6 करोड़ 17 लाख 91 हजार 300 रुपये का समझौता किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत की एक और विशेषता यह रही कि इसके साथ-साथ स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। इस शिविर में लोगों की शुगर, बीपी, हिमोग्लोबिन आदि की जांच की गई और आवश्यक दवाइयां वितरित की गईं। वादकारियों के साथ-साथ अन्य उपस्थित लोगों ने भी इस स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठाया।

राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के उप प्रमुख विधिक रक्षा परामर्श प्रणाली श्री अभिनन्दन कुमार, कर्मी श्री सुनील कुमार सिंह, परसुराम कुमार सिंह, संजय कुमार, तकनीकी विशेषज्ञ सुनील कुमार सिन्हा, अर्पणा सहाय और सहयोगी नवरतन कुमार, गीता कुमारी, कुंदन कुमार सहित सभी अर्धविधिक स्वयंसेवकों की भूमिका सराहनीय रही।

राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से न केवल पुराने विवादों का निपटारा हुआ, बल्कि समाज में शांति और सौहार्द की भावना को भी बढ़ावा मिला। यह आयोजन एक नई सुबह की शुरुआत के रूप में देखा गया, जहां लोग अपने पुराने विवादों को भूलकर एक शांतिपूर्ण समाज के निर्माण की ओर अग्रसर हुए।

# शांति व्यवस्था के लिए पुलिस ने किया शहर में फ्लैग मार्च

निज संवाददाता | रफीगंज(औरंगाबाद)

शहर में सामाजिक सौहार्द बनाये रखने के लिए औरंगाबाद सदर 2 सीडीपीओ अमित कुमार,अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, सर्किल इंस्पेक्टर मधु कुमारी, थानाध्यक्ष गुफरान अली, अंचल अधिकारी भारतेंदु सिंह, एसआई वर्षा कुमारी,गीताजली कुमारी पुलिस दलबल के साथ शहर में फ्लैग मार्च किया। रफीगंज थाना से फ्लैग मार्च निकाला गया जो मुख्य बाजार, संगत रोड, मुरली चौक, स्टेशन रोड, महाराजगंज रोड, मेन बाजार,बस स्टैंड होते हुए रफीगंज थाना में सम्पन्न हुआ। सीडीपीओ अमित कुमार ने लोगों से कहा है कि शहर में सामाजिक सौहार्द बनाए रखें। असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अफवाहों पर ध्यान ना दें यही नहीं सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।इस अवसर पर नुरूल होदा खान, नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधी दिलीप उर्फ कारू प्रसाद,माहिद खान, निरज यादव, सुनील वर्मा, कौशल चन्द्रवंशी, हरेंद्र राम,नेयाज असरफी, विकी यादव,रामजीवन दास,हसान सिद्दीकी, अजीत उर्फ बिछा जी, फहद शाही,अफरोज आलम, सुबोध सिंह, विवेक सिंह, शंभू खान, मंसूर आलम, टून टून खां, मो सोनू सहित अन्य लोग शामिल थे।

# अखिल भारतीय चंद्रवंशी चेतना परिषद के प्रखंड अध्यक्ष बने नागेंद्र सिंह चंद्रवंशी

**गोह(औरंगाबाद) (नि.सं.)।** शुक्रवार को गोह आईबी में अखिल भारतीय चंद्रवंशी चेतना परिषद के प्रखंड स्तरीय बैठक बुलाई गई,जिसमे मुख्य अतिथि चंद्रवंशी चेतना परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी के उपस्थिति में चेतना परिषद के सभी सदस्यों को उपस्थिति में गोह प्रखंड के चंद्रवंशी चेतना परिषद के अध्यक्ष बनाया गया 1 मौके पर जिला अध्यक्ष निरंजन चंद्रवंशी पूर्व प्रमुख मुन्ना चंद्रवंशी प्रदेश क्षेत्रीय प्रभारी इंदल सिंह चंद्रवंशी उत्तम चंद्रवंशी सचिन चंद्रवंशी धर्मेंद्र चंद्रवंशी अरविंद कुमार दीनानाथ चंद्रवंशी कृष्णा चंद्रवंशी संतोष चंद्रवंशी रमेश चंद्रवंशी प्रमोद कुमार अशोक कुमार उपस्थित थे।

# हिंदी दिवस पर काव्य पाठन प्रतियोगिता संपन्न

**रफीगंज(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** रफीगंज के कासमा में हिंदी दिवस के अवसर पर मां द्रौपदी देवी सर्वांगीण विकास बालिका हाई स्कूल में एक काव्य पाठन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। काजल कुमारी वर्ग 8 ने काव्य पाठन में प्रथम, सुहाना कुमारी कक्षा 7 ने द्वितीय तथा पिंटू कुमार कक्षा 5 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के निर्देशक सुचित मिश्रा ने बच्चों को पुरस्कृत किया तथा बच्चों में मातृ भाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भाषा अभिव्यक्ति का एक माध्यम है। इसलिए हर भाषा को सीखने में रुचि लेना चाहिए। हमें अपनी मातृभाषा से ज्यादा लगाव होता है, यह हमारी पहचान है। हमें गर्व से अपनी हिंदी भाषा में लेखनी करनी चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय में अभिलाषा मासिक दीवार पत्रिका का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के हिंदी शिक्षक संजय ठाकुर ने कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर की कविता पाठ करके की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापिका स्नेहलता, शिक्षक विनोद शर्मा, रूपम कुमारी, रिजवाना परवीन, गौशिया परवीन, नुशरत, साजिया, फरजाना तथा अभिभावक आदि उपस्थित रहे।